✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :92 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 28 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नये जज

# चार बड़ी रेल परियोजनाएं मंजूर

## कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, असम और गुजरात को 12,328 करोड़ की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए और "नया भारत" के विज़न को धरातल पर उतारते हुए, केंद्र सरकार ने रेलवे क्षेत्र में चार नई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 12,328 करोड़ है। ये परियोजनाएं देश के पांच राज्यों — गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम — में रेल नेटवर्क को व्यापक रूप से विस्तार देने जा रही हैं।



**पर्यटन और व्यापार को मिलेगा प्रोत्साहन**

गुजरात के सीमावर्ती और ऐतिहासिक महत्व वाले कच्छ क्षेत्र में देशलपार-हाजीपीर-लूना और वायोर-लखपत नई रेल लाइन को मंजूरी दी गई है।

यह परियोजना 145 रूट किलोमीटर और 164 ट्रैक किलोमीटर लंबे नेटवर्क का विस्तार करेगी, जिसकी लागत 2526 करोड़ तय की गई है। तीन वर्षों में पूर्ण होने वाली यह लाइन न केवल क्षेत्र को देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ेगी, बल्कि इससे कच्छ के लगभग 866 गांवों और 16 लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस रेल लाइन के जरिए अब रण कच्छ, धोलावीरा (विश्व धरोहर स्थल), कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लखपत किले जैसे प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों तक रेल सेवा पहुँचेगी, जिससे पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, इस रूट से नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट जैसे वाणिज्यिक वस्तुओं के परिवहन में भी मदद मिलेगी, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। सिकंदराबाद - वाडी तीसरी और चौथी लाइन (कर्नाटक-तेलंगाना) की इस 173 किमी लंबे रेल खंड के विस्तार पर 5012 करोड़ खर्च किए जाएंगे। परियोजना पांच वर्षों में पूरी होगी और इससे कलबुर्गी जैसे आकांक्षी जिले सहित 3108 गांवों और 47.34 लाख लोगों को लाभ पहुंचेगा।

**भागलपुर - जमालपुर तीसरी लाइन (बिहार)**

पूर्वी बिहार को मजबूत कनेक्टिविटी देने वाली यह 53 किमी लंबी लाइन तीन वर्षों में बनेगी। इसकी लागत 1156 करोड़ होगी और यह बिहार के भीतरी क्षेत्रों में यातायात की निर्बाधता सुनिश्चित करेगी। इन चारों परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क में 565 किलोमीटर की वृद्धि करेगा। इससे कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, फ्लाई ऐश, उर्वरक, कंटेनर, कृषि उत्पाद, इस्पात और पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई के लिए जरूरी मार्गों की क्षमता में भारी इजाफा होगा। 68 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त मालवाही क्षमता, रेलवे की लॉजिस्टिक दक्षता को नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता में योगदान देगी। इस योजना से जुड़े गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम के 13 जिले सीधे लाभान्वित होंगे, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने और समावेशी विकास को बल मिलेगा।

# भोजपुर में घूसखोर बीइओ रंगेहाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षक की सजग पहल से बड़ी कार्रवाई हुई है। शाहपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) गुलाम सरवर और सरकारी शिक्षक मोहम्मद कादिर हुसैन को मंगलवार को निगरानी विभाग की टीम ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। नाश्ते की दुकान पर हुई गिरफ्तारी निगरानी विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरा-बक्सर फोरलेन स्थित गजराजगंज के एक नाश्ते की दुकान पर जाल बिछाया। यहां दोनों आरोपी शिक्षक संतोष कुमार पाठक से रिश्वत की रकम ले रहे थे। मौके पर ही अधिकारियों ने कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बकाया वेतन के नाम पर मांगी गई रिश्वत जानकारी के मुताबिक, बंशीपुर प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित विशिष्ट शिक्षक संतोष कुमार पाठक का करीब 8 लाख 54 हजार रुपए का वेतन दो साल से बकाया था। इस भुगतान के बदले बीईओ गुलाम सरवर ने उनसे एक लाख रुपए की मांग की थी। मजबूर होकर शिक्षक ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से कर दी। पूरी प्लानिंग के तहत जाल शिकायत के बाद पटना से आई निगरानी टीम ने रणनीति बनाकर दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

## एक नजर

### करोड़ों की चरस जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** भारत-नेपाल सीमा पर नशे की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसबी 47वीं बटालियन और बलथर थाना पुलिस ने मंगलवार की रात संयुक्त अभियान में 62.666 किलोग्राम चरस बरामद की। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 6.26 करोड़ रुपये आंकी गई है। एसएसबी और पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से चरस की एक बड़ी खेप आने वाली है। इसी आधार पर टीम बॉर्डर पिलर संख्या 410/01 के पास सोनराटोला गांव में तैनात थी। रात करीब 10:30 बजे बाइक से पहुंचे दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पीले रंग की बोरी से 60 पैकेट चरस बरामद हुआ। मौके पर उपस्थित बीडीओ अजीत कुमार रौशन के समक्ष बरामद चरस का वजन किया गया, जो 62.666 किलोग्राम पाया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सोनू कुमार (23), पिता नथुनी चौधरी एवं रमेश चौधरी (33), पिता सोनार महतो दोनों निवासी करनमेया गांव, थाना मुफस्सिल बेतिया, के रूप में हुई है। इनके पास से एक बाइक और 16,500 रुपये नगद भी जब्त किया गया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि चरस नेपाल से लाकर बेतिया में डिलीवर किया जाना था और इसके बाद दिल्ली भेजने की योजना थी। कार्रवाई का नेतृत्व एसएसबी 47वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट अविनाश पटेल ने किया। इस अभियान में एसएसबी के कांस्टेबल अजवल अहमद, नीतेश कुमार यादव, डी. आदर्श भाई तथा बलथर थाना के एसआई राजीव रंजन कुमार, एएसआई प्रकाश कुमार विपुल सहित अन्य जवान शामिल रहे। सहायक कमांडेंट पटेल के प्रतिवेदन पर बलथर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बिहार के शिक्षक डॉ. प्रमोद कुमार को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार'

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के नानंद स्थित सैनिक स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक एवं जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार का चयन इस वर्ष के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। डॉ. प्रमोद कुमार लंबे समय से विद्यार्थियों को तनाव और मानसिक दबाव से उबारने में सहायक रहे हैं। वे शैक्षिक नवाचार, STEM शिक्षा को बढ़ावा देने, भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम से जोड़ने, छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और करियर परामर्श देने के लिए जाने जाते हैं। पुरस्कार चयन प्रक्रिया के बारे में डॉ. कुमार ने बताया कि यह तीन स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें शिक्षक के शैक्षणिक कार्य, सामुदायिक योगदान और नवाचार का मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने कहा, "यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणा है। मेरा लक्ष्य है कि छात्र 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना कर सकें और भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में योगदान दें।"

### विधायक पर हमला, दौड़कर बचाई जान

नालंदा। जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावां गांव में बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों को अपनी जान बचाने के लिए करीब एक किलोमीटर तक भागना पड़ा। इस दौरान मंत्री के सुरक्षाकर्मी सहित कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, शनिवार को पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में हुए सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत के बाद मंत्री और विधायक पीड़ित परिवारों से मिलने गांव पहुंचे थे। लेकिन घटना के पांच दिन बाद पहुंचे नेताओं पर आक्रोशित ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि हादसे के बाद प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण इतनी बड़ी जनहानि हुई। हमले में मंत्री श्रवण कुमार और विधायक कृष्ण मुरारी किसी तरह बच निकले, जबकि सुरक्षा बल के एक जवान के सिर पर चोट लगी और कई अन्य लोग भी घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मंत्री श्रवण कुमार ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "हम शोक संवेदना प्रकट करने गए थे, हमला क्यों हुआ यह वही जानते हैं। मेरी सुरक्षा में लगे एक पुलिसकर्मी गिरकर घायल हो गए थे। विरोध-समर्थन राजनीति का हिस्सा है, हम इसे झेलते रहते हैं।" घटना के बाद वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात की समीक्षा की।

### भूस्खलन से 36 श्रद्धालुओं की मौत

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को हुई बाढ़ और भूस्खलन की भीषण घटना ने त्रासदी का रूप ले लिया है। अब तक 36 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई श्रद्धालुओं के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसा अर्द्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ, जहां बचाव अभियान लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार, भूस्खलन मंदिर तक जाने वाले 12 किलोमीटर लंबे घुमावदार मार्ग के लगभग बीच में हुआ। हादसे के बाद तुरंत यात्रा रोक दी गई। हिमकोटि मार्ग पर सुबह से ही यात्रा स्थगित कर दी गई थी, जबकि पुराने मार्ग पर दोपहर 1:30 बजे तक तीर्थयात्रा जारी रही। बाद में लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन ने दोनों मार्ग बंद करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। इस बीच राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए भारतीय वायुसेना का सी-130 परिवहन विमान बुधवार को जम्मू पहुंचा। यह विमान गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस से राहत सामग्री लेकर रवाना हुआ था। साथ ही चिनूक और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों को जम्मू, उधमपुर, श्रीनगर और पठानकोट एयरबेस पर तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और अर्धसैनिक बल संयुक्त रूप से मलबे में दबे लोगों को निकालने और प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं।



# मगध प्रमंडल में 97 गोदामों का मंत्री डा. प्रेम कुमार ने किया शिलान्यास

## गोदामों के निर्माण से सहकारिता विभाग के पैक्सों में 88500 मे. टन भंडारण क्षमता में होगी वृद्धि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार के द्वारा के मगध प्रमंडल के 5 जिलों के राज्य योजना से वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्मित होने वाले कुल 97 गोदामों का शिलान्यास किया गया। इन गोदामों में 80 गोदाम 1000 मे. टन क्षमता एवं 17 गोदाम 500 मे. टन क्षमता के शामिल हैं। इन गोदामों का निर्माण से सहकारिता विभाग के पैक्सों में 88500 मे0टन भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी। सहकारिता मंत्री द्वारा शिलान्यास के साथ-साथ मगध प्रमंडल के सभी 5 जिलों के उपस्थित पैक्स, व्यापारमंडल एवं अन्य प्रकार के समितियों के उपस्थित अध्यक्षों को संबोधित भी किया गया। उनके द्वारा अपने संबोधन में सभी अध्यक्षों को कहा गया कि सरकार के पास पैक्सों, व्यापार मंडलों में गोदाम निर्माण हेतु राशि की कमी नहीं है, आप प्रस्ताव उपलब्ध करायें, सरकार उस पर विचार करते हुये आपको गोदाम निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करायेगी। मंत्री द्वारा पैक्स अध्यक्षों को यह भी कहा गया है कि राज्य के अंतर्गत राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर अच्छे कार्य करने वाले को मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कृत करने की योजना लागू की गई है जिसके लिए 05 सितम्बर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। मंत्री द्वारा बताया गया कि बिहार में सहकारिता विभाग सभी तरह की सहकारी समितियों के उत्थान के लिए प्रयासरत है एवं इस संबंध में कई प्रकार की योजनाओं भी चला रहा है जैसे- मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, अधिप्राप्ति, पैक्सों में गोदाम निर्माण, प्राथमिक सब्जी सहकारी समितियों में आधारभूत संरचना निर्माण आदि। कार्यक्रम में उपस्थित कई पैक्स अध्यक्षों द्वारा सीएमआर जमा करने की तिथि बढ़ाने एवं आपूर्ति किये गये सीएमआर के बकाया मूल्य का भुगतान कराने की मांग की गई जिसके संबंध में मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डा0 प्रेम कुमार के अतिरिक्त विनय कुमार, विधायक, गुरूआ अमित कुमार दांगी, सदस्य, अतिपिछड़ा वर्ग आयोग विद्या भूषण मिश्र संयुक्त निबंधक, मगध प्रमंडल, गया, मगध मार्केटिंग यूनियन के अध्यक्ष बसंत जी परमार, मउ पैक्स के अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, नगर प्रखंड के मदनबिगहा पैक्स के अध्यक्ष अशोक चन्द्र कश्यप सहित कई अन्य सहकारिता के गणमान्य लोगों द्वारा भी सबोधन किया गया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में विधि-विधान से मना गणेश चतुर्थी उत्सव





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के पटना स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर में कर्मचारी कल्याण समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं विधि-विधान से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), विजय गोयल एवं सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा, संगीता गोयल ने विधिपूर्वक विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की। पूरे आयोजन में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही एवं वातावरण भक्ति-भाव, उमंग और पारिवारिक सौहार्द से सराबोर हो उठा। भक्तिमय धुनों और मंगलाचरण के बीच सभी ने मिलकर एनटीपीसी की प्रगति, परिवारों के सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं), मैथ्यू ई. कोवूर, महाप्रबंधक (मा.सं.), अनिल कुमार चावला, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार), विश्वनाथ चंदन सहित कर्मचारी कल्याण समिति के सदस्यगण, सुजाता लेडिज क्लब की अन्य वरीय सदस्यायें व सभी वरिष्ठ कर्मचारीगण सपरिवार उपस्थित रहे।

# बिहार को मिल सकती है बड़ी सौगात : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से नितिन नवीन ने की मुलाकात

## 1,100 करोड़ की सीआरआइएफ परियोजनाओं को लेकर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार में सड़क संपर्क को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने सीआरआईएफ के अंतर्गत 15 प्रमुख सड़क परियोजनाओं के लिए लगभग 1,100 करोड़ की स्वीकृति का अनुरोध किया। इन 15 परियोजनाओं के माध्यम से 226 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। मंत्री नितिन नवीन ने केंद्रीय मंत्री को बिहार की सड़क अवस्थाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और विकास की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने प्रस्तुत परियोजनाओं पर सकारात्मक विचार व्यक्त करते हुए शीघ्र स्वीकृति का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास में सड़क संपर्क एक अहम भूमिका निभाता है और केंद्र सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग देगी। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इन परियोजनाओं के लागू होने से बिहार में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, संपर्कता बेहतर होगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवाजाही सरल होगी। इसके साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा और विकास की रफ्तार तेज होगी।

# जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने दीपक कुमार अभिषेक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने विधि प्रकोष्ठ को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अधिवक्ता दीपक कुमार अभिषेक को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। यह नियुक्ति जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद की अनुशंसा पर विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार द्वारा की गई। नियुक्ति मिलने पर दीपक कुमार अभिषेक ने संगठन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगे। उनका कहना है कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि दीपक कुमार अभिषेक एक समर्पित और ईमानदार कार्यकर्ता हैं। संगठन को उनसे गहरी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदर्शों और पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देंगे।

# बिहार को वैश्विक औद्योगिक शक्ति बनाएगा प्रोत्साहन पैकेज : नीतीश मिश्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा लागू बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बीआईआईपीपी)- 2025 राज्य को औद्योगिक क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बुधवार को पटना स्थित होटल मौर्या में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि यह नीति बिहार को न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक औद्योगिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी। इससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और राज्य में उद्यमिता व नवाचार को गति मिलेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव ने बीआईआईपीपी के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत प्रस्तुति दी और बताया कि यह पैकेज निवेशकों के लिए बिहार को एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा। इस योजना के अंतर्गत 100 करोड़ से अधिक निवेश और 1000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार देने वाली इकाइयों को 10 एकड़ जबकि 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वालों को 25 एकड़ तक निःशुल्क भूमि दी जाएगी। फॉर्च्यून 500 वैश्विक/भारतीय कंपनियों को 200 करोड़ से अधिक निवेश पर आवश्यकता अनुसार भूमि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 40 करोड़ रुपये तक ब्याज अनुदान, 300% तक शुद्ध राज्य वस्तु एवं सेवा कर की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों तक, 30% पूंजीगत अनुदान तथा स्थानीय कर्मचारियों के ईएसआई व ईपीएफ अंशदान पर प्रतिपूर्ति का भी प्रावधान है – वस्त्र और चमड़ा इकाइयों के लिए यह लाभ 7 वर्षों तक और अन्य इकाइयों के लिए 5 वर्षों तक मिलेगा। इसके साथ ही हर वर्ष 40 लाख रुपये तक का निर्यात प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण पर 25% लागत प्रतिपूर्ति, कौशल विकास, अक्षय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प शुल्क व भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों को सहयोग, पेटेंट व गुणवत्ता प्रमाणन जैसे कई प्रावधान शामिल हैं। इस योजना के तहत निवेशकों को लाभ प्राप्त करने के लिए 31 मार्च 2026 तक आवेदन करना अनिवार्य होगा।

# औरंगाबाद के अंचल अमीन को मिली 4 वर्षों के कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के जूर्म में आज एक पूर्व अंचल अमीन को 4 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 20000 का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले मे सुनवाई के बाद औरंगाबाद जिले के दाउदनगर अंचल अमीन शिव शंकर राम को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक प्रभारी ट्रैप किशोर कुमार सिंह ने बताया कि 11 नवंबर 2014 को ब्यूरो के अधिकारियों ने दोषी अंचल अमीन को एक स्थानीय व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी का सही प्रतिवेदन देने के एवज में 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में 11 गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था।

# वोट चोरी यानी युवाओं के भविष्य की चोरी: बिहार में शिक्षा घोटालों पर कांग्रेस-राजद का हमला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर/पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था की गिरती हालत और भर्ती परीक्षाओं में हो रहे घोटालों को लेकर बुधवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (यूनाइटेड) सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि बिहार, जो कभी नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों के लिए विश्व प्रसिद्ध था, आज नकली डिग्री और प्रश्नपत्र माफिया का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा वोट की चोरी का मतलब है युवाओं के भविष्य की चोरी! रागिनी नायक ने बताया कि राज्य में शिक्षा से जुड़े तीन बड़े घोटाले सामने आ चुके हैं: फर्जी डिग्रियों की बिक्री, प्रश्नपत्र लीक और इन सबमें सत्ताधारी नेताओं और माफियाओं की सांठ-गांठ। उन्होंने बताया कि स्नातक से लेकर आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) और विधि स्नातक (एल.एल.बी.) तक की डिग्रियों की 'दर सूची' तय है – बी.ए. के लिए 70,000 से 1 लाख, बी.एड के लिए 1.5 से 2 लाख और बी.ए.एम.एस. के लिए 25 लाख तक की मांग की जा रही है। वहीं, नीट-यूजी जैसे प्रश्नपत्र लीक मामलों में प्रति परीक्षार्थी 30 से 40 लाख तक वसूले जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि 2017 से 2024 तक दस से अधिक परीक्षाएं – जैसे सिपाही भर्ती, बी.पी.एस.सी., अमीन परीक्षा, नीट, शिक्षक भर्ती – प्रश्नपत्र लीक के कारण रद्द या विवादित हुई हैं। रागिनी नायक ने आरोप लगाया कि भाजपा-जेडीयू की सरकार माफियाओं की संरक्षक बन चुकी है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। राजद की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका भारती ने कहा कि यह केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के भविष्य पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा ले रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता अभय दुबे और मीडिया विभाग के अध्यक्ष राजेश राठौर भी संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित थे। उच्च शिक्षा पर केंद्र सरकार की रिपोर्ट ''सर्वेक्षण रिपोर्ट - 2021-22'' का हवाला देते हुए बताया गया कि बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति दयनीय है – सकल नामांकन अनुपात केवल 17.1 प्रतिशत है और प्रति एक लाख जनसंख्या पर केवल 7 महाविद्यालय हैं जो पूरे देश में सबसे कम है। कांग्रेस और राजद ने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर इस गिरती शिक्षा व्यवस्था को संभाले और दोषियों पर सख्त कार्यवाही करे।

# सियालदह एवं आसनसोल से गोरखपुर,पटना के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में आसनसोल एवं सियालदह से पटना, हावड़ा से रक्सौल, सियालदह एवं आसनसोल से गोरखपुर के मध्य एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल पूजा स्पेशल - गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना पूजा स्पेशल 19.10.2025 से 09.11.2025 तक प्रत्येक रविवार को आसनसोल से 13.20 बजे प्रस्थान कर 13.42 बजे चित्तरंजन, 13.57 बजे जामताड़ा, 14.25 बजे मधुपुर, 14.47 बजे जसीडीह, 16.25 बजे झाझा, 17.09 बजे किऊल, 17.37 बजे मोकामा, 18.10 बजे बख्तियारपुर, 19.10 बजे पटना साहिब, 19.25 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 20.15 बजे पटना जं. पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03135/03136 सियालदह-पटना-सियालदह पूजा स्पेशल - गाड़ी सं. 03135 सियालदह-पटना पूजा स्पेशल 05.10.2025 से 16.11.2025 तक प्रत्येक रविवार को सियालदह से 00.30 बजे प्रस्थान कर 01.48 बजे नैहाटी, 04.00 बजे बर्द्धमान, 05.45 बजे दुर्गापुर, 06.55 बजे आसनसोल, फतुहा, 13.30 बजे पटना साहिब, 13.48 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 15.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

# समाज सुधार और शिक्षा के केंद्र बनेंगे मठ और मंदिर : रणबीर नंदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने तय किया है कि अब राज्य के मठ और मंदिर केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें समाज सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक चेतना के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि मंदिरों की सामाजिक उपयोगिता बढ़ाकर उन्हें जनता से गहराई से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मठ और मंदिर समाज सुधार, शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और संस्कृति की धुरी बनेंगे और साथ ही बिहार की सनातन परंपरा को मजबूत करने के साथ समाज को नई दिशा देंगे। इसी उद्देश्य से कई नई योजनाएं तैयार की गई हैं जिन्हें जल्द ही पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। इस पहल की शुरूआत 18 सितंबर को पटना के बापू सभागार में होने वाले राज्यस्तरीय सम्मेलन से होगी। इसमें पंजीकृत मठ-मंदिरों के प्रबंधकों और संत-महात्माओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधि मंत्री मंगल पांडेय समेत मंत्रिमंडल और विधायिका के अन्य सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। प्रो. नंदन ने कहा कि युवाओं को जोड़ने के लिए मंदिर परिसरों में व्यायामशालाएं और अखाड़े स्थापित किए जाएंगे जहां 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के युवक नियमित शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा आसपास की बस्तियों को पूर्णिमा और अमावस्या पर कथा-पाठ और सामूहिक अनुष्ठानों के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक मठ और मंदिर अपने संसाधनों के अनुसार स्वाध्याय केंद्र, पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग संस्थान शुरू करेगा। समाज सुधार के प्रयासों के तहत दहेज रहित विवाह को प्रोत्साहन दिया जाएगा और गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग किया जाएगा। साथ ही शराबबंदी और नशा मुक्ति को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

# एमएलसी हुलास पांडेय समेत छह को मिली जमानत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी आदेश की अवहेलना करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में धरना प्रदर्शन करने के आरोपों के एक मामले में राजधानी पटना की एक विशेष अदालत ने आज विधान पार्षद हुलास पांडे समेत छह लोगों को जमानत पर मुक्त कर दिया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में आज विधान पार्षद हुलास पांडे तथा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर शाहनवाज अहमद कैफी, प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे और प्रवक्ता राजेश कुमार ने आत्मसमर्पण करने के साथ ही जमानत पर मुक्त किए जाने की प्रार्थना की थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने उपरोक्त सभी अभियुक्तों को दस-दस हजार रूपयों के निजी मुचलके के साथ उसी राशि के दो जमानतदारों का बंध पत्र दाखिल किए जाने पर जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। आरोप के अनुसार 15 फरवरी 2022 को अभियुक्तों ने सरकारी आदेश की अवहेलना कर प्रतिबंधित डाक बंगला क्षेत्र में धरना प्रदर्शन किया तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई थी। इस संबंध में पटना के कोतवाली थाना में भारतीय दंड विधान की धारा 143, 188, 353 एवं 323 के तहत एक प्राथमिकी संख्या 76/2022 दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में 10 जुलाई 2024 को आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद उपरोक्त अभियुक्तों की इस मामले में प्रथम उपस्थिति थी। सभी अभियुक्त पूर्व से इस मामले में पुलिस द्वारा दी गई जमानत पर थे।

# श्री दादीजी सेवा समिति का स्थापना दिवस एवं गणेश पूजन धूमधाम से मना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में श्री दादीजी सेवा समिति का 37वां स्थापना दिवस गणेश चतुर्थी के दिन धूमधाम से मनाया गया। मौके पर दादीजी मंदिर को खूब अच्छी तरह देशी-विदेशी फूलों से सजाया गया। मौके पर गणेशजी की पूजन की गयी तथा 108 किलो लड्डू का भोग चढ़ाया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलायें एवं पुरुषों ने गणेश वंदना की। भक्तजन भक्ति में नाचते झूमते गा रहे थे। मौके पर दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि 37 वर्ष पूर्व 1989 में दादीजी सेवा समिति की स्थापना एक बहुत ही छोटे रूप में की गयी थी जो भक्तों के सहयोग से आज वट वृक्ष की तरह बढ़ गया है। संस्था द्वारा सौ सौ बिस्तरों का दो भवन, अग्रसेन भवन एवं अमर प्रेम भवन का निर्माण हुआ है जो समाज में सेवा का कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा विगत 15 वर्षों से प्रतिमाह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में विभिन्न रोगों के सात विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवा देते हैं। अब तक इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से करीब 5000 से अधिक मरीजों के मोतियाबिंद का निःशुल्क फेको विधि से आपरेशन कराया जा चुका है। मौके पर महिला समिति की शकुंतला अग्रवाल, सरिता बंका, सरोज बंका, प्रेमलता गोयल, सुमित्रा मित्तल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार आदि ने मुख्य रूप से भजन संध्या में भाग लिया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स बुद्धा मोटर्स प्रा.लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति संजय कुमार यादव जो पटना सिटी में गाड़ी धोने के पद पर कार्यरत थे। उनकी आश्रिता पत्नी आशा देवी, पुत्र-ललन कुमार एवं पवन कुमार पुत्री-पूजा कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. संजय कुमार यादव की मृत्यु 16-07-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया।

# लाल गाड़ी अभियान में बिना टिकट, उचित प्राधिकार के पकड़े गए 625 यात्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अगस्त 2025 को वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट जांच एवं खान-पान के नेतृत्व में दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के जट डुमरी स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 625 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 2,05,345/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं। इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें यह एक दंडनीय अपराध है। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।

# आयुक्त ने डीएम-एसपी सहित पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## प्रेक्षक ने निर्वाचन सूची में महिलाओं के नाम जोड़ने के लिए जागरूकता रथ को किया रवाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रेक्षक सह आयुक्त पटना प्रमंडल द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभागार भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सभी निर्वाचक प्रबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक प्रबंधन पदाधिकारी, सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सभी सांसद व विधायकों के साथ बैठक का आयोजन किया जिसमें जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के बारे में चर्चा की गई। प्रेक्षक द्वारा 211 नोखा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 53, 54 उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीखींडा, 173 उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोरडीही, 340 एवं 341 जय मंगल उच्च विद्यालय पिपरडीह तथा 208 सासाराम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 17 अंबेडकर बालिका आवासीय विद्यालय मोकर, 18 प्राथमिक विद्यालय मकर 19 प्राथमिक विद्यालय अगरेर में अवस्थित चार मतदान केंद्र तथा 179 शेरशाह इंटर स्तरीय विद्यालय सासाराम में अवस्थित कर मतदान केंद्रों के अस्वस्थ न्यूनतम सुविधा एवं निर्वाचन सूची का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों, निर्वाचकों, बीएलओ, बीएओ से वार्ता की गई। स्थानीय लोग अमृत स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि की सूची से अवगत है। मतदान केंद्र पर मेरिट स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि चस्पा हुई है। स्थानीय लोगों को उनके विलोपन पर कोई आपत्ति नहीं है। प्रेक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि 01.09.2025 तक दावा/आपत्ति प्राप्त करना है जिनका नाम किसी वजह से पंजीकृत नहीं हुआ है तो वह स्वयं ऑनलाइन /ऑफलाइन के माध्यम से प्रपत्र-6 जमा करते हुए अनुलग्नक-डी के साथ आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण में प्रपत्र-6 कम प्राप्त हुए हैं जिसको बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रपत्र-6 अधिक प्राप्त होने पर न केवल इपी रेसियो मानक के अनुरूप हो जाएगा बल्कि 18-19 आयु समूह के मतदाता एवं लिंगानुपात में भी वृद्धि संभव है। सीपीआईएमएल के अध्यक्ष नंदकिशोर पासवान द्वारा काराकाट विधानसभा के दुर्गा मध्य विद्यालय तथा संझौली बाजार के मतदान केंद्र पर प्रपत्र-6 जमा करने के लिए बीएलओ के उदासीनता का उल्लेख किया गया जिस संदर्भ में प्रेक्षक द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का मात्र 5 दिन शेष है इसलिए सभी बीएलओ को प्रपत्र प्राप्त करने एवं उनकी प्रविष्टि बीएलओ एप में करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एक भी योग्य व्यक्ति नहीं छूटना चाहिए इसकी पूरी जिम्मेवारी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की होगी। प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन सूची में महिलाओं के नाम जोड़ने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# भारतमाला परियोजना से जुड़े आक्रोशित किसानों ने जमकर काटा बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के बरताली गांव के समीप भारतमाला परियोजना के अधिग्रहण भूमि पर कार्य कर रहे पीएनसी कंपनी के अधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ आक्रोशित किसानों ने जमकर बवाल काटा। किसानों का कहना है कि पूरे गांव में दो लोगों को जमीन का मुआवजा दिया गया है। बिना मुआवजा के ही धान की फसल नष्ट किया जा रहा है। बुधवार की सुबह कंपनी वाले तीन ट्रैक्टर एक जेसीबी एक पोकलेन मशीन लेकर धान के फसल को नष्ट कर रहे थे। इसकी सूचना जैसे ही गांव में मिली गांव से भारी संख्या में लोग लाठी डंडे लेकर दौड़ते खेत में पहुंचे और ट्रैक्टर चालक जेसीबी चालक पोकलेन मशीन पर हमला बोल दिया। जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, प्रदर्शन किया। चेनारी शिवसागर पथ पर बरताली गांव के समीप सड़क पर आग लगा कर दी और कुछ देर के लिए सड़क को जाम कर दिया। उक्त स्थल पर पीएनसी कंपनी वाले प्लास्टिक के कुर्सी लगाकर बैठे हुए थे जिसे किसानों ने तोड़ दिया। खेत में चल रहे पोकलेन और जेसीबी मशीन को बाहर निकलवाया और सड़क पर लाठी डंडे से पीट कर शीशा तोड़ दिया। इस दौरान पीएनसी कंपनी के पोकलेन चालक जयवीर और जेसीबी चालक राम आशीष को हल्की चोट लगी है। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची रही, लगभग 2 घंटे काम बाधित रही। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिले से भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स चेनारी शिवसागर पुलिस पहुंची थोड़ी देर के बाद सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार पहुंचकर मोर्चा को संभाला। तब तक आसपास के ग्रामीण घटनास्थल से भाग कर गांव में छिप गए। पीएनसी के एलाइनमेंट अधिकारी ने बताया कि कल मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस के मौजूदगी में दिनभर काम किया गया, लेकिन कोई भी रुकावट नहीं होने के कारण आज बुधवार को शिवसागर व चेनारी सीओ मौजूदगी में काम लगा था। इस दौरान ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त घटना का अंजाम दिए। इसमें दो मशीन के चालक घायल हैं। वरीय अधिकारी से बातचीत कर अराजकता फैलाने वाले कुछ किसानों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# भगवान बलभद्र धर्म, नीति और शौर्य के प्रतीक : तारकिशोर प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चन्दनपुरा में कलवार सेवा समिति के तत्वावधान में ब्याहुत वैश्य बंधु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनपुरा में श्री बलभद्र पूजा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिवान विधान परिषद सदस्य विनोद जायसवाल और कलवार वैश्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत दोनों अतिथियों ने समाज की एकता, अखंडता और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। महोत्सव में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद भी का शामिल हुए। वहां पर उपस्थित जनसमूह ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान बलभद्र जी की महिमा का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बलभद्र, जिन्हें बलराम या दाऊ जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्म, नीति और शौर्य के प्रतीक हैं। वे भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई थे और सदैव सत्य एवं न्याय के पक्षधर रहे। उनका जीवन हमें बल और विवेक का संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी ओम प्रकाश ने किया और सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतुल कुमार, रंजीत प्रसाद, विश्वजीत कुमार, विकास कुमार, सुशील कुमार, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएससी संचालक पर खाताधारकों से लाखों की ठगी का आरोप, मुखिया ने कराया एफआइआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/तिलौथू।** सरैया पंचायत के सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक पर गरीब, विधवा एवं दिव्यांग खाताधारियों के साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि पिछले दो वर्षों से हर माह कई शिकायतें सामने आ रही थीं कि संचालक राजकुमार चौधरी (पिता स्व. मोती चौधरी) लाभुकों के खाते से उनकी जानकारी के बिना राशि की निकासी कर रहा था। लगातार हो रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने अमझोर थाने में औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज कराई। मुखिया ने थाना प्रभारी से उक्त संचालक को अविलंब गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब वर्ग के लोग, विधवाएं और दिव्यांग सबसे अधिक इस धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाने की मांग की है।

# गणेश चतुर्थी पर प्राचीन मंदिर में पूजा, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने की आराधना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला परिसर में स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मुगल आक्रांताओं द्वारा उक्त मंदिर में किए गए तोड़-फोड़ के बाद करीब चार सौ वर्षों से यहां पूजा पाठ बंद था जहां वर्ष 2022 में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार के पहल पर पुनः पूजा पाठ आरंभ हुआ और पिछले चार वर्षों से अनवरत जारी है। धीरे-धीरे आसपास के ग्रामीणों में इस मंदिर के प्राचीनता तथा महत्व को लेकर आकर्षण बढ़ता जा रहा है और इस वर्ष पूरे भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। सुबह से ही रोहतास और नौहट्टा प्रखंड के विभिन्न गांवों के अलावा बाहर से आने वाले पर्यटक महिला पुरुष श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है तथा भजन कीर्तन और शिव चर्चा का दौर जारी है। शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार और पूर्व मुखिया कृष्ण यादव ने बताया कि इस अवसर पर वृहद भंडारा का भी आयोजन किया गया है जहां श्रद्धालु दर्शन के बाद प्रसाद के रूप में पकवान ग्रहण कर रहे हैं। आज पूरी रात वहां भजन कीर्तन जारी रहेगा।

# महिला की गिरकर हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पाली रोड स्थित एक होटल में जनप्रतिनिधि के पुत्र के जन्मोत्सव मनाने गई 60 वर्षीय रुक्मिणी देवी की मौत अत्यधिक भीड़ एवं धक्का लगने से गिरकर हो गयी। घटना के बारे में मृतका के मजदूर पति राजेंद्र सोनी ने बताया कि जनप्रतिनिधि के बेटे का जन्मोत्सव सोमवार को स्थानीय होटल में मनाया जा रहा था जिसमें गरीबों के बीच साड़ी कपड़ा एवं उपहार देने की सूचना पर वे लोग गए थे जहां अत्यधिक भीड़ होने एवं धक्का लग जाने के कारण उनकी पत्नी फर्श पर गिर गई और उनके नाक एवं मुंह से खून निकलने लगा। इलाज को लेकर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर होने को लेकर पीएमसीएच पटना में रेफर होने के बाद इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। वहीं मृतका के पुत्र धनजी कुमार ने बताया कि समय पर उचित इलाज कराया जाता तो उनकी मां की जान बचाई जा सकती थी। स्थानीय वार्ड पार्षद पति विजय यादव ने बताया कि मृतका के परिजनों को सहायता राशि दी जाए। परिजनों से मिलने पहुंचे आरएलएम के प्रदेश महासचिव रिंकू सोनी ने बताया कि मृतक के परिजनों से जनप्रतिनिधि ने अभी तक कोई सुधी नहीं ली है जो बहुत ही दुःख की बात है।

# वैश्य प्रतिनिधि सम्मान समारोह में डिहरी विधान सभा सीट पर टिकट देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला(रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंश प्लाजा हॉल में कानू हलवाई संघर्ष समाज द्वारा वैश्य प्रतिनिधि सम्मान समारोह कानू हलवाई संघर्ष समाज के द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानू हलवाई संघर्ष समाज के जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता एवं संचालन अरविंद गुप्ता ने किया। आए हुए वैश्य प्रतिनिधियों का स्वागत हरेराम गुप्ता ने किया। वैश्य समाज के कई वक्ताओं ने शाहाबाद के प्रत्येक जिले में वैश्य की भागीदारी की बात उठाई एवं रोहतास के डिहरी विधान सभा के सीट पर वैश्य को ही टिकट देने की मांग उठाई गई। कानू हलवाई संघर्ष समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन साह ने वैश्य को एकजुट रहने की अपील की और अपने हक की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता को एवं ललन साह को चांदी का मुकुट एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया एवं आए हुए सभी प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र एवं माला से स्वागत किया। वैश्य प्रतिनिधि सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राजू गुप्ता ने कानू हलवाई संघर्ष समाज के सभी आयोजक गण को कार्यक्रम की सफलता के लिए साधुवाद देते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा कर एकजुट रहने की अपील की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका सम्मान सबका विकास चाहती है और सभी लोगों को सम्मान देती है। वैश्य समाज भाजपा का रीढ़ है। भाजपा वैश्य समाज की हमेशा हितैषी रही है और इसी से हमारी पहचान है भाजपा जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी का समर्थन करती है न्याय के साथ विकास करती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार न्याय के साथ विकास कर रहा है। कार्यक्रम में डिहरी विधान सभा से राजू गुप्ता को भाजपा से टिकट देने की मांग उठी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य, बबल कश्यप, भाजपा के महामंत्री विशाल आनंद, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अशोक सोनी, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, प्रवक्ता संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, पंकज गुप्ता, जिला मंत्री मीना गुप्ता, विजय सेठ, सुनील गुप्ता, राघवेंद्र गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजय गुप्ता, अंकित गुप्ता सहित कई लोगों ने संबोधित किया। हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# पीएम की घोषणा झूठ का पुलिंदा : राजेंद्र पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने पीएम की घोषणा को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री लगातार यह घोषणा करते हैं कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रति वर्ष किसानों को 6000 रुपए उनके खाते में भेज दिया जाता है जबकि जमीनी सच्चाई है कि सैकड़ों किसानों ने बताया है कि उनको यह राशि अचानक खाता में आना बंद हो गया है। चेनारी विधानसभा क्षेत्र और करगहर विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्वयं किसानों ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना की राशि मिल रही थी, लेकिन बिना कारण पूछे किसानों को जो किसान निधि राशि प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं।

# शिक्षक के विदाई समारोह में भाव विह्वल हुई छात्र-छात्राएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस।** प्राथमिक विद्यालय कथराई टोला में शिक्षक के सम्मान सह विदाई समारोह में आयोजित की गयी। सम्मान सह विदाई समारोह में छात्र-छात्राएं समेत शिक्षक भाव विह्वल हो गये। बीएससी शिक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा किए गए कार्यकलापों की काफी सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने का कार्य किया जब तक इस विद्यालय में रहे हमेशा शिक्षा के उच्च मापदंडों को अपना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्र-छात्राओं को देने व उनमें समाहित करने का कार्य किया। आज इनके विदाई सम्मान समारोह में दुख की अनुभूति हो रही है। ईश्वर से यही कामना है कि जहां भी रहें शिक्षा व शिक्षकों के प्रति इनका समर्पण का भाव बना रहे। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार, ज्योति पांडेय, अमरजीत पासवान, मुन्ना कुमार पांडेय समेत वरीय शिक्षक मौजूद थे।


## AFFIDAVIT

I, Arpana Devi @ Arpana Pratap, wife of Late Kumar Arvind Pratap, age about 50 yrs, R/o- A-2, Lakhan Vishwanath Apartment, Ambedkar Path, Near Poonam Gas Agency, Bailey Road, B.V. College, P.S.- Rajeev Nagar, Distt- Patna do hereby solemnly affirm and declare that Avantika Pratap, aged about 15 years is my daughter and her father's name is Kumar Arvind Pratap. Hence this affidavit. No.7226 dated 25.8.25



## पूर्व मध्य रेल

### ई-खुली निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/भण्डार/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-खुली निविदा ई-निविदा सूचना सं०- (40255352) आमंत्रित करते है जिसका विवरण निम्न है। **(1) निविदा शिर्षक:** Supply and installation of Stainless steel 3 in 1 Recycle Bin Capacity 65x3 Ltr. **(2) निविदा की अनुमानित लागत:** Rs. 1,68,84,000/- (एक करोड़ अड़सठ लाख चौरासी हजार मात्र) **(3) अग्रिम राशि देय:** Rs. 3,37,680.00/- (तीन लाख सैतीस हजार छः सौ अस्सी मात्र) **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 24.09.2025 को 14:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि एवं समय 24.09.2025 को 14:00 बजे के बाद **(5) वेबसाइट का विवरण एवं ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** https://www.ireps.gov.in. रेलवे प्रशासन के द्वारा निविदा को किसी भी समय रद्द/स्थगन या परिवर्तन, बिना कारण बताये हुए करने का अधिकार सुरक्षित है। **वमंसाप्र/सोन., पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/0847/एसईई/एसटीओआरई/टी/25-26/28


# एक सितंबर को वोटर अधिकार यात्रा होगी ऐतिहासिक : चंद्रदेव बिंद




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वीआइपी पार्टी के जोन 6 कार्यालय लाला मुहल्ला डिहरी में एक बैठक चंद्रदेव विंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वीआईपी पार्टी ने दावा किया कि एक सितंबर को इंडिया गठबंधन की पटना में प्रस्तावित वोटर अधिकार यात्रा ऐतिहासिक होगी। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता चन्द्रदेव विंद ने कहा कि एक सितंबर को आयोजित वोटर यात्रा केवल चुनावी अधिकारों की रक्षा की आवाज नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र बचाने का बिगुल है। यात्रा को ऐतिहासिक बनाना हमारी जिम्मेदारी है। बैठक को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात रंजन उर्फ नीरज यादव, औरंगाबाद बारून से आए हुए नंदी मुखिया, सुषमा पासवान, दिनेश निषाद, नगीना विंद उर्फ गुरु जी, भरत चौधरी, सोनू चौधरी, आनंद चौधरी, देवराज चौधरी, जयकुमार विंद सहित अन्य लोग शामिल थे।

# चोरों ने की विद्युत तार की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** लगेंश्वर बिगहा गांव से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने ग्यारह केवी के 42 सौ मीटर विद्युत तार की चोरी कर लिया। बाजेल प्रोजेक्ट कम्पनी के सुपरवाइजर ने इसकी लिखित आवेदन पुलिस को दिया। पुलिस उक्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू किया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि कम्पनी के सुपरवाइजर अनिल कुमार सिंह के आवेदन पर अज्ञात चोर पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# उचक्का 40 हजार लेकर फरार

**वजीरगंज(गायकी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत केनार में बुधवार को एक व्यक्ति की थोड़ी सी लापरवाही का फायदा उठाकर उचक्का उसका पैसों से भरा थैला लेकर फरार हो गया।


## शपथ पत्र

मैं रेणु देवी, उम्र लगभग 41 वर्ष, पत्नी स्वर्गीय विजय कुमार पांडेय, वर्तमान में सी-सेक्टर, नहरलागुन, डाकघर/थाना-नाहरलागुन, जिला-पापुम पारे, अरुणाचल प्रदेश में निवासरत हूं। मैं ग्राम-सेखवा टोला वार्ड संख्या 13, डाकघर- सिरिसिया कला, थाना-आदापुर, अंचल रक्सौल, जिला-पूर्वी चंपारण, बिहार, पिन-845301 की स्थायी निवासी हूं। शपथपूर्वक निम्न बयान करती हूं कि मैं जन्म से भारत की नागरिक हूं और उपर्युक्त पते पर निवास करती हूं। मेरी पुत्री का नाम रुचिका पांडेय (Ruchika Pandey) है जो कक्षा-10 उत्तीर्णता प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र में सही लिखा है, लेकिन उसके आधार कार्ड में रुचिका कुमारी लिखा है। उसकी वास्तविक जन्मतिथि 10.08.2009 है। 'रुचिका पांडेय' और 'रुचिका कुमारी' एक ही व्यक्ति है और उनकी पहचान एक ही है। रुचिका पांडेय और रुचिका कुमारी एक ही व्यक्ति का नाम है और उनके आधार कार्ड में आवश्यक सुधार करना है।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है।

शपथकर्ता
रेणु देवी


# गणपति महोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रथम पूज्य गणेश जन्मोत्सव का शहर में बुधवार को उत्साहपूर्वक श्रद्धा व भक्ति के साथ प्रारम्भ हुआ। तार बंगला, एनीकट गणपति मन्दिर, न्यू डिलिया व नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद के आवास पर गणेशउत्सव की धूम रही। तारबंगला में गणपति सेवा संस्थान द्वारा गणपति जन्मोत्सव के पहले दिन जलभरी, पूजा अर्चना के साथ भंडारा आयोजित किया गया। देर शाम को भजन गायकों ने श्रद्धा के रंगों में भीगा और गणपति बप्पा मोरया व प्रभु आला सदनाला, आनन्द मनाला झाला के उद्घोष से पंडाल गूंज उठी। आयोजक मंडल के पवन सिंह उर्फ मुनमुन सिंह, प्रमोद सिंह, रंजीत सिंह, आलोक सिंह, रितेश गुप्ता, सूरज कुमार, नीरज सिंह, धनंजय गुप्ता, विक्की सिंह, अखिलेश कुमार समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। एनीकट स्थित गणपति मंदिर में प्रथम पूज्य गणेश की पूजा श्रद्धा व भक्ति के साथ किया गया। भंडारा आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वही राजपूतान मोहल्ला स्थित पूर्व मुख्य पार्षद विशाखा सिंह के आवास पर गणपति उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई जा रही है। श्रीमती सिंह ने भगवान गणपति से शहर की सुख शांति व समृद्धि की कामना की है। मौके पर पूर्व पार्षद संजीत सिंह समेत भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।


## समाहरणालय, औरंगाबाद

बिहार सरकार

(RFCTLARR-2013 की धारा-5 के अधीन)

माननीय मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत 2-लेन रफीगंज बाजार बाईपास (कुल लंबाई 8.00 कि0मी0) पथ के निर्माण के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू-अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु RFCTLARR-2013 की धारा 5 के तहत सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि रफीगंज अंचल जिला-औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 18.8145 एकड़, कुल मौजा- 04, कुल प्लॉट- 179 में मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा/थाना सं0 | सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रफीगंज | चातर/669 | दिनांकः- 02.09.2025<br>समयः- 11.00 बजे पूर्वा0 से<br>स्थलः- पंचायत सरकार भवन, केराप |
| 2 | | चौबड़ा/411 | |
| 3 | | केराप/423 | |
| 4 | | करमा मसूद/415 | |

चूंकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, रफीगंज अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, रफीगंज, अंचल निरीक्षक, रफीगंज एवं हल्का कर्मचारी, रफीगंज लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल की सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

PR- 012479 (Revenue) 2025-26

समाहर्त्ता, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


CMYK

Bihar 4_page 12 29.05.2025.qxd 27-08-2025 21:42 Page 1



## सीरियल के कलाकारों को नवादा डीएम ने किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** ।पंचायत वेब सीरीज मे माधव का किरदार करने वाले जिले के हिसुआ प्रखंड के गोंदर बिगहा गाँव के रहने वाले बुल्लू कुमार ने नवादा जिला अधिकारी रवि प्रकाश से शिष्टाचार मुलकात किया ।इस अवसर पर जिला अधिकारी रवि प्रकाश ने उन्हें काकोलत का प्रतीक चिन्ह, शाल, एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा उनके अभिनय की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी ।बुल्लू कुमार ने बताया की मुझे पहली बार अपने गृह जिला मे जिला अधिकारी के द्वारा सम्मान पाकर काफी खुशी का अनुभव कर रहा हूँ ।

मुझे अपने गांव से काफी लगाव है माँ और मिट्टी का प्यार कभी नहीं छूटता इसलिए यहाँ कला को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम करेंगे ।इस मौके पर उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

# महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा तीज व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। हरतालिका तीज व्रत जिले में धूम धाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव एवं पार्वती की आराधना की।

हरतालिका तीज हर वर्ष भाद्र शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाया जाता है। सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखण्ड सौभाग्य की रक्षा के लिये बड़ी श्रद्धा, विश्वास और लगन के साथ हरतालिका व्रत मनाती है। 24 घंटे का निराहार तथा निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव तथा माता पार्वती की पूजा- अर्चना कर अखण्ड सौभाग्य की कामना करती है। इस संबंध में पंडित विक्रम झा ने बताया कि यह व्रत भगवान शिव और देवी पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक है। स्त्रियां अपने पति की दीघार्यु और सफल दाम्पत्य जीवन के लिए यह व्रत रखती हैं। इस दिन व्रत करने से सभी पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

हरतालिका तीज भगवान शिव तथा माता पार्वती को समर्पित है। इसलिए मंगलवार को महिलाओं के द्वारा मिट्टी की प्रतिमा बनाकर भगवान शिव तथा माता पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना की। दीपनगर वास्तु विहार के रोड न. 1 के सुहागिन महिलाए एक जुट होकर तीज व्रत मनाई और कथा भी सुनी।



## 24 घंटे में 43 फरार लोगों की हुई गिरफ्तारी

### अपराध करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 26 अगस्त को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 39 कुल 43 गिरफ्तारियां हुई।

शराब की बरामदगी अंतर्गत 1245 लीटर देशी महुआ शराब एवं 0.75 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-241 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-13 है।

वाहन जॉच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 29 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 05, अपहता 02 एवं ट्रैक्टर 04 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।



अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## पूर्णिमा यादव के महिला जन संवाद कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। गोविंदपुर विधानसभा के पूर्व विधायक व राजद नेत्री पूर्णिमा यादव का कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में महिला जन संवाद कार्यक्रम 20 अगस्त से जारी है। बुधवार को पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने प्रखण्ड के नावाडीह पंचायत के नावाडीह गांव में एवं पांडेयगंगौट पंचायत के फुलडीह गांव में महिलाओं से मिलकर संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार में बढ़ते आपराधिक घटनाओं,हर विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार,घोटाला सहित कई मुद्दों को उजागर करते हुए नीतीश सरकार पर हमला बोला।



इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के संकल्पों के बारे में भी सभी को विस्तार पूर्वक बताया।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने घोषणा किया है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं को सम्मान देने के लिए माई-बहिन मान योजना के तहत 2500 रुपये दिए जाएंगे। काफी संख्या में लोगों को नौकरी,रसोई गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये आदि जनहित में कार्य किये जायेंगे। प्रखण्ड प्रमुख रीना राय ने भी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नीतीश सरकार में क्षेत्र में विकास कार्य ठप हो गए है। फिलहाल केवल जुमलेबाजी की जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार,अपराध चरम पर है। इसलिए इस बार के विधानसभा चुनाव में आम जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन,मुखिया दीपक कुमार,पूर्व मुखिया उमेश यादव,विष्णुदेव प्रसाद यादव,तेजो साव,रंजीत रजक,रामनिवास प्रसाद समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सितम्बर में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । जिले में पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने एवं पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, नवादा द्वारा माह सितम्बर 2025 में एम्बुलेटरी वाहन के माध्यम से पशु चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण, नस्ल सुधार, पशु पालन संबंधी परामर्श तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

इन शिविरों का नेतृत्व संबंधित प्रखंड के पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं उनके दल के द्वारा किया जाएगा। साथ ही जिला पशुपालन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थिति में शिविर की तिथि परिवर्तित की जा सकती है। शिविर प्रभारी पदाधिकारी अपने स्तर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित करेंगे। शिविर स्थल पर एम्बुलेटरी वाहन प्रातः 10:30 बजे तक पहुंच जाएगा।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा ने जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लें और पशु स्वास्थ्य एवं पालन-पोषण से संबंधित लाभ प्राप्त करें।

### शराब के साथ तीन बाइक जप्त

**रजौली**। रजौली पुलिस ने रजौली थाना क्षेत्र के मोहकामा जंगल से 1200 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तीन बाइक को जप्त कर लिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मोहकामा जंगल की ओर से बड़े पैमाने पर शराब का परिवहन शराब धंधेबाजों के द्वारा किया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर रजौली पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के क्रम 1200 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तीन बाइक को जप्त कर लिया गया। वहीं पुलिस को देखते ही शराब धंधेबाज जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## रवि गुप्ता को मिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का दायित्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** ।गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर भाजपा प्रदेश कार्यालय की बैठक के पश्चात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल , संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता ने नवादा के भाजपा नेता एवं सामाजिक व्यक्तित के धनी व बहुत सी सामाजिक संगठनों से जुड़े रवि गुप्ता को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक की दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रवि गुप्ता ने बताया कि वो उस पद को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ इस जिम्मेवारी को निभाएंगे और साथ उन्होंने सभी शीर्ष नेतृत्व के नेताओं को हार्दिक बधाई व आभार भी व्यक्त किया। साथ ही साथ जिले के सांसद को भी विशेष आभार दिया ।उनके भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ में सह संयोजक बनने से ना सिर्फ संगठन मजबूत होगा बल्कि पूरे बिहार में इनकी एक सामाजिक व व्यापारिक पकड़ के वजह से भाजपा को आने वाले चुनाव में काफी मदद भी मिलेगी । रवि गुप्ता नवादा के प्रसिद्ध व्यापारी भी है ।साथ ही भाजपा के संगठन में वो 2014 से काम कर रहे है। वे भाजपा युवा मोर्चा के साथ साथ पार्टी के विभिन्न पदों पर पहले भी रह चुके है ।

इनका जिले में भी हर पंचायत चुनाव से लेकर सांसद चुनाव में काफी महत्वपूर्ण भूमिका भी रही है। साथ ही साथ इनका जिले में एक खास प्रभाव अतिपिछड़ा वर्ग पर भी है ।चुकी ये भी एक अतिपिछड़ा परिवार से आते है। इनके संगठन में एक बड़ी जिम्मेवारी मिलने पर जिले के तमाम भाजपा के नेतागण, बुद्धिजीवी वर्ग एवं व्यापारी बंधुओं ने भी बधाई दिया! भाजपा नेता अजीत यादव, प्रताप रंजन , जितेन्द्र पासवान, अविनिकांत कुमार भोला , रंजीत यादव, रविशंकर कुमार, आर. पी. साहू, सुनील कुमार गुप्ता, राजेंद्र विशाल, संतोष सिंह, शशि भूषण सिंह अधिवक्ता, अनीता मेहता, सरोज राजवंशी, अजय साव, विनय कुमार साहू, गौतम भारती, पवन कुमार गुप्ता, नवशीश साव मुखिया, लक्की साव मुखिया, निरंजन सिंह अधिवक्ता, उत्तम कुमार साव, ज्योतिष साहू के साथ साथ तमाम लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।



## रोजगार कैम्प 29 अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** ।जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 29 अगस्त को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.) नवादा के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार कैम्प में चैतन्या इंडिया फाइनेंस क्रेडिट प्रा.लि., नवादा कंपनी द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप पद के लिए 50 रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं।यह रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा। केवल वे ही आवेदक/आवेदिकाएं कैम्प में भाग ले सकेंगे जो एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं। जिनका निबंधन नहीं है, वे आवेदक/आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर स्वयं अथवा जिला नियोजनालय, नवादा में निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं।यहां यह उल्लेखनीय है कि नियोजक निजी क्षेत्र से हैं, अतः नियोजन की शर्तों के लिए वही उत्तरदायी होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में रहेगा।

## मुख्यमंत्री छात्रों के प्रति समर्पित : छात्र जदयू

**बिहारशरीफ**। जिला जदयू कार्यालय में एक बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता छात्र जदयू जिलाध्यक्ष सन्नी पटेल ने की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यो से प्रभावित होकर नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के कई छात्रों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छात्रों व युवाओं के लिए शिक्षा और विकास की गंगा बहाई है। पोशाक राशि, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा छात्रावास, प्रत्येक अनुमंडल में डिग्री कॉलेज, हर जिले में पॉलिटेक्निक व इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना जैसी योजनाएं युवाओं के भविष्य को संवार रही हैं। साथ ही रोजगार व नौकरी के अवसर भी निरंतर बढ़े हैं। इस मौके पर छात्र नेता पवन कुमार शर्मा, मोनू कुमार, श्रीकांत कुमार, कुंदन कुमार, रजनीश कुमार, रोहित कुमार, मोहित कुमार समेत कई छात्र मौजूद थे।

## जल प्रबंधन योजनाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में संदर्भ वर्ष 2023-24 हेतु सातवीं लघु सिंचाई गणना, द्वितीय जल निकाय गणना, मध्यम एवं बृहद् सिंचाई योजना गणना तथा प्रथम स्प्रिंग गणना को लेकर एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि इन गणनाओं का कार्यान्वयन अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा किया जा रहा है। यह गणना प्रत्येक पाँच वर्ष पर पूरे भारत में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित करायी जाती है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि सटीक आंकड़े न केवल योजनाओं के मूल्यांकन में सहायक होंगे बल्कि भविष्य की नीतियों एवं विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षित आंकड़े भू-जल की उपलब्धता का आकलन करने तथा यथार्थवादी योजनाओं के निर्माण में अत्यंत सहायक होंगे। भारत कृषि प्रधान देश है और कृषि उत्पादन व खाद्य सुरक्षा के लिए जल प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीमित जल संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग आवश्यक है, विशेषकर इसलिए कि पूरे देश में मानसून का वितरण समान नहीं है।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि गणना कार्य पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ किया जाए। आंकड़ों का संग्रह प्रगणकों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में किया जाएगा। पूर्ण अनुसूचियों को भरकर सारांश सहित संबंधित पर्यवेक्षक को जाँच हेतु भेजा जाएगा तथा प्रखंड, जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर के पदाधिकारी इस कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे।

## शंखनाद प्रतियोगिता आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में बुधवार को विघ्न विनायक गणेश की पूजा अर्चना भक्तिभाव से हुई। श्रद्धालुओं ने गणेश मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस अवसर पर श्री गणेश युवा सेवा संस्थान सह गणेश कला परिषद ओड़ो के सौजन्य से पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस बाबत संस्थान के अध्यक्ष सह व्यवस्थापक अम्बुज कुमार मिश्र ने बताया कि गणेश पूजा श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया,उसके उपरांत रात्रि में हनुमान चालीसा व गणेश चालीसा का स्वसर पाठ श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से किया। उन्होंने कहा 28 अगस्त को दो बजे अपराह्न में शंखनाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों के तकरीबन 31 ब्राह्मण परिवारों ने अभी तक पंजीकरण कराये हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रतिभागियों की संख्या बढ़ भी सकती है। सफल प्रतिभागियों में प्रथम , द्वितीय तृतीय को अंगवस्त्र व नगद राशि पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## हीरो एशिया कप 2025 ट्रॉफी गौरव यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान परिषद रीना यादव, डीएम कुंदन कुमार,एस पी भारत सोनी द्वारा फिटनेस पार्क बड़ी पहाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में ट्रॉफी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत किया ।विदित हो कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वाधान में राजकीय खेल अकादमी- सह-खेल परिसर ,राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन दिनांक 29 अगस्त से 7 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है , इस प्रतियोगिता में कुल 8 देशों यथा भारत, चीन, जापान , चीन ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, कजाखिस्तान एवं बांग्लादेश की टीमें भाग ले रहीं हैं । इस ट्रॉफी गौरव यात्रा में एनसीसी कैंडिडेट एवं नालंदा हॉकी टीम द्वारा भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया ।

यह प्रतिष्ठित पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का 12 वां संस्करण बिहार में पहली बार 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक राजगीर खेल परिसर के अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा।

बिहार में हीरो एशिया कप- 2025 का आयोजन हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह न केवल राज्य की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल आयोजन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी बिहार की वैश्विक छवि को और सुदृढ़ करेगा। बिहार में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप 2025 टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें हिस्सा लेंगी।

इस अवसर पर नगर आयुक्त , उप विकास आयुक्त, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं स्थानीय लोग आदि उपस्थित थे।

### तालाब में डूबकर किशोरी की मौत

**बिहारशरीफ**। चण्डी थाना क्षेत्र के वाली जगतपुर गांव में बुधवार को तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी मनीष सिंह की 14 वर्षीय बेटी प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार तीज पर्व को लेकर घर में गौरा-गणेश की पूजा की गई थी। सुबह प्रीति गांव के तालाब में पूजन सामग्री का विसर्जन करने गई थी। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## जब्त शराब का किया गया विनष्टीकरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत जब्त की गयी शराब को बुधवार को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत नष्ट कर दिया गया। कौआकोल सीओ मनीष कुमार की मौजूदगी में थाना परिसर में 1100 लीटर देशी शराब का विनिष्टीकरण किया गया। यह शराब थाना क्षेत्र के अलग-अलग मामलों में उत्पाद अधिनियम के तहत जब्त की गयी थी और इसे साक्ष्य के रूप में संकलित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद विनिष्टीकरण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया। मौके पर अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा और बाल विवाह उन्मूलन पर विशेष चर्चा

### बैठक में लोगों से आसपास चर्चा करने पर दिया गया बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** ।जिले के ग्राम- एकतारा, पोस्ट- सुघरी, थाना- थाली, पंचायत- माधोपुर, प्रखंड- गोविंदपुर, जिला- नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, नवादा द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत समुदाय के लोगों के साथ सखी वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें महिला हेल्पलाइन नंबर -181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर -1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन - 1930, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बाल-विवाह, दहेज प्रथा तथा लैंगिक भेदभाव पर चर्चा की गई।

बैठक की शुरूआत मयंक प्रियदर्शी, लैंगिक विशेषज्ञ, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के द्वारा की गई। उन्होंने लोगों को दहेज प्रथा पर जोर देते हुए कहा कि यह समाज के लिए अभिशाप है, इसे समाज से दूर भगाना है, क्योंकि यह समाज के लिए गंदी कुरीति है, जिसे हम सभी को मिलकर रोकना होगा। तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा और देश विकास की ओर अग्रसर होगा। साथ में लैंगिक भेदभाव पर यह भी बताया कि आज लड़के और लड़कियों में जो फर्क माना जाता है, उसे भी दूर करना है। लोगों को यह बताना है कि आज लड़कियां लड़कों से कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि आज लड़कियां सभी क्षेत्रों में लड़कों से आगे निकल चुकी हैं, इसलिए लड़कियों की पढ़ाई पर ध्यान दें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं। साथ ही बाल विवाह को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने की बात कही गई। उन्हें बताया गया कि बच्चियों की कम उम्र में शादी से क्या-क्या नुकसान होते हैं।

अमन कुमार, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन ने उपस्थित लोगों को महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने एवं उन्हें जागरूक करने के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर -181 का जिक्र किया।



उनके द्वारा बताया गया कि आज भी हमारे समाज में कितनी ऐसी महिलाएं हैं जिन पर शोषण/उत्पीड़न किया जा रहा है और लोगों को इसकी जानकारी का अभाव है। वैसे लोगों तक इस संवाद को पहुंचाना है ताकि लोग जागरूक होकर अपने अधिकारों को जान सकें और अपने ऊपर हो रहे शोषण से बचने के लिए आगे बढ़ें। उनके द्वारा लोगों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर -1098 का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इस नंबर पर आप वैसे मामलों को दर्ज करवा सकते हैं, जैसे- बाल श्रम, मानव तस्करी, बाल विवाह।

उन्होंने यह भी बताया कि आज हमारे आस-पास यह सुनने को मिलता है कि कुछ लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं। लोग अपने काम समय में धनवान बनने या मोबाइल में गलत एप्लीकेशन डाउनलोड करके बिना सोचे-समझे परमिशन देने के कारण साइबर क्राइम का शिकार हो रहे हैं। अगर किसी भी व्यक्ति के साथ इस प्रकार की घटना घटती है तो वह साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर -1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद उन्होंने रोजगार के लिए मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना द्वारा मिलने वाले ऋणों के बारे में लोगों को बताया ताकि बेरोजगारी की समस्या दूर हो सके और लोग अपना रोजगार कर सकें।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से यह भी कहा कि आप सभी इन बातों को होने वाली मासिक बैठक में चर्चा करें और लोगों को भी जागरूक करें। साथ ही यह जानकारी दी गई कि अगर किसी भी व्यक्ति को सरकार की किसी भी योजना का लाभ चाहिए तो वह हमारे कार्यालय में आकर संपर्क करें ताकि हम लोग उन्हें उन योजनाओं का लाभ दिलवा सकें।

इस मौके पर चंद्रमुखी जीविका महिला ग्राम संगठन से रीना देवी (बुक कीपर), सरिता देवी (कम्युनिटी मोबिलाइजर), तुलसी रविदास (खफ्द्ध), प्रमिला कुमारी (उठफ्द्ध), हीरामनी देवी (अध्यक्ष), ममता देवी (कोषाध्यक्ष) एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

CMYK

# जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को जोड़ना ही अंत्योदय की भावना : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार बुधवार को गया नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 44 में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक भी योजनाओं का लाभ पहुंचे। यही अंत्योदय की वास्तविक भावना है। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह लाभार्थी सम्मेलन सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एक अभियान है जिसके माध्यम से सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाना है जो अब तक किसी न किसी कारणवश वंचित रह गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं छात्रवृत्ति योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने पारदर्शिता और सही जानकारी को योजनाओं की सफलता की कुंजी बताया और कहा कि जब तक जानकारी जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगी, तब तक किसी भी योजना का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सकता। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपील की कि हर वार्ड और पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम में डॉ. प्रेम कुमार के साथ बसंत जी परमार, विकास कुमार, नीरज निश्चल, देवानंद पासवान, धीरेंद्र धीरू, वीरेंद्र राउत, राजनंदन गांधी, भोला प्रसाद वर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, विनोद पासवान, गाजू बाबा, पप्पू नीलकर, वाहिद अली, नरेश दास, अमरजीत गिरी, कृष्णदेव पांडे, सीमा देवी समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति को लगा सदमा, हार्ट अटैक से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड के मॉक गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। जयराम यादव की पत्नी सोना देवी अपनी पुत्रवधू के नवजात शिशु को देखने औरंगाबाद सदर अस्पताल जा रही थीं। रफीगंज-शिवगंज पथ पर बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। 45 वर्षीय सोना देवी की मौत की खबर सुनते ही उनके 50 वर्षीय पति जयराम यादव को गहरा आघात लगा। इस सदमे के कारण उन्हें हार्ट अटैक आया और उनकी भी मृत्यु हो गई। इस दोहरी त्रासदी से पूरे गांव में शोक छा गया है। परिवार के सदस्य शोकाकुल हैं। ग्रामीणों के अनुसार नवजात शिशु की देखभाल को लेकर परिवार चिंतित है। खुजूरी मुखिया प्रतिनिधि पिंटू विश्वकर्मा ने बुधवार सुबह पीड़ित परिवार को कबीर अंत्येष्टि योजना की राशि उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रशासन से परिवार को उचित मुआवजा और आर्थिक सहायता देने की मांग की है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

# बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ ने 21 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ के द्वारा 21 सूत्री मांगों को लेकर शहर के गांधी मैदान स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ के सदस्य मुंगेश्वर सिंह यादव ने कहा कि 21 सूत्री मांगों को लेकर राजव्यापी धरना दिया जा रहा है। यह धरना बिहार के सभी जिलों में दिया जा रहा है। समान काम के बदले समान वेतन सहित कुल 21 मांगे शामिल है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से हमलोग लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। कई बार सरकार से वार्ता भी हुई। सरकार ने हमारी मांगों को मान भी लिया, लेकिन उसे आज तक पूरा नहीं किया। यहां तक की न्यायालय के आदेश के बाद भी मांगों को पूरा करने में सरकार आनाकानी कर रही है। मजबूर होकर हमलोग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। अगर फिर भी हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो 31 अगस्त को बैठक कर बड़ा निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज के धरना से संबंधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।



# विभा बनी भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री रही विभा कुमारी को भाजपा महिला मोर्चा गयाजी पूर्वी की जिलाध्यक्ष करुणा सिंह ने अपने टीम में जिला उपाध्यक्ष का पद दिया है और उन्हें अपनी ओर से बधाई दी है। विभा ने बताया कि मैं अपनी दायित्व को अच्छे से निभाऊंगी और पार्टी के हर एक विचारधारा और सभी योजनाओ को घर-घर पहुंचने का काम करुंगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष करुणा सिंह का आभार जताया है।

# मगध विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में आयोजित हुआ विदाई समारोह

## विद्यार्थियों ने साझा की यादें और रोपे पर्यावरण संरक्षण के बीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में 2023-25 सत्र के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 2024-26 सत्र के छात्र-छात्राओं द्वारा अत्यंत उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया जिसमें भावनाओं, सम्मान और संस्कारों की अनुपम झलक देखने को मिली। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई जिसके पश्चात अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रेरणादायी भाषणों के माध्यम से समारोह को जीवंत बना दिया। 2023-25 सत्र के विद्यार्थियों ने अपने दो वर्षों के अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियों को साझा करते हुए शिक्षकों और विभागीय कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। 2024-26 सत्र के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहम्मद अबू हमजा को 'मिस्टर फेयरवेल' और सूफिया हसन को 'मिस फेयरवेल' के खिताब से नवाजा गया जो उनके उत्कृष्ट व्यवहार, अनुशासन और सहभागिता के प्रतीक थे। समारोह की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए विभागीय परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण किया। यह पहल छात्रों की संवेदनशीलता और स्थायी भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस अवसर पर विभाग समन्वयक डॉ. एल.के. तरुण ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, संकल्प और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं विभागाध्यक्ष और निदेशक प्रोफेसर दिलीप कुमार केशरी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव 'दीन', डॉ. बिरेंद्र कुमार, डॉ. सरफराज अली, पूनम सिंह और आभा कुमारी सहित कई सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति ने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। यह विदाई समारोह न केवल एक शैक्षणिक अध्याय के समापन का प्रतीक था, बल्कि एकता, पर्यावरण चेतना और शैक्षणिक उत्कृष्टता के मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणास्पद आयोजन भी रहा।

# अगले 24 घंटे के अंदर मुआवजा राशि करें वितरित : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विगत दिनों में झारखंड में अत्यधिक वर्षा के कारण गया जिले के शेरघाटी अनुमंडल के मोहनपुर अंचल एवं गया सदर अनुमंडल के बोधगया अंचल में कुछ क्षेत्र वर्षा जल से प्रभावित हुए थे, उन क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा क्या-क्या कार्य जनहित में किए गए हैं। इस पर संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारी के साथ बुधवार को डीएम शशांक शुभंकर द्वारा बैठक की गई।डीएम ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी बोधगया एवं मोहनपुर तथा बीडीओ बोधगया एवं मोहनपुर को निर्देश दिए हैं कि कितने कितने हेक्टेयर में किसानों का खेत वर्षा जल से प्रभावित हुआ है इसकी विस्तृत प्रतिवेदन अगले 24 घंटे के अंदर जिला कृषि पदाधिकारी के माध्यम से उपस्थित करें ताकि विभाग को समर्पित करते हुए उन्हें फसल क्षति मुआवजा स्वीकृत करवाया जा सके। बताया गया कि मोहनपुर अंचल क्षेत्र में लगभग 15 एकड़ खेत प्रभावित हुए हैं।बीडीओ एवं सीओ मोहनपुर द्वारा बताया गया कि कोई भी घर की क्षति नहीं हुई है। सूखा राशन भी लगभग 25 घरों को दिया गया है जो सभी नदी किनारे तलहट्टी में बसे हुए थे। इसके अलावा प्लास्टिक शीट का भी वितरण किया गया है। कोई भी पशु क्षति नहीं हुई है। दो व्यक्ति की मृत्यु नदी में बहाने से होने की सूचना मिली है जिन्हें डीएम ने अगले 24 घंटे के अंदर मुआवजा राशि वितरित करने का निर्देश दिया है।इसके अलावा पारिवारिक लाभ का मुआवजा उपलब्ध करवा दी गई है।बीडीओ ने बताया कि नदी के तलहटी वाले बसे लोगों को समुदाय किचन के माध्यम से लगातार खाना खिलाने का कार्य किया गया है। वर्षा जल के कारण मोहनपुर के मंझार सड़क का कटाव हुआ है, जिसे अभिलंब ठीक करवाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया।सीओ बोधगया से बाढ़ के संबंध में जानकारी लेने पर बताया गया कि लगभग डेढ़ सौ घर जो मिट्टी एवं झोपड़ी के थे, वह क्षति हुई है।सूची को जिला आपदा कार्यालय को भेजा गया है।इसके अलावा 404 की संख्या में स्थानीय पक्के के घरों में पानी घुसा है, जिसकी आपदा के संपूर्ति पोर्टल पर सूची तैयार करते हुए उन्हें मुआवजा के लिए भेजी जा रही है। इसके अलावा दो की संख्या में पशु क्षति हुआ है।उसकी मुआवजा भुगतान की जा रही है।एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई है, उसकी मुआवजा भेजी जा रही है।

# जाति प्रमाणपत्र बनाने को लेकर डोभी प्रखंड कार्यालय में उमड़ी भीड़, छात्र परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** गया जिला के डोभी प्रखंड कार्यालय में जाति प्रमाणपत्र बनाने को लेकर भारी भीड़ उमड़ रही है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समय पर प्रमाणपत्र उपलब्ध न होने से वे काफी परेशान हैं। जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में जीविका भर्ती एवं अन्य तरह की वेकेंसी आने के कारण जाति प्रमाणपत्र की मांग तेज हो गई है। प्रतिदिन लगभग सैकड़ों की संख्या में आवेदन जमा हो रहे हैं। इससे जहां कार्यालयकर्मी दबाव में हैं, वहीं छात्रों को भी प्रमाणपत्र समय पर न मिलने की समस्या झेलनी पड़ रही है। छात्रों का कहना है कि प्रखंड कार्यालय में अधिकांश समय केवल एक ही काउंटर खुला रहता है जबकि दूसरा काउंटर बंद रहता है। खुले हुए काउंटर पर भी कई बार कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं। इसके कारण आवेदकों को घंटों लाइन में लगकर भी अपना फॉर्म जमा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई छात्रों ने बताया कि फॉर्म जमा करने के दौरान काउंटर से यह कहा जाता है कि कर्मचारी से साइन करवा कर लाएं। वहीं कर्मचारी जमाबंदी सुधार और बांटने के काम में व्यस्त रहते हैं। इससे छात्रों को और अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि कम-से-कम दोनों काउंटर चालू किए जाएं और काउंटर पर नियमित रूप से कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि सभी का फॉर्म आसानी से जमा हो सके ।

# जन सुराज के भावी उम्मीदवार एक दूसरे की सभा को असफल करने की कोशिश में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरूआ विधान सभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी के भावी उम्मीदवारों द्वारा पिछले कई माहों से जन सुराज की सभा कर पार्टी के प्रचार-प्रसार से लेकर स्वयं का प्रचार करने में लगे हैं और एक-दूसरे भावी प्रत्याशी की सभा को असफल करने की कोशिश में भी लगे हैं। यह बात मंगलवार को तब प्रकाश में आया जब भावी प्रत्याशी रवि रंजन दांगी द्वारा गुरारू प्रखण्ड के महुआइन गांव में सभा रखा गया और एक भी महादलित सभा में उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में पूछे जाने पर कई महादलित पुरुष एवं महिलाओं ने बताया कि रविवार को गुरारू बाजार के सर्वोदय उच्च विद्यालय में भावी उम्मीदवार नीतीश दांगी द्वारा सभा किया गया था। सभा में सैकड़ों लोगों को यह कह कर ले जाया गया था कि वहां धोती, गमछा और दो सौ रूपए मिलेगा, परन्तु सभा समाप्त होने पर हमलोगों को कुछ नहीं मिला। ऐसे में हमलोग ऐसे पार्टी की सभा में क्यों जाएं। गौरतलब है कि गुरूआ विधान सभा क्षेत्र में नित्य प्रति अपने को भावी प्रत्याशी कह कर कई उम्मीदवार आ रहे हैं, परन्तु इन स्वघोषित प्रत्याशियों में सामंजस्य का घोर अभाव देखने को मिल रहा है।

# मगध मेडिकल कॉलेज में ओपीडी सेवा बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में इंटर्न डॉक्टर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। सुबह से ही ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप है। सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीज को हो रही है। बिना इलाज कराने ही वापस लौटना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक दोपहर तक 400 से अधिक मरीज का पंजीकरण हो जाता था, लेकिन आज एक भी नहीं हुआ है। रोजाना 1500 से 1700 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। पिछले कई दिनों से इंटर्न डॉक्टर काला बिल्ला लगाकर काम रहे थे। उनका कहना है कि काम के हिसाब से स्टाइपेंड नहीं दिया जा रहा है। अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में बेहद कम भुगतान मिलता है। लंबे समय से मांग उठाई जा रही है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई है।इंटर्न डॉक्टरों का आरोप है कि 700 रुपए रोज के हिसाब से भी नहीं मिलता है।चेतावनी देने के बावजूद सरकार ने बात नहीं की।

# कर्मयोगियों के निष्ठा और समर्पण से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की हो सकती है प्राप्ति : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**टिकारी(गयाजी)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आज़ादी के 100 वर्ष पुरे होने पर विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के तरफ अग्रसर है। विकसित भारत के लक्ष्य के प्राप्ति के लिए देश के हर नागरिक तथा हर वर्ग की भूमिका अहम है। अगर विश्वविद्यालय स्तर पर बात करें तो यहां कार्यरत कर्मयोगियों कार्य के प्रति सत्य निष्ठा के साथ - साथ समर्पण से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में अहम योगदान दे सकते हैं। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कही। मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए कुलपति ने अपने संबोधन के शुरुआत में सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। अपने वक्तव्य की शुरुआत में कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों में, यानी 2047 में, एक विकसित भारत सुनिश्चित करने के लिए पंच प्रण (पांच संकल्प) की बात कही थी।पंच प्रणों में विकसित भारत का संकल्प, औपनिवेशिक मानसिकता का हर निशान मिटाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, हमारी एकता की ताकत एवं नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना शामिल हैं। हम जब विकसित भारत की बात करते हैं तो विकास का मतलब होता है कि देश के हर नागरिक को एक सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना है।

# बोलेरो से 9 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** गया जिला के डोभी प्रखंड अंतर्गत बहेरा थाना क्षेत्र के कोसमा मोड़ पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक बोलेरो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने वाहन से इंपीरियल ब्ल्यू कंपनी के 750 एमएल की 09 बोतलें तथा स्टर्लिंग बी-7, 375 एमएल की 06 बोतलें बरामद कीं। कुल मिलाकर लगभग 09 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। मौके से पुलिस ने सनोज कुमार (उम्र लगभग 22 वर्ष), पिता-सिताबी यादव, निवासी-पोलपोल, थाना राजपुर, जिला चतरा को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बहेरा थाना कांड संख्या 119/25, दिनांक 26.08.25, धारा बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# सूरत में मजदूरी करने गए युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के केरकी गांव में उस समय मातमी सन्नाटा पसर गया जब सूरत में मजदूरी करने गए युवक शिव पूजन कुमार (24 वर्ष), पिता रामू मांझी का शव गांव पहुंचा। दो दिन पूर्व काम करने के दौरान छत से गिरने से उसकी मौत हो गई थी। शव पहुंचते ही परिवार के सदस्यों में कोहराम मच गया और गांव के लोग गमगीन हो उठे।जानकारी के अनुसार शिव पूजन रोजी-रोटी के लिए सूरत में रहकर मजदूरी करता था। वहीं काम करने के दौरान हादसा हुआ और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद सूरत पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंपा गया। परिजन शव को लेकर गाड़ी से अपने गांव केरकी पहुंचे। मृतक शिव पूजन के परिजनों को सांत्वना देने गुरुआ विधायक विनय कुमार यादव एवं स्थानीय कनौसी मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधाया और आर्थिक सहायता भी प्रदान की। बताया गया कि शिव पूजन की शादी नहीं हुई थी। परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी असामयिक मौत से परिवार पूरी तरह से टूट गया है और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# हम (से) की नगर इकाई का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बुधवार को हम (से) पार्टी का नगर इकाई का विस्तार किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार की मौजूदगी में नगर अध्यक्ष संतोष पांडेय द्वारा नगर कमिटी में 13 सदस्यों को शामिल किया गया। नगर अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि राजकिशोर प्रियदर्शी को नगर सचिव, हेमंत झा को महामंत्री, धन्नजय बिंद, किशोर रावत, नीतीश रावत एवं पवन कुमार को उपाध्यक्ष, अभय मिश्रा को कोषाध्यक्ष, विनोद पासवान को दलित मोर्चा अध्यक्ष, शमशेर आलम को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष, मुन्नी देवी को महिला मोर्चा का अध्यक्ष, बबलू प्रसाद को युवा मोर्चा का अध्यक्ष, अजय रजक व शशि झा को वार्ड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी नवमनोनीत सदस्यों को बधाई देते हुए पार्टी हित मे कार्य करने व जन जन तक सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी देने की अपील की गई। डॉ कुमार ने कहा कि चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। विधायक रहते हुए क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए किये गये कार्य को आम जनता के सामने लाया जाए ।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/15 दिनांक- 27.08.2025**

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु ONLINE MOP-UP COUNSELLING से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

1. डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (DCECE)-2025 के PE कोर्स ग्रुप आधार पर राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों में दो चक्रों की Online Counselling उपरांत रिक्त रह गई सीटों पर नामांकन हेतु विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/11 दिनांक- 01.08.2025 के माध्यम से Online Mop-up (Round-3) Counselling हेतु Choice Filling तथा अन्य संबंधित कार्यक्रम की सूचना दी गयी थी, जिसके आधार पर Mop-up Round Provisional Seal Allotment Result दिनांक 14.08.2025 को प्रकाशित कर आवंटित अभ्यर्थियों का **Document Verification एवं Admission प्रक्रिया दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 19.08.2025 तक पूरी की गई थी।** कतिपय अभ्यर्थी से प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में जाँचोपरांत Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result में कुछ त्रुटियाँ पाई गई, जिस कारण Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result को संशोधित किया गया। संशोधित Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result में पाया गया कि;

(i) कुल 68 अभ्यर्थी जो पूर्व के Result में सम्मिलित थे, परन्तु संशोधित Result में उनका संस्थान अथवा ब्रांच अथवा आवंटित कोटि अथवा आवंटन Remarks में बदलाव हुआ है। ऐसे सभी 68 अभ्यर्थियों की सूची पूर्ण विवरणी के साथ "Annexure-A" के रूप में इस विज्ञापन के साथ संलग्न है।

"Annexure-A" सूची में सम्मिलित अगर कोई भी अभ्यर्थी DCECE(PE)-2025 के Mop-up Round की कॉउन्सेलिंग से किसी संस्थान में नामांकित हैं और संशोधित Result में उनका दूसरा संस्थान अथवा दूसरा ब्रांच आवंटित हुआ है, वैसे सभी अभ्यर्थी अपना Document नामांकित संस्थान से वापस ले लें तथा पूर्व के Document Verification Slip के साथ Revised Mop-up Round Provisional Seat Allotment Order पर छपे Reporting Centre पर दिनांक **01.09.2025** से **02.09.2025** तक जाकर Document Verification / Admission की प्रक्रिया पूरी करेंगे। साथ ही, वैसे अभ्यर्थी जिनका संस्थान तथा Branch same रहा है परन्तु allotment remarks में परिवर्त्तन हुआ है, वे भी उक्त अवधि में अपने संस्थान में जाकर पुनः Document Verification की प्रक्रिया पूरी करा कर नामांकन लेंगे। अभ्यर्थी अपने नये संस्थान में, **पूर्व नामांकित संस्थान से प्राप्त शुल्क रसीद लेकर नये आवंटित संस्थान में जायेंगे और इसी रसीद पर उनका नामांकन होगा।**

(ii) संशोधित Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result में कुल 10 अभ्यर्थी का नया आवंटन हुआ है जिनकी सूची पूर्ण विवरणी के साथ "Annexure-B" के रूप में इस विज्ञापन के साथ संलग्न है।

ऐसे सभी अभ्यर्थी जो "Annexure-A" एवं "Annexure-B" की सूची में सम्मिलित हैं, को निदेश दिया जाता है कि वे सभी पर्षद के Website पर उपलब्ध Link "Online Portal of DCECE(PE)-2025" पर click कर अपने Account में login करें तथा Revised Provisional Seat Allotment Order Download कर प्राप्त कर लें तथा दिनांक **01.09.2025** से **02.09.2025** तक की अवधि में Revised Provisional Seat Allotment Order पर छपे Reporting Centre पर जाकर Document Verification एवं Admission की प्रक्रिया पूरी करें।

उपरोक्त वर्णित दोनों प्रकार की सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में पुनः Document Verification करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा एवं उनका आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।

(iii) Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result में सम्मिलित अभ्यर्थियों में से 10 अभ्यर्थी संशोधित Result से बाहर हो गये हैं अर्थात उनका आवंटन रद्द हो गया है, जिस कारण अगर वे अपने पूर्व आवंटित सीट पर नामांकित हैं तो उनका नामांकन भी रद्द हो गया है। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची पूर्ण विवरणी के साथ "Annexure-C" के रूप में इस विज्ञापन के साथ संलग्न है। **ऐसे अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेख संस्थान से वापस ले लेंगे।**

2. **DCECE(PE)-2025 के लिए Revised Online Mop-up Round Seat Allotment Result/ Document Verification & Admission से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं; (केवल "Annexure-A" एवं "Annexure-B" की सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के लिए)**

| क्र. | कार्यक्रम | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| i. | Revised Mop-up Round provisional seat allotment Result publication date ............: | **27.08.2025** |
| ii. | Downloading of Revised Provisional Seat Allotment order for Mop-up Round .....: | 28.08.2025 to 02.09.2025 |
| iii. | Document Verification and Admission for Revised Mop-up Round ......................: | **01.09.2025 to 02.09.2025** |

3. MOP-UP (Round-3) Counselling का दिनांक 14.08.2025 को प्रकाशित Seat Allotment Result एवं Revised Seat Allotment Result पर्षद के website पर उपलब्ध है। वैसे अभ्यर्थी जिनका दिनांक **14.08.2025** को प्रकाशित Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result तथा दिनांक **27.08.2025** को प्रकाशित Revised Mop-up Round Provisional Seat Allotment Result में अगर किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है एवं वे दिनांक 18.08.2025 से 19.08.2025 तक की अवधि में Document Verification कराते हुए नामांकन ले लिए हैं, उन्हें पुनः Document Verification करवाने की आवश्यकता नहीं है, उनका नामांकन यथावत् रहेगा।

4. **वर्तमान मामले की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए Mop-up Round-2 Counselling आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में यथासमय सूचना दे दी जायेगी।**

5. विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/11 दिनांक- 01.08.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

संपादकीय

# बांग्लादेश से माफी मांगेगा पाकिस्तान?

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की बांग्लादेश यात्रा काफी चर्चा में है। इशाक बांग्लादेश और पाकिस्तान के रिश्तों में नई गर्माहट लाने के मकसद से वहां गए हैं। लेकिन तमाम सौजन्य के बाद भी बांग्लादेशी 1971 में पाक सेना द्वारा किए गए नरसंहार को नहीं भूले हैं। इस दौरे में डार से पाक सेना द्वारा किए गए भंयकर अत्याचारों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग जोरों से की जा रही है। डार बांग्लादेश के दो दिनी दौरे पर हैं और अपनी इस यात्रा को ऐतिहासिक बता रहे हैं। वजह यह कि बांग्लादेश से भारत समर्थक शेख हसीना के पलायन के बाद वहां वजूद में आई कट्टरपंथी अंतरिम सरकार से पाकिस्तान गलबहियां करने में लगा है। पाक को लग रहा है कि भारत की प्रभावी गैर मौजूदगी और भारत विरोधी ताकतों के सहारे वो बांग्लादेश को फिर से 'पूर्व पाकिस्तान' बना सकता है। पाक विदेश मंत्री ने अपने दौरे में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने और मृत पड़े सार्क को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। साथ ही इस दौरान यूनुस ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की बात कही। जवाब में युनूस ने कहा कि मैं एसएएआरसी को बढ़ावा देने के पक्ष में हूं और पाकिस्तान व अन्य एसएएआरसी देशों के साथ रिश्तों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता हूं। चर्चा में इशाक डार ने स्वीकार किया कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच कुछ संवेदनशील मुद्दे हैं (संभवतः 1971 के युद्ध से जुड़े), लेकिन साथ ही संस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तानी गायक बांग्लादेश में प्रस्तुति देते हैं, तो लोग उनकी सराहना करते हैं। यही भावना हमें आगे बढ़ानी है। साथ ही कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ पुराने रिश्तों को फिर से जीवंत करना चाहता है। उन्होंने काह कि हमारी दोनों अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, कई क्षेत्रों में हम साथ काम कर सकते हैं। गौरतलब है कि इशाक डार पिछले 13 वर्षों में बांग्लादेश का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री हैं। बता दें कि इससे पहले डार ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, जमात-ए-इस्लामी के नेताओं, और छात्र संगठन नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) से भी मुलाकात की। उन्होंने बांग्लादेश सरकार के ऊर्जा और वाणिज्य से जुड़े सलाहकारों से भी बातचीत की। दूसरी तरफ बांग्लादेश में इस बात की चर्चा ज़ोरों पर है कि 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान अपनी भूमिका के लिए पाकिस्तान की तरफ़ से माफ़ी मांगी जाती है या नहीं। पाक विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद एनसीपी ने कहा है कि बांग्लादेश-पाकिस्तान संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए 1971 के मुद्दे से निपटा जाना चाहिए। इसी तरह जमात-ए-इस्लामी ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में अनसुलझे मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने की ज़रूरत है। अब सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान अपनी 1971 की गलतियों के लिए बांग्लादेश से माफी मांगेगा क्या? बिना इसके बांग्लादेश के साथ उसके रिश्ते वास्तव में सामान्य और सहज हो सकेंगे? इस बारे में बांग्लादेश के विश्लेषकों का कहना है कि 1971 में हुए नरसंहार की ज़िम्मेदारी पाकिस्तानियों को स्वीकार करनी होगी। पाक ने इसे अलग-अलग तरीक़ों से कहा । 1971 के जनसंहार के लिए माफ़ी मांगे बिना कोई भी सरकार पाकिस्तान के साथ रिश्तों में ज़्यादा प्रगति नहीं कर सकती। गौरतलब है कि विगत 17 अप्रैल को बांग्लादेश-पाकिस्तान विदेश सचिव स्तर की बैठक के बाद, बांग्लादेश ने बार-बार 'मुक्ति संग्राम के दौरान अत्याचारों के लिए माफी मांगने या स्वतंत्रता-पूर्व साझा संसाधनों के लिए मुआवजे के रूप में 4.32 बिलियन डॉलर की बकाया राशि की मांग करने' जैसे मुद्दों को बढ़ावा दिया है।

# 130वाँ संविधान संशोधन और लोकतंत्र

**भारतीय लोकतंत्र का मूलाधार यह है कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही शासन की बागडोर संभालें। परंतु समय-समय पर राजनीति में अपराधीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति ने लोकतंत्र की नींव को हिलाया है। संसद और विधानसभाओं में ऐसे प्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ती गई है जिन पर आपराधिक मामल लंबित हैं। यही कारण है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया, जिसके अंतर्गत यदि कोई मंत्री (चाहे केंद्र स्तर पर हो या राज्य स्तर पर) किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहता है तो उसे पद से हटना होगा। यह प्रस्ताव जहां एक ओर राजनीति को शुचिता की ओर ले जाने का प्रयास करता है, वहीं दूसरी ओर इसके संभावित दुरुपयोग और संवैधानिक चुनौतियों पर भी बहस छिड़ गई है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 75 और 164 में संशोधन का प्रस्ताव करता है, जो केंद्र और राज्यों में मंत्रिपरिषद की नियुक्ति और पदच्युत करने से संबंधित हैं। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, यदि कोई मंत्री किसी ऐसे अपराध में आरोपित होकर गिरफ्तार होता है, जिसकी अधिकतम सजा पाँच वर्ष या उससे अधिक है, और यदि वह लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहता है, तो उसे पद से हटना अनिवार्य होगा। यह हटाने की प्रक्रिया प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की सिफारिश पर आधारित होगी, लेकिन यदि वे सिफारिश नहीं करते तो 31वें दिन वह मंत्री स्वतः ही पदमुक्त हो जाएगा। विधेयक में दिल्ली के लिए अनुच्छेद 239AA में भी इसी प्रकार के प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि यह प्रावधान केवल केंद्र और राज्यों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर भी लागू होगा।

वर्तमान समय में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (Representation of People Act, 1951) के तहत केवल वही व्यक्ति संसद या विधानसभा की सदस्यता खोता है जिसे किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराकर कम से कम दो साल की सजा सुनाई गई हो। 2013 में लिली थॉमस बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया था कि दोषसिद्धि के बाद सदस्यता तुरंत समाप्त होगी, अपील लंबित रहने की स्थिति में भी सदस्यता बचाई नहीं जा सकेगी। इस प्रकार, मौजूदा प्रावधान दोषसिद्धि पर आधारित हैं, जबकि नया विधेयक मात्र गिरफ्तारी और 30 दिनों की हिरासत को ही पद से हटाने का आधार बनाता है। यही इस विधेयक की सबसे बड़ी विशेषता भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी।

भारतीय राजनीति में अपराधीकरण कोई नया विषय नहीं है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की रिपोर्ट बताती है कि 2024 के आम चुनाव में चुने गए 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से 29 प्रतिशत पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। इसी तरह राज्यों में भी लगभग 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक



मुकदमे चल रहे हैं। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है, क्योंकि अपराध के आरोपित जनप्रतिनिधि न केवल शासन में प्रवेश करते हैं, बल्कि मंत्री जैसे संवेदनशील पदों पर भी आसीन हो जाते हैं। ऐसे परिप्रेक्ष्य में यह विधेयक एक सशक्त प्रयास के रूप में देखा जा सकता है, जो यह संदेश देता है कि अपराध के दागी व्यक्ति सत्ता में बने रहने के योग्य नहीं हैं।

हालाँकि, यह विधेयक कई सवाल भी खड़े करता है। पहला प्रश्न यह है कि गिरफ्तारी और हिरासत को पदच्युत करने का आधार बनाना क्या न्यायोचित है? भारतीय संविधान में निर्दोषता की धारणा (Presumption of Innocence) को एक मौलिक सिद्धांत माना गया है। कोई भी व्यक्ति तब तक दोषी नहीं माना जाता जब तक कि न्यायालय उसे दोषी न ठहरा दे। ऐसे में, केवल पुलिस की कार्रवाई या राजनीतिक दबाव में की गई गिरफ्तारी के आधार पर मंत्री को पद से हटाना लोकतांत्रिक सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होता है। दूसरा, इस विधेयक के दुरुपयोग की आशंका प्रबल है। केंद्र सरकार यदि चाहे तो विपक्ष-शासित राज्यों के मंत्रियों को झूठे मामलों में फँसाकर गिरफ्तारी करवा सकती है और उन्हें पद से हटाने के लिए विवश कर सकती है। इससे संघीय ढांचे पर भी आघात हो सकता है। तीसरा, यह प्रावधान संसदीय लोकतंत्र की मूल भावना को चुनौती देता है। प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को अपनी इच्छा से मंत्रिमंडल बनाने और हटाने का अधिकार संविधान ने दिया है। यदि पुलिस या प्रशासनिक कार्रवाई से मंत्रियों को हटाया जाने लगे तो यह कार्यपालिका की स्वतंत्रता पर प्रहार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर अपने विचार प्रकट किए हैं। बी.आर. कपूर बनाम तमिलनाडु राज्य (2001) में कोर्ट ने कहा था कि किसी व्यक्ति को मंत्री बनाने में नैतिकता और शुचिता का ध्यान रखा जाना चाहिए। बाद में एन.गिरिजा बनाम केरल राज्य और लिली थॉमस मामलों में भी यह स्पष्ट किया गया कि दोषसिद्धि होने पर सदस्यता तुरंत समाप्त होगी। लेकिन अभी तक यह जिम्मेदारी राजनीतिक दलों और प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री की नैतिकता पर छोड़ी गई थी। नया विधेयक इस नैतिक जिम्मेदारी को कानूनी दायरे में लाने का प्रयास करता है।

विपक्षी दलों ने इसे केंद्र सरकार का 'राजनीतिक हथियार' बताया है। उनका तर्क है कि इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता कमज़ोर होगी और केंद्रीय सत्ता को राज्यों पर अनुचित नियंत्रण का अवसर मिलेगा। वहीं, समर्थक यह मानते हैं कि राजनीति में शुचिता लाने के लिए कठोर प्रावधान आवश्यक हैं और यदि कोई मंत्री अपराध का आरोपी बनता है तो उसे सत्ता से बाहर होना ही चाहिए।

राजनीति में अपराधीकरण की समस्या को केवल कठोर क़ानूनों के माध्यम से समाप्त नहीं किया जा सकता। यह समस्या कहीं अधिक गहरी और जटिल है, जिसकी जड़ें राजनीतिक दलों की नीतियों और समाज की सोच में छिपी हुई हैं। केवल कानूनी प्रावधान बना देने से राजनीतिक परिदृश्य शुचिता से परिपूर्ण नहीं हो जाएगा, क्योंकि जब तक राजनीतिक दल स्वयं संयम न बरतें और जनता अपराधी पृष्ठभूमि वाले नेताओं को नकारने का साहस न दिखाए, तब तक अपराध और सत्ता का यह गठजोड़ बना रहेगा। यह आवश्यक है कि दल टिकट वितरण की प्रक्रिया में नैतिकता और जिम्मेदारी का परिचय दें और आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारने से बचें। यही नहीं, जनता को भी मतदान करते समय ऐसे उम्मीदवारों को नकारने का विवेकपूर्ण निर्णय लेना होगा। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट पहले ही बार-बार यह सिफारिश कर चुके हैं कि राजनीतिक दल अपराधी पृष्ठभूमि वाले नेताओं को बढ़ावा न दें और उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों की जानकारी जनता तक पारदर्शी ढंग से पहुँचाई जाए।

हालाँकि, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि मौजूदा विधेयक को जल्दबाज़ी में लागू करने के बजाय उसमें संतुलनकारी प्रावधान जोड़े जाएँ। उदाहरणस्वरूप, केवल गिरफ्तारी या पुलिस हिरासत को ही मंत्री पद से हटाने का आधार बना देना न्याय के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी भी व्यक्ति को तब तक दोषी नहीं माना जा सकता जब तक कि सक्षम न्यायालय उसके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल न कर दे और प्रारंभिक साक्ष्य आरोप को पुष्ट न करें। अतः विधेयक में यह संशोधन आवश्यक है कि केवल न्यायालय द्वारा स्थापित आरोपों के आधार पर ही मंत्री को पद से हटाने का प्रावधान लागू हो।

इसके अलावा, मंत्री को पद से हटाने की प्रक्रिया में केवल हिरासत ही नहीं बल्कि न्यायिक समीक्षा को भी अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। इसका तात्पर्य यह है कि किसी भी मंत्री की गिरफ्तारी के मामले में, हटाने का अंतिम निर्णय एक न्यायिक निकाय या उच्च न्यायालय की देखरेख में हो, ताकि राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव में की गई पुलिस कार्रवाई लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर न कर सके।

अध्यात्म

## मन अशांत हो तो कुछ समय मौन रहकर हालात समझें



प्रचलित प्रसंग के अनुसार गौतम बुद्ध रोज अपने शिष्यों को उपदेश देते थे। बुद्ध के प्रवचन सुनने शिष्यों के साथ ही अन्य लोग भी पहुंचते थे। एक दिन जब बुद्ध प्रवचन दे रहे थे, तभी एक व्यक्ति पहुंचा और वह बोला कि तथागत मैं आपसे बहुत सारे प्रश्न पूछना चाहता हूं। मेरा मन बहुत अशांत है। कृपया मेरे प्रश्नों के उत्तर दें, ताकि मेरा मन शांत हो सके।

बुद्ध ने उससे कहा कि मैं तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर जरूर दूंगा। लेकिन, तुम्हें एक साल तक मौन धारण करना होगा। एक साल के बाद तुम जो भी पूछोगे, तुम्हें उसका उत्तर जरूर मिल जाएगा। उस व्यक्ति ने कहा कि एक साल बाद आप मेरे प्रश्नों के अवश्य देंगे ना? बुद्ध ने कहा कि मैं अपनी बात का पक्का हूं, तुम्हें सारे प्रश्नों के जवाब दूंगा, लेकिन एक साल बाद।

बुद्ध की बात मानकर उस व्यक्ति ने मौन व्रत धारण कर लिया। धीरे-धीरे वह मौन की वजह से उसका मन एकाग्र होने लगा, वह ध्यान में उतरने लगा। मन भी शांत होने लगा। उसके सभी प्रश्न खत्म होने लगे। एक साल बीत गया।

समय पूरा होने के बाद बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि अब तुम अपने सभी प्रश्न मुझसे पूछ सकते हो। ये बात सुनकर वह व्यक्ति हंसा और कहा कि एक साल पहले मेरे मन में कई प्रश्न थे, लेकिन अब सारे प्रश्न शांत हो गए हैं। अब मेरे पास आपसे पूछने के लिए कोई प्रश्न नहीं है।

बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि जब तक हमारा मन शांत नहीं है, मन में ढेरों प्रश्न उठते रहते हैं, उसकी परेशानियां बनी रहती हैं। अज्ञान और भ्रम की वजह से हमारा मन प्रश्नों के उत्तर तक पहुंच ही नहीं पाता है। कुछ समय मौन धारण करके हम हालातों को समझेंगे तो सारे प्रश्नों के उत्तर स्वतः ही मिलने लगते हैं।

मन शांत हो जाता है तो सभी प्रश्न भी खत्म हो जाते हैं। सारी चीजें हम आसानी से समझने लगते हैं और जीवन में सुख-शांति मिल जाती है।

# महिला समानता का लक्ष्य अब भी शेष

**महिला समानता दिवस पर हम उन सभी सशक्त और प्रतिभाशाली महिलाओं के योगदान और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हैं जो हमसे पूर्व आईं और हम सभी के लिए एक बेहतर और समावेशी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहीं। यह प्रतिबद्धता हम सभी की है जो हमारी आने वाली अगली पीढ़ी को हम से अधिक अधिकार उपलब्ध कराने के लिए है। महिला समानता के लिए दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति नेल्सल मंडेला ने कहा था कि 'समानता सिर्फ एक बड़ा लक्ष्य नहीं है, यह एक व्यवहारिक आवश्यकता है। जब महिलाओं को समान अवसर मिलते हैं तो पूरा समाज फलता-फूलता है। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कहती है कि 'जब तक महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीड़न से मुक्ति नहीं मिल जाती, तब तक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती'।**

**चित्रा माली**

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा कहती है कि 'हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि समानता के लिए हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। यह सिर्फ वोट देने के अधिकार की बात नहीं है। यह समान वेतन, स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुंच और जीवन के हर पहलू में समान अवसरों की बात है'। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अवधारणा के विकसित होने के बाद भी वैश्विक स्तर पर महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार के लिए अलग से संघर्ष करने पड़े हैं। अमेरिकी महिलाओं ने समान अधिकारों के लिए एक लंबा संघर्ष किया था जिसके फलस्वरूप 26 अगस्त 1920 में अमेरिकी संविधान में संशोधन के बाद पहली बार महिलाओं को मताधिकार का अधिकार प्राप्त हुआ। महिला समानता के अधिकारों के संघर्ष की स्मृतियों को ताजा रखते हुए प्रत्येक वर्ष 26 अगस्त को महिला समानता दिवस (Women's Equality Day) के रूप में मनाया जाता है। 26 अगस्त 1970 को अमेरिकी संविधान में 19वें संशोधन के पारित होने की 50वीं वर्षगांठ थी इसी संविधान संशोधन ने महिलाओं को पूर्ण मताधिकार प्रदान किया था। इसी वर्ष 'राष्ट्रीय महिला संगठन' ने महिलाओं से समान अधिकारों के लिए देशव्यापी समानता के लिए हड़ताल का आह्वान किया था। जिसमें देश के 90 से अधिक प्रमुख शहरों और कस्बों में एक लाख से अधिक महिलाओं ने रैलियों और प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। अमेरिका के इतिहास में लैंगिक समानता के लिए यह हड़ताल महिलाओं का सबसे बड़ा प्रतिरोध थी। न्यूयॉर्क शहर में पचास हजार महिलाओं ने महिला आंदोलन और समान अधिकारों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में बेट्टी फ्राइडन, ग्लोरिया स्टीनम और बेला अब्जुग ने संबोधित भी किया था। महिलाओं ने शिक्षा और रोजगार में समान अवसर की मांग की और साथ ही बाल देखभाल केंद्रों की मांग भी की। 1971 न्यूयॉर्क में बेला अब्जुग ने महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करने के लिए एक विशेष दिन की मांग की। इस विशेष दिवस की मांग को मान लिया गया और 1973 में अमेरिकी कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में नामित किया। इसके बाद पूरी दुनिया में महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। महिला समानता दिवस के इतिहास को कई कार्यशालाओं और सेमिनारों में वक्ताओं के द्वारा बताया जाता है और बताया जाएगा। लेकिन आज भी महिला समानता दिवस अपने मूल उद्देश्य से काफी पीछे है। आज भी यह दिवस महज रस्म अदायगी के तौर पर मनाया जाता है और कई महिलाओं को इस दिवस और इसके इतिहास का ज्ञान न होना भी इसे सवालों के घेरे में ले जाता है।



महिला समानता दिवस का उद्देश्य महिलाओं के साथ होने वाले सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक समानता को बढ़ावा देना है, इसके साथ ही, यह लैंगिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ जागरूकता फैलाने का एक अवसर है, यह महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनके हक के लिए लगातार प्रयास करने की प्रेरणा देता है। महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार, भेदभाव, बलात्कार, कुकर्म, एसिड अटैक के प्रति लोगों को जागरूक और संवेदनशील बनाना है और महिलाओं को सशक्त कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। वर्ष 2023 में महिला समानता दिवस की थीम "Embrace Equality" था जिसका अर्थ 'समानता को अपनाओ या गले लगाओ' थी। इस थीम के द्वारा लैंगिक समानता हासिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। वर्ष 2024 में महिला समानता दिवस की थीम 'अपने जीवन में महिलाओं का धन्यवाद करें' थी, जो जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं के योगदान को पहचानने और उनकी सराहना करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। वर्ष 2025 की थीम 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण है'। यह थीम लैंगिक समानता प्राप्त करने के महत्व पर जोर देती है और महिलाओं व लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए तेजी से कदम उठाने का आह्वान करती है। लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goal - 2030) में से भी एक है। लैंगिक समानता मौलिक अधिकार होने के साथ एक शांतिपूर्ण, समृद्ध, सतत और टिकाऊ दुनिया के लिए आवश्यक आधार भी है। लैंगिक समानता की दिशा में विगत वर्षों में प्रगति हुई है लेकिन समूचे विश्व में लैंगिक समानता का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भी हासिल नहीं हो सकेगा। 131 देशों में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 61 देशों में आज भी महिलाओं को पुरुषों के समान कार्य करने से रोका जाता है। 38 देशों में विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष बिना किसी ठोस आधार के निर्धारित की गई है। 63 देशों में बलात्कार को सहमति के अभाव के तौर पर परिभाषित किया जाता है। 80 प्रतिशत देशों में आधी से भी कम महिलाओं के पास कृषि योग्य भूमि का स्वामित्व है जो ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और कृषि खाद्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय संसदों में वर्ष 2025 में महिलाओं के पास महज 27.2 प्रतिशत सीटें हैं जो वर्ष 2015 से 4.9 प्रतिशत और वर्ष 2024 से महज 0.3 प्रतिशत ही अधिक है। भारतीय संविधान महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्रदान करता है। लेकिन क्या ये सभी समानताएं 21 वीं सदी के तीसरे दशक में भी परिलक्षित होती हैं? कई लोग तर्क दे सकते है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और उन्हें अवसरों की समानता है। इस तर्क को स्वीकार किया जा सकता है लेकिन हर क्षेत्र में अवसर की समानता उतनी सहज नहीं है जितनी पुरुषों को है, साथ ही इसकी एक कीमत भी उसे चुकानी पड़ती है शिवानी भटनागर और जेसिका लाल के नाम शायद आज भी स्मृतियों में जिंदा हो। अपनी योग्यता साबित करते रहने के साथ साथ कई बार महिला होने के नाते भी समस्याओं, भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ साथ कार्यस्थल की जिम्मेदारियों का संयोजन भी बखूबी महिलाएं करती आई है और लगातार कर रही है। भारतीय समाज व्यवस्था में महिलाओं की समानता, स्वतंत्रता, न्याय के अधिकार और उनके प्रति संवेदनशीलता के इर्द गिर्द कई सारे सवाल आज भी मौजूद है जिन पर विमर्श की लगातार दरकार है और यही विमर्श आने वाले महिला समानता दिवस के लिए कारगर साबित होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आप कुछ नया करने की सोचेंगे, लेकिन आपको कामों में कुछ उलझनें आएंगी, जिससे आपको टेंशन भी रहेगी। आपको कामों समस्याएं भी हो सकती हैं।

**वृषभ**

सुख-सुविधाएं बढ़ने से खुशी होगी। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। लेनदेन के मामलों को बैठकर निपटाने की कोशिश करें।

**मिथुन**

छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करेंगे। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**कर्क**

आज का दिन मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला आपको टेंशन देगा। कार्यक्षेत्र में कोई धोखा देने की कोशिश करेगा।

**सिंह**

अपने बढ़ते खर्चो को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं।

**कन्या**

तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपकी कला कौशल में निखार आएगा।

**तुला**

किसी बात को लेकर वाद विवाद में ना पड़ें। नए बिजनेस की शुरुआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं। कोई प्रॉपर्टी को लेकर मुद्दा आपको समस्या देगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके गृहस्थ जीवन में यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी।

**मकर**

कुछ गुप्त शत्रु आपका नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में आप किसी अजनबी से कोई लेन-देन ना करें। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस उनके कामों पर नजर रखेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके घर में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। परिवार में खुशियां भरपूर रहेगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपके बिजनेस में चार चांद लगेंगे।

# आरा से गूंजेगी लोकतंत्र बचाने की पुकार, 30 को विपक्ष की विशाल जनसभा

## आरा में विपक्ष की हुंकार, भीड़ जुटाने की तैयारी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के जितौरा व हेतमपुर पंचायत में बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आरा नगर निगम के पूर्व मेयर एवं राजद नेता सुनील कुमार यादव ने की। राजद नेता सुनील कुमार यादव ने कहा कि आगामी 30 अगस्त को आरा के महाराजा कॉलेज खेल मैदान में वोटर अधिकार यात्रा के तहत एक विशाल जनसभा आयोजित होगी। यह ऐतिहासिक सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस जनसभा में लाखों की भीड़ उमड़ेगी इसलिए यह आंदोलन वोट बचाने और वोट छीनने की साजिशों के खिलाफ जनता को संगठित करने का प्रयास है। जनता का वोट ही लोकतंत्र की असली ताकत है। इसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं की भी बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने इसे बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले विपक्षी एकजुटता का प्रदर्शन और वोटर अधिकारों की बड़ी लड़ाई है। गौरतलब है कि वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत 17 अगस्त से हुई है और यह 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में विशाल रैली के साथ समाप्त होगी। पटना की इस रैली में भी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव मंच साझा करेंगे। यह यात्रा न केवल मतदान अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठाने का प्रयास है, कहना है कि यह यात्रा वोट छीनने के खिलाफ और वोट बचाने के लिए है। मौके पर उपस्थित रहे विश्वकर्मा यादव, आकाश यादव, मक्की सिंह, बिट्टू यादव, पप्पू यादव, विक्की यादव, पिंटू यादव, मुन्ना यादव, युवा नेता गोविन्द कुमार, रविन्द्र कुमार,पलवाहन जी विनय कुमार, छोटू कुमार, हीरा नंद सिंह, रामनिवास सिंह, अशोक सिंह यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वोट चोरों को उखाड़ फेकेंगी जनता : माले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भाकपा-माले के दिवंगत नेता कामरेड नूर आलम की दूसरी स्मृति दिवस पर सरस्वती संस्त विद्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। अध्यक्षता चन्द्रदेव वर्मा, नवल किशोर, बैजू सिंह, शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्ष मंडली और संचालन चन्द्रदेव वर्मा ने की। कामरेड नूर आलम की तस्वीर पर माल्यार्पण और मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू हुआ। जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कामरेड नूर आलम के सपनों को साकार करने का संकल्प व्यक्त करते हुए भाकपामाले को विस्तार और मजबूती प्रदान की अपील की। उन्होंने कहा चुनाव आयोग और मोदी सरकार एसआइआर के जरिए गरीबों दलितों प्रवासी मजदूर अल्पसंख्यक मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर रखने की साजिश की थी। जिसके खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा से उनके मंशा पर पानी फिर गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश आधार कार्ड की मान्यता देने के बावजूद बीएलए और विपक्षी दल के नेताओं से बीएलओ और चुनाव अधिकारी से सामंजस्य नहीं बना रहे हैं जिससे वोटर का नाम कटने का खतरा मौजूद है। इसके खिलाफ 1 सितंबर को गांधीमैदान पटना में वोटर अधिकार रैली में बड़ी तादाद में भाग लेने की अपील की।एक भी वोटर छुटे नहीं चुनाव आयोग को इसकी गारंटी करनी चाहिए। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव, आईसा के अजय कुमार जिलाध्यक्ष सोनू फर्नाज, रामकुमार तांती, गौड़ी पासवान, नन्हकू पासवान, मांटो पासवान, मुक्तिनारायण सिंह, इन्द्रदेव राम, अमरजीत पासवान, जयजयराम पासवान, रामानंद महतो, अन्नु कुमारी, पुनम देवी, संजय ठाकुर, रामकरण सिंह, मदन सहनी, टारी रजक, राजाराम पासवान, ऐहतेशाम अहमद, कैलाश महतो, विशाल कुमार, सैफ नाबाव शामिल थे।

## एक नजर

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अधिवक्ता स्व अवधेश कुमार लाल की दुसरी पुण्यतिथि पर कोर्ट परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया है। साथ ही अधिवक्ता कक्ष में स्व लाल की तस्वीर लगाया गया है। मौके पर वकील संघ के महासचिव विजयकांत झा ने कहा कि स्व अवधेश कुमार लाल दधिची थे। जीते जी उन्हांने गरीबों को न्याय दिलाने में मदद करते रहे और मरणोपरांत देहदान कर मेडिकल की शिक्षा ग्रह्ण कर रहे युवाओं के लिए खुद का देह उपलब्ध कराया है। ऐसे में इन्हें हम आधुनिक दधीची मानते हैं। मौके पर बिहार बार काउंसिल के सदस्य संजीव कुमार ने कहा कि अधिवक्ता परिवार स्व लाल को अपना आदर्श मानता है। ये हमें समाज के लिए जीने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता सुभाष सिन्हा ने कहा कि स्व अवधेश कुमार लाल का जीवन संतों जैसा रहा है। वे अपने से बड़े सम्मान व छोटे को बहुत मददगार के रूप में रहे। यही वजह है कि कोर्ट परिसर में काफी चर्चित रहे हैं।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वकील संघ के अध्यक्ष ध्रुब्ब कुमार महतों, पूर्व अध्यक्ष राममूर्ति प्रसाद सिंह, वैद्यनाथ प्रसाद सिंह व विनोद कुमार सिन्हा, पूर्व महासचिव रामण्ण, वरीय अधिवक्ता विनय रंजन, अश्वनी कुमार सिन्हा, दीपक सिन्हा, स्वेतांशु रंजन, राजेश शर्मा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, संगीता, प्रसन्न कुमार सिंह, धनंजय कुमार, नारायण प्रसाद सहित काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

### बाढ़ पीड़ितों के बीच लगातार कर रहे राहत वितरण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मटिहानी प्रखण्ड में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आपका सेवक आपके द्वार अभियान के तहत राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को वार्ड संख्या 4 कैलाशपुर में पूर्व मेयर संजय कुमार के नेतृत्व में करीब डेढ़ सौ से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच बर्तन और सूखा राशन वितरित किया गया।इस मौके पर पूर्व संजय कुमार ने कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति से गरीब और असहाय परिवारों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। ऐसे में अभियान के तहत जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाई जा रही है।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की मदद से बाढ़ प्रभावित परिवारों को काफी राहत मिलेगी। आयोजकों ने भरोसा दिलाया कि आगे भी बाढ़ पीड़ितों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने का काम जारी रहेगा।

### राजस्व महाअभियान के तहत प्रपत्र वितरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों में राजस्व महाभियान में भूधारियों के बीच प्रपत्र वितरण में तेजी आई है। अंचल अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिम, पहसारा पूर्वी, डफरपुर, नावकोठी, हसनपुर बागर, विष्णु पुर रजाकपुर, समसा में भू-धारियों के बीच वितरण जारी है। महाभियान में भू-धारियों के बीच प्रपत्र वितरण की मनिटरिंग नोडल अधिकारी कर रहे हैं। हर राजस्व ग्राम में पचास फीसदी से अधिक लोगों ने प्रपत्र प्राप्त कर लिया है। वितरण कार्य की समीक्षा प्रत्येक दिन शाम में की जाती है। उन्होंने भू-धारियों से कहा है कि भूधारियो के भूमि में त्रुटि सुधार हेतु 20 सितम्बर तक राजस्व महाभियान चलेगा। इसमें परिमार्जन, खाता, खेसरा संधारण, मृत भू-धारियों के नाम की जमीन को वंशावली के आधार पर नाम हस्तांतरण आदि कार्य संपादित होगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी सिया राम, अवधेश कुमार, पंचायत सचिव राम विनय सिंह, चंदन कुमार, विकास मित्र मुकेश कुमार, अर्जुन रजक, रानी, पूनम, विदुषी भारती, मधुमाला आदि मौजूद थे।

### मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया मंगलवार को पीरो प्रखंड के लामारी टोला गांव पहुंचे। वहाँ उन्होंने बिजली के तार की चपेट में आकर हुए लालबाबू यादव की दुखद मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। विधायक लोहिया दिवंगत आत्मा के दाह संस्कार में भी शामिल हुए और ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति तथा परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जगदीशपुर से निकलेगा युवाओं का विशाल जत्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड के महुरही गांव स्थित आशीर्वाद फैमिली होटल में बुधवार को आगामी 30 अगस्त को आरा में 'वोटर अधिकार यात्रा' को सफल व यादगार बनाने सहित जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र से युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर युवा राजद, जगदीशपुर की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता युवा अध्यक्ष रवि यादव ने की और संचालन पैक्स अध्यक्ष अमित यादव ने की। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के युवा राजद नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव मौजूद रहे। बैठक में वोटर अधिकार यात्रा में क्षेत्र से युवाओं की अधिकतम भागीदारी और क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने और आम लोगों को केंद्रीय व राज्य नेताओं के आगमन की जानकारी देने के साथ निमंत्रण देने को लेकर गहन चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 36 पंचायतों और एक नगर पंचायत, जगदीशपुर से युवाओं का जत्था 'यात्रा' और सभा में शामिल होने के लिए बाइक से जाएंगे। जत्था का शुरुआत जुलूस के शक्ल में हरिगांव बाजार से सुबह 10 बजे से शुरू होगा। एनएच 319 कौंरा, जीरो माइल होते हुए आरा शहर में कूच करेगा।

# प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्र स्तरीय तक खेलेंगे युवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले जिले के सभी महाविद्यालय के एनएसएस इकाई व सेहत केंद्र के द्वारा जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन मटिहानी के आरकेएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।रेफरी के रूप में खेल प्रशिक्षक सौरभ कुमार व राजकुमार ने योगदान दिया। मौके पर एनएसएस पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज के कहा कि यह कार्यक्रम बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के निर्देशानुसार आयोजित किया गया यह कार्यक्रम का थीम 'रेड रन-2025 है तथा कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में होने वाली भयंकर बीमारी जैसे एचआईवी, एड्स तथा विभिन्न तरह के जानलेबा बीमारियों से जागरूक करने के लिए है। प्रतियोगिता में सभी कलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मटिहानी के आरकेएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सभी प्रतिभागियों को एकजुट किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने सभी स्वयंसेवक को शुभकामना भेंट करते हुए कहा कि कॉलेज में अध्यनरत युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना सराहनीय पहल है। इससे युवाओं का शारीरिक्त तथा मानसिक विकास होगा। आज के इस कार्यक्रम में कई युवाओं ने अपने धावक कला को दिखाया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक भाग लेने का अवसर मिलेगा।जानकारी साझा करते हुए एम. आरजेडी कलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी ड. रविन्द्र कुमार मुरारी ने बताया कि लड़कियों में प्रतिभागियों में पहला स्थान मनीषा कुमारी, दूसरा स्थान मौसम कुमारी, तीसरा स्थान पूजा कुमारी, चौथा स्थान ऋचा कुमारी तथा पाँचवाँ स्थान मोनिका कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं लड़को में प्रतिभागियों में पहला स्थान अरविंद कुमार, दूसरा स्थान राजवीर गुप्ता , तीसरा स्थान शिवम कुमार, चौथा स्थान केशव कुमार तथा पाँचवाँ स्थान विकाश राय ने प्राप्त किया। आगे उन्होंने सभी को शुभकामना दिया। पटना से आये हुए रिसोर्स पर्सन असीम कुमार झा जी ने टॉप-5 प्रतिभागियों के बीच प्रशस्ति पत्र और उपकार प्रकाशन की प्रतियोगिता पुस्तकें उपहार स्वरूप दिया।इस मौके पर रामधारी सिंह इंजीनियरिंग कलेज से संजीत कुमार, तेयाय कलेज से ड.शैलेन्द्र कुमार, खेल प्रशिक्षक राज कुमार, सौरभ कुमार, पियर एडुकेटर सुमित कुमार, नीतीश कुमार, अजित कुमार, सूरज कुमार, विक्रम राठौड़, श्रीराम सहित दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी में जान मारने की नीयत से गोलीबारी करने की घटना सामने आई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि इस संबंध में स्व राम उदय सिंह के पुत्र राजीव कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने दिये गये आवेदन में कहा कि वह डेरा पर गाय को खिला रहा था। इसी क्रम में दो मोटरसाइकिल पर सवार शिवम कुमार, गोलू कुमार, शिवम कुमार उर्फ मंगल, कारु कुमार उर्फ करका, अमृत कुमार तथा सुन्दरम कुमार आये और कहा कि हमलोग बौआ को मार रहे थे तो तुमलोग क्यों गये थे। इसी बात पर पिस्तौल निकाल कर उस पर फायरिंग कर दिया। जान बचाने के लिए वह मकई के खेत में घुस गया और किसी प्रकार से जान बच सकी। उसने कहा कि यह साजिश सरपंच सुशील कुमार, अंजनी कुमार तथा उत्तम कुमार की है। इधर दूसरे पक्ष से अवध किशोर प्रसाद सिंह ने राज कुमार उर्फ बौआ, राजीव कुमार, जावेद मियां, हरे राम सिंह, गोपाल कुमार, राजा कुमार, राजीव मालाकार आदि को आरोपित करते हुए कहा है कि ज्योंहि शिवम कुमार राजकुमार के डेरा पर पहुंचा त्योंही राजा कुमार, गोपाल कुमार, राजीव कुमार तथा जावेद मियां जान मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई। लाठी, डंडे से घेरने का प्रयास किया किंतु भाग गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने उभय पक्षों की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गये हैं।

# चाकू से गला रेत कर किया महिला को जख्मी

## आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कर रही छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी वार्ड संख्या 06 में मंगलवार की देर रात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दो महिलाओं को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। जख्मी महिला की पहचान टुबुल महतो की 22 वर्षीया पत्नी खुशबू देवी तथा विशाल महतो की 29 वर्षीया पत्नी शोभा देवी के रूप में हुई है। जख्मियों को इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी ले जाया गया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया गया। जख्मी खुशबू देवी के भैंसुर कन्हैया कुमार जेठानी पुतुल देवी ने बताया कि उसकी देवरानी तथा मुहल्ले की अन्य महिला उसके आंगन में बने शिव मंदिर के प्रांगण में तीज व्रत का पूजा अर्चना कर रही थी। उसने गांव के ही विष्णु देव सहनी के पुत्र धर्मेन्द्र सहनी तथा उसके अन्य दो साथियों पर घटना करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि रात के अंधेरे में बिना कुछ बोले आया और चाकू से वार करना शुरू कर दिया। सर्वप्रथम खुशबू देवी पर वार किया। उसके गले में गहरा जख्म हो गया। फिर बगल में बैठी शोभा देवी ने इसका विरोध की तो उसे भी चाकू से वार कर दिया। जिससे उसके गर्दन, ठुड्डी पर गहरा जख्म हो गया। बचाव के दौरान दायें हाथ की चार अंगुलियां कट गई हैं। खुशबू देवी के गले में चौन व मंगलसूत्र और शोभा देवी के गले में ढोलना भी बदमाश घटना के दौरान ले भागा। बदमाश धर्मेन्द्र सहनी पूर्व में भी बखरी थाने के शिवनगर के नवल किशोर सदा को 21 जनवरी को चाकू मारकर जख्मी कर दिया था। जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। एक माह पूर्व वह जेल से जमानत पर निकला था। वह शराब कारोबार के जूर्म में भी जेल जा चुका है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया किन्तु ग्रामीणों ने बताया कि धर्मेन्द्र की शादीशुदा बहन को खुशबू देवी के जेठ ने बहला फुसला कर लगभग एक साल पूर्व शादी कर लिया था। इससे आक्रोशित होकर धर्मेन्द्र ने इस घटना को अंजाम दिया है। आगे बातें जो भी हो पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु सघंदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि चंदन कुमार ने धर्मेन्द्र कुमार तथा अन्य तीन साथियों पर चाकू से हमला कर जख्मी करने का आरोप लगाकर आवेदन दिया है। मामला दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

### युवक का शव मिला

**बिक्रम।** नगर पंचायत बिक्रम के खोरैठा वार्ड 4 की पार्षद सुनीता देवी के बड़े पुत्र ध्रुव तिवारी (25 वर्ष)का शव 24 घंटे बाद एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की मदद से बुधवार को अरवल सोन नहर से निकाला गया।

# बेगूसराय जिले में पहुंचा हीरो एशिया कप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** हीरो एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में किया जाएगा। यह पहला अवसर है जब बिहार में पुरूष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता होने जा रही है, जिसमें चीन, जापान एवं ताइवान सहित आठ देशों की टीमें भाग लेंगी।प्रतियोगिता के फाइनल विजेता को दिए जाने वाली ट्रफी फिलहाल पूरे बिहार का भ्रमण कर रही है। ताकि खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया जा सके और वे इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बन सकें। इसी क्रम में बुधवार को ट्रॉफी बेगूसराय पहुंची। ट्रॉफी को जिला पदाधिकारी बेगूसराय, तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, सहित अन्य पदाधिकारियों ने गांधी स्टेडियम बेगूसराय में सम्मान पूर्वक मंच पर लाया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, खेल विभाग के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने मिलकर ट्रफी का भव्य स्वागत किया। मौके पर ही पास द बॉल समारोह के तहत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतीकात्मक हकी खेल का प्रदर्शन किया गया और बैलून भी उड़ाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव का क्षण है। क्योंकि बिहार को हीरो एशिया कप की मेजबानी करने का अवसर मिला है। साथ ही आज बेगूसराय जिला भी हीरो एशिया कप ट्रफी यात्रा का हिस्सा बना है। उन्होंने कहा कि यह ट्रॉफी भारत की टीम ही जीते और देश में ही रहे, यह मेरी इच्छा है। आज पिछले दो-तीन वर्षो से केंद्र एवं बिहार सरकार खेलों पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के हित में मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना चला रही है। अब खेल क्षेत्र भी करियर बनाने का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है। सरकार खेलों के विकास के लिए ग्रामीण स्तर पर मैदान एवं अन्य सुविधाओं का विकास कर रही है।

# माउंट लिट्रा में मनाया गया विश्व वरिष्ठ नागरिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा विद्यालय के प्रांगण में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया। बच्चों की स्नेहभरी प्रस्तुतियाँ देखकर दादा-दादी की आँखें नम हो गईं। इस कार्यक्रम ने बच्चों को यह सिखाया कि वरिष्ठ नागरिक केवल परिवार की धरोहर ही नहीं, बल्कि संस्कारों और अनुभवों का जीवंत खघ्जाना हैं। घर हो या विद्यालय, हर जगह उनका सम्मान करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वे ही वह कड़ी हैं जो पीढ़ियों को जोड़कर रखते हैं। विद्यालय के निदेशक ड. मनीष देवा ने कहा वरिष्ठ नागरिक हमारे जीवन का प्रकाशस्तंभ हैं। उनका अनुभव हमारे लिए अमूल्य हैऔर बच्चों को उनसे सीख लेकर जीवन के सही मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने कहाबुजुर्ग हमारे परिवार की जड़ें हैं। उनकी सेवा और सम्मान ही सच्ची शिक्षा है। हमें अपने बच्चों में यह संस्कार डालना चाहिए कि वे हमेशा अपने दादा-दादी का आदर करें और उनसे जुड़ाव बनाए रखें।इस तरह यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि बच्चों और बड़ों के बीच प्रेम, सम्मान और पीढ़ियों को जोड़ने का सुन्दर पुल बन गया।

# स्कॉटिस पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बुधवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर (अररिया) में परिवहन विभाग के सौजन्य से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई), अररिया ने बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए सड़क पर चलने के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों तथा यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10 मिनट का एक अभिनय प्रस्तुत कर यह दर्शाया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने से किस प्रकार की परेशानियाँ उत्पन्न हो सकती हैं तथा सड़क पर यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो हमें तत्काल किस प्रकार की जिम्मेदारियाँ निभानी चाहिए। इस अवसर पर स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया के निदेशक अनुप कुमार, एमवीआई अररिया पंकज कुमार एवं उनके साथ आए परिवहन विभाग के सभी अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के अपग्रेडेड़ 2 स्कूल अकहा ररिऔना में स्कूल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन बीईओ अनिल कुमार चौधरी, प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। बीईओ श्री चौधरी ने कहा कि बदलते परिवेश में विज्ञान का अहम योगदान है। इसमें स्कूली छात्र, छात्राओं ने अपनी समझ के अनुरूप बनाये एक से बढ़कर एक मांडल का निर्माण कर उसकी बखूबी प्रस्तुतिकरण काफी सराहनीय रहा। बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ये ही देश के भविष्य हैं। इनकी लगनशीलता देखने योग्य थी। ये ही देश के वैज्ञानिक बन सकते हैं। इनही से स्कूल की बगिया महकती और चहकती है। उन्हें लगन से अपनी पढाई करने तथा बचेघ् समय का सृजनात्मक कार्यो में लगाने की नसीहत दी। विज्ञान शिक्षिका इंदु कुमारी, दीक्षा श्रीवास्तव,शिक्षक दीपक कुमार के मार्गदर्शन में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट का निर्माण किया। सड़क दुर्घटना एवं उससे बचाव में नवम कक्षा के छात्र आदित्य कुमार का प्रोजेक्ट काफी सराहनीय रहा। उसे प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। दशम कक्षा की छात्रा श्यानसोहराब का मानव शरीर प्रोजेक्ट को निर्णायक मंडल द्वारा द्वितीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। वही ज्वालामुखी की उत्पत्ति तथा उसके विस्फोट से होने वाले नुकसान का रीता कुमारी तथा सीमा कुमारी के प्रोजेक्ट को तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। ग्यारह छात्र, छात्राओं के प्रोजेक्ट को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। सफल प्रतिभागियों को बीईओ, सहायक शिक्षकों ने पुरस्त कर हौसला आफजाई किया। मौके पर समर शिरीन, विनय कुमार, अभिमन्यु कुमार पासवान, मनीष कुमार, मुमताज आलम, राकेश कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222 - एस/1/डब्लू - II, दिनांक: 14.08.2025,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता -700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1; निविदा सं.: टीएन-115- 25-26; कार्य का विवरण:** सियालदह डिवीजन-टीआरआर (पी) - (कुल 31.586 टीकेएम) कृष्णानगर-लालगोला अप और डाउन लाइन के बीच कार्य, साथ ही डिवीजनल इंजीनियर (III), सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ पी.वे / भगवानगोला के अधीन अन्य सहायक कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 2,76,76,453.05; **ईएमडी :** रु. 2,88,400.00; **क्रम सं. (2); निविदा सं.: टीएन-117-25-26; कार्य का विवरण:** सियालदह डिवीजन - टीआरआर(पी) - (कुल 38.515 टीकेएम) कृष्णानगर-लालगोला अप लाइन के बीच कार्य, साथ ही डिवीजनल इंजीनियर (III), सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/बेलडांगा के अधीन अन्य सहायक कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 3,37,04,979.19; **ईएमडी :** रु. 3,18,500.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 08.09.2025 सभी निविदाओं के लिए 15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** सभी निविदाओं के लिए 12 (बारह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** सभी निविदाओं के लिए 08.09.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा हेतु बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(SDAH-182/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईपीडी / डब्ल्यू / सीओएन / टीएफपी आयल पाइप / 02 / 25-26 दिनांक: 23.08.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (पी एंड डी) / पूर्व रेलवे कांचरापाड़ा कार्यशाला, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 निम्नलिखित कार्य के लिए सिद्ध अनुभवी ठेकेदार से खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है: निविदा सं. : **ईपीडी / डब्ल्यू / सीओएन / टीएफपी आयल पाइप / 02 / 25-26, कार्य का नाम :** ईएमयू/एमईएमयू कोचों में सहायक जलाशय के साथ ट्रांसफार्मर आयल पाइप लाइन असेंबली का परिवर्तन, कोचों की संख्या-392; **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,74,67,360.00; **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। जीसीसी-अप्रैल 2022 के तहत भाग-I के खंड सं. 3 के अनुसार, सभी निविदाकारों को ई-निविदा फॉर्म निःशुल्क जारी किए जाएंगे; **ई-निविदा प्रारंभ करने वाले कार्यालय का पता:** कार्यालय उप मुख्य विद्युत अभियंता / योजना एवं विकास / पूर्व रेलवे/ कांचरापाड़ा कार्यशाला, पिन-743145; **बोली सुरक्षा राशि ई-पेमेंट गेट वे या बैंक गारंटी बांड के माध्यम से जमा की जानी है:** रु. 3,37,400.00 [रेलवे बोर्ड के दिनांक 27.04.2022 के एल/सं. 2022/सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/नीति (अग्रिम सुधार पर्ची संख्या 5 दिनांक 20.10.2023) के अनुसार, निविदाकर्ता उक्त राशि की बोली सुरक्षा बैंक गारंटी बांड के रूप में भी जमा कर सकते हैं। मूल बैंक गारंटी बोली जमा करने की अंतिम तिथि (अर्थात बोली जमा करने की अंतिम तिथि को छोड़कर) से पहले उप मुख्य विद्युत अभियंता/पी एंड डी/केपीए को सौंप दी जानी चाहिए। बीजी बांड का प्रारूप जीसीसी-अप्रैल 2022 में उल्लिखित है। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जीसीसी-अप्रैल 2022 (संशोधनों के साथ) का पालन करें।] **कार्य की पूर्णता अवधि:** 12 (बारह) महीने; **बोली प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि:** 19.09.2025 से; **बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 03.10.2025 को 14.45 बजे तक; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा दिनांक 03.10.2025 को 15.00 बजे खोली जाएगी। निविदा का पूरा विवरण देखने के लिए वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्ड देखें: **http://www.ireps.gov.in**

(MISC-185/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत, 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा बुलंद

## पैदल चलना भी हो गया है मुश्किल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत सुर्खी से मायापुर मोड़ तक जाने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। वर्षों से सड़क की मरम्मत न होने के कारण यह अब गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे न केवल वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है, बल्कि पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क सुर्खी गांव से मायापुर, कड़ियाही, सोनहुली और अदमा जैसे दर्जनों गांवों को जोड़ती है। यही कारण है कि यह एक व्यस्त मार्ग माना जाता है। बावजूद इसके, जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और प्रशासन की लापरवाही के चलते सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेताओं द्वारा सड़क निर्माण का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाता है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई वापस मुड़कर देखने तक नहीं आता। सुर्खी गांव स्थित इंटर विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय तक पहुंचने वाले छात्र-छात्राएं बारिश के दिनों में कीचड़ और पानी से लथपथ रास्तों में फंसकर रह जाते हैं। विद्यालय के प्रधान शिक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि दोपहिया वाहन चलाना अब जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है, जबकि चार पहिया वाहन भी किसी तरह से ही गुजर पाते हैं। समाजसेवी सुधीर शर्मा ने बताया कि कई बार स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। ''सड़क जस की तस है। इस बार हम सब चुप नहीं बैठेंगे,'' उन्होंने चेतावनी दी। वहीं ग्रामीण प्रवीण पासवान ने कहा, ''इन सड़कों पर चलते समय ग्रामीण अक्सर गिर जाते हैं और घायल हो जाते हैं। लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। अब यदि जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आने वाले विधानसभा चुनाव में 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा बुलंद किया जाएगा।'

# अंचलाधिकारी ने शिविर का किया निरीक्षण, लोगों को दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मझौलिया।** बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मझौलिया प्रखंड में पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बुधवार को प्रखंड के शिविर का रामपुरवा महानवा पंचायत में निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को अभियान की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में शिविर लगाकर लोगों के राजस्व से संबंधित कार्यों को पारदर्शी और सरल बनाया जा रहा है। शिविर में राजस्व कर्मी लैपटॉप और आवश्यक उपकरणों के साथ मौजूद रहते हैं, ताकि लोगों के आवेदन तुरंत ऑनलाइन दर्ज किए जा सकें। अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने स्पष्ट किया कि आवेदन करते समय आवेदक को अपना नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर और पता सही-सही दर्ज कराना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने पर आवेदक के मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा, जिसे बताने के बाद आवेदन बिहार भूमि पोर्टल पर दर्ज हो जाएगा। इसके पश्चात आवेदन को स्कैन कर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी और आवेदक को मोबाइल पर आवेदन संख्या प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग वह स्वयं कर रहे हैं, ताकि किसी भी भूमिधारक को अनावश्यक परेशानी न हो और सभी कार्य पारदर्शी ढंग से संपन्न हों। अंचलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचकर अपने लंबित कार्यों का निपटारा कराएं और इस अभियान का लाभ उठाएं।

# वोटर अधिकार पदयात्रा को लेकर तैयारी जोर-शोर से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मझौलिया।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के संयुक्त आगमन को लेकर वोट अधिकार रैली की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उनके स्वागत के लिए बेतिया-मोतिहारी पथ के श्रीपुर बॉर्डर से लेकर नानोसती चौक तक हाईवे पर जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही सड़कों के किनारे दर्जनों स्थानों पर होल्डिंग और बैनर लगाए जा रहे हैं, जिससे पूरा इलाका चुनावी माहौल में तब्दील हो गया है। कांग्रेस नेता मृत्युंजय कुमार उर्फ गुंजन मिश्रा ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 6 बजे राहुल गांधी की अगुवाई में पदयात्रा पश्चिम चंपारण के श्रीपुर में प्रवेश करेगी। श्रीपुर में उनका भव्य स्वागत होगा। इसके बाद पदयात्रा का काफिला बखरिया चौक पहुंचेगा, जहां समर्थक उत्साहपूर्वक स्वागत करेंगे। वहीं बखरिया, लालसरैया, जौकटिया और नानोसती चौक पर भी कांग्रेस एवं राजद कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की विशेष तैयारी की जा रही है। गांव-गांव के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से संपर्क साधकर नेताओं द्वारा इस रैली में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है।

# अमिलौना पंचायत में 'सुशासन के साथ आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

## ग्रामीणों को बांटी गई बुकलेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड के अमिलौना पंचायत स्थित अमिलौना गांव में शनिवार को 'सुशासन के साथ आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड जदयू अध्यक्ष विनोद सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया और बुकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जदयू नेता ललन चंद्रवंशी, वीरेंद्र



प्रसाद सहित कई वक्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विकास पुरुष बताते हुए उनके कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा वृद्धा पेंशन की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर देना एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे हजारों पेंशनधारियों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसके अलावा बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा से भी आम जनता को बड़ी राहत मिली है। वक्ताओं ने ग्रामीणों से आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची से छूट गया है, वे संबंधित पंचायत में लगने वाले शिविर में जाकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से आम लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और उनसे सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

# मुंगेर विश्वविद्यालय में एनएसएस एडवाइजरी कमिटी की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में बुधवार को एनएसएस एडवाइजरी कमेटी की बैठक सिंडिकेट हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार और कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य एनएसएस गतिविधियों की समीक्षा, वार्षिक योजना का निर्धारण और बजट पर चर्चा था। कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बैठक का संयोजन एवं संचालन किया। बैठक में एनएसएस कैलेंडर, वार्षिक रिपोर्ट, व्यय की संपुष्टि, सात दिवसीय शिविर, सीएनए खाता, मेरा युवा भारत पोर्टल, एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम, पीजी विभाग में इकाई खोलना, पुराने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरण, एनएसएस अवॉर्ड और मैगजीन प्रकाशन सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में जेआरएस कॉलेज से प्रो. डॉ. देवराज सुमन, आरडी एंड डीजे कॉलेज से प्रो. डॉ. विजेंद्र कुमार, केकेएम कॉलेज की डॉ. कंचन गुप्ता, प्रॉक्टर डॉ. संजय कुमार, डॉ. अंशु कुमार राय, डॉ. रामरेखा कुमार, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. सुनील कुमार, रोनित राज, अनुष्का श्री, यूथ ऑफिसर चितरंजन मंडल, टीएमबीयू के डॉ. राहुल कुमार, लेफ्टिनेंट नेहा, लेफ्टिनेंट अरुण कुमार शर्मा, पीओ जमालपुर कॉलेज, नव निर्वाचित सीनेट सदस्य व डॉ. चंदन कुमार, वित्त पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद मौजूद रहे।कुलसचिव डॉ. राय ने कहा कि एडवाइजरी कमेटी एनएसएस की दिशा तय करेगी और छात्रों में सेवा भावना विकसित करेगी। कुलपति ने सभी जिलों के कॉलेजों को प्रतिनिधित्व देने, पुरस्कार योजना में बदलाव करने और पुराने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देने का निर्णय साझा किया। क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार की अध्यक्षता में 30 एनएसएस इकाइयों के कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ अलग बैठक हुई, जिसमें सुझाव लिए गए और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. नवलता, डॉ. अरुण कुमार शर्मा, डॉ. तबारक अंसारी, डॉ. राकेश कुमार पासवान, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. ब्रज विनोद गौतम, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. राजकिशोर कुमार, डॉ. संजय मांझी, डॉ. राजीव नयन, डॉ. सुदीप्ता मंडल, हर्ष राज, वंशिका कुमारी, सुधांशु कुमार, आदर्श, सौरभ शांडिल्य और सुमंत कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

# राहुल की यात्रा से राजद में मायूसी : शाहनवाज हुसैन




**नवबिहार टाइम्स मोतिहारी**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** राहुल गांधी की यात्रा से पहले बुधवार को मोतिहारी पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने तीखा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी की यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यात्रा में जो भीड़ दिख रही है, वह केवल टिकट के इच्छुक लोगों की भीड़ है। उन्होंने दावा किया कि, 'भीड़ भी उतनी नहीं है, इसलिए राहुल गांधी को अब बाहर के मुख्यमंत्रियों और अपनी बहन को बुलाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी घर से निकले हैं तो मां और बहन मिलने आएंगे ही, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इससे चुनावी समीकरण पर कोई असर नहीं पड़ेगा।शाहनवाज़ ने दावा किया कि राहुल की यात्रा से राजद में मायूसी है, क्योंकि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं माना है। इसी कारण राजद के नेताओं में भारी असंतोष और आपसी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। गठबंधन की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा एनडीए पूरी तरह से एकजुट है, जबकि महागठबंधन में टूट साफ नजर आ रही है। महागठबंधन के नेता हताश और परेशान हैं। एनडीए में चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी सभी हमारे साथ हैं। इस बार 200 से अधिक सीटें जीतकर मोदी-नीतीश के नेतृत्व में फिर से सरकार बनेगी।राजद और कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा इन दोनों दलों को 'चोरी' शब्द से प्यार हो गया है, क्योंकि इन्होंने वर्षों तक खुद चोरी की है, इसलिए इन्हें हर कोई चोर ही नजर आता है। विपक्षी नेताओं और जनसूरज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए शाहनवाज ने कहा, ल्लविपक्ष हो या प्रशांत किशोर, सब केवल बातें बना रहे हैं। हमने बिहार में काम किया है। अगर विकास के काम गिनने शुरू करें, तो लोगों के हाथ थक जाएँगे। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है, जिससे बिहार तेज़ी से तरक्की कर रहा है। प्रशांत किशोर के जन सूरज अभियान पर बोलते हुए उन्होंने कहा, 'वो सिर्फ लोगों को झूठे सपने दिखा रहे हैं। कहते हैं हमने सरकार बनवा दी, वो सरकार बनवा दी - क्या उन्होंने मुफ्त में काम किया था? योजनाएं बनाते थे और उसके बदले पैसे लेते थे। कभी मैदान में अपने दम पर नहीं आए। इस बार सबको समझ में आ जाएगा।

# यात्रा की सफलता के लिए राजद नेताओं ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** वोटर अधिकार यात्रा की सफलता के लिए राजद ने पुरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को राजद नेताओं ने संतघाट के एक विवाह भवन में बैठक किया। बैठक में महागठबंधन के घटक दल के नेता शामिल रहे। इस दौरान यात्रा की सफलता की रणनीति बनाई गई। राजद नेता गुरूवार की शाम छह बजे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का माधोपुर में रिसिव करेंगे। वहां से वे लोग कुड़िया कोठी विश्राम स्थल तक जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने कहा कि इसमें सभी को पुरी ताकत लगानी है। प्रधान महासचिव अमर यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान शुक्रवार की सुबह सात बजे राजद के हजारों कार्यकर्ता ढोल नगाड़े व पार्टी के झंडा बैनर



के साथ सड़क किनारे नेताओं के स्वागत में खड़ा रहेंगे। राहुल तेजस्वी का काफिला कुड़िया कोठी से छावनी स्टेशन चौक होते हुए हरिवाटिका पहुंचेगा। वहां से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोहर्रम चौक इमली चौक होते हुए गोपालगंज के लिए रवाना होगा। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी व संचालन प्रधान महासचिव अमर यादव ने किया। बैठक में राजद के मुख्य प्रवक्ता प्रभु यादव, सीपीआई के ओमप्रकाश क्रांति, सीपीएम के प्रभुराज नारायण राव, चांदसी यादव, वीआईपी के इमरान खान नीलम सिंह इंद्रजीत यादव, रफिउल आजम, तंजीर अहमद, अमजद खान, विवेक चौबे, मोहन प्रसाद चौरसिया, शंकर चौधरी, शिवनाथ राम शास्त्री समेत कई लोग मौजूद रहे।

## हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे वोट अधिकार यात्रा में

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 28 अगस्त को मोतिहारी में होने वाली राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव की वोट अधिकार यात्रा मे रक्सौल से हजारों कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। महागठबंधन की इस प्रस्तावित वोट अधिकार यात्रा में राहुल गाँधी, तेजस्वी यादव के साथ दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश सहनी भी शामिल रहेंगे। यह वोट अधिकार यात्रा ढाका, मोतिहारी, छपवा चौक होते हुए 28 को बेतिया निकल जायेगी। संविधान बचाने और ट्रस्ट के माध्यम से वोट चोरी के खिलाफ हो रहें इस जन आंदोलन यात्रा मे शामिल होने के लिए रक्सौल से कांग्रेस नेता नुरुल्लाह खान, डॉ गौतम कुमार व हाफ़िज़ अंसारी के नेतृत्व मे हजारों लोग भी पूरे जोश खरोश के साथ छपवा चौक पहुंचेंगे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी की सीएसआर सेल द्वारा नेत्रिका आई केयर के सहयोग से पंडित दीन दयाल उपाध्याय परिसर, बलुआ टाल, मोतिहारी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विश्वविद्यालय समुदाय तथा आसपास के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान 100 से अधिक व्यक्तियों की नेत्र जांच की गई तथा चिकित्सकों की सलाह के अनुसार निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं।मुख्य चिकित्सक एवं नेत्रिका फाउंडेशन के निदेशक डॉ. कमलेश कुमार ने इस शिविर का नेतृत्व किया।

# होमगार्ड जवानों ने किया समाहरणालय पर प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** अपनी 21 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को होमगार्ड जवानों ने समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जवानों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद वे धरना पर बैठ गए। बाद में होमगार्ड जवानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नाम लिखे स्मार पत्र डीएम को सौंपा। इसके पूर्व होमगार्ड जवान जिला समादेष्टा कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां से वर्दी में सैकड़ों की संख्या में नगर में विरोध मार्च निकाले। होमगार्ड जवान नारेबाजी करते हुए नगर के सर्किट हाउस, सागर पोखरा, लाल बाजार, जनता सिनेमा चौक, मोहर्रम चौक होते हुए



समाहरणालय गेट पर पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ के केंद्रीय डेलीगेट सह पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार राव ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद भी सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। जवानों को समान काम के बदले समान वेतन नहीं मिल रहा है। होमगार्ड जवान, पुलिस की जवान की तरह सेवा देते है, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष नीतेश कुमार मिश्र ने कहा कि आज पूरे बिहार में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यदि इसके बाद भी सरकार उनकी समस्याओं का निदान नहीं की तो 31 अगस्त को केंद्रीय कमेटी की बैठक में आगे की रणनीति का निर्णय लिया जाएगा। संघ के जिला सचिव सुबोध कुमार तिवारी ने कहा कि होमगार्ड जवानों के जायज मांगों की अनदेखी ओर समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर करो मरो के नारे के साथ आंदोलन होगा। जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। जवानों ने सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने, माह में पांच दिन का अवकाश देने, सेवानिवृत्ति लाभ डेढ़ लाख से बढाकर पांच लाख रुपये करने, ड्यूटी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त या बीमार होने पर स्वस्थ होने तक कर्तव्य भत्ता देने, सेवानिवृत्त गृहरक्षकों को जीवन यापन भत्ता देने आदि की मांग कर रहे थे। धरना प्रदर्शन में संजय ओझा, संजय कुमार सिंह, प्रकाश चंद्र राव, रामायण सिंह, सुरेश कुमार झा, लालबाबू पासवान, नीलू प्रसाद सिंह, मुन्ना कुमार, मुन्ना कुंअर, मो. मुस्ताक अंसारी समेत सैकड़ो होमगार्ड जवान शामिल रहे।

## एक नजर

### चलाया गया साक्षरता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महिला प्रकोष्ठ, दाउदनगर महाविद्यालय, दाउदनगर के तत्वावधान में गोद लिए गए सिपहा ग्राम में साक्षरता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि साक्षरता और स्वच्छता जीवन के लिए कितनी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के बीच साक्षरता के लिए कॉपी-कलम तथा स्वच्छता के लिए साबुन का वितरण किया गया। स्वस्थ रहें, साक्षर रहें इस कार्यक्रम का मुख्य मंत्र रहा। इस आयोजन का मार्गदर्शन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. इस्लाम ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शहला बानो तथा सह-संयोजिका डॉ. रोजी कांत रहीं। महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और किट का वितरण कर सक्रिय सहयोग दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने बताया कि दाउदनगर महाविद्यालय सदैव महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए खुला मंच प्रदान करता रहा है। हमारे शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्राएँ गाँव जाकर स्वास्थ्य सम्मेलन, शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी संबंधी जागरूकता फैलाती हैं। साथ ही, महाविद्यालय परिसर में समय-समय पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है और ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित भी किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू जी तथा महाविद्यालय के छात्रों का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा।

### पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झरौखर पुलिस ने एनबीडब्ल्यू के पांच वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। सभी की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के झरौखर गाँव से हुई है। झरौखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि ट्रायल संख्या 3122/23 में निर्गत वारंट के वारंटी झरौखर निवासी अवधेश प्रसाद, राजन कुमार, सुरेश प्रसाद, उमेश प्रसाद एवं जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सभी को आवश्यक कागजी प्रक्रिया के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### ब्रह्मदेव साह ने 38 मतों से दर्ज की जीत

**चिरैया (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बारा जयराम पंचायत में मंगलवार को हुए पैक्स चुनाव की मतगणना को देर शाम को समाप्त हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ रामनाथ कुमार ने बताया कि मतों की गिनती के उपरांत उक्त पंचायत से अध्यक्ष पद पर ब्रह्मदेव साह को निर्वाचित घोषित किया गया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अंतिमा देवी को 38 मतों से पराजित किया है। कुल 1330 में से 562 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसमें ब्रह्मदेव साह को 287 मत व अंतिमा देवी को 249 मत प्राप्त हुए। जबकि 26 मतों को रद्द कर दिया गया। मतगणना केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मौके पर बीपीआरओ संदीप कुमार, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास प्रसाद, थानाध्यक्ष महेश कुमार, शिक्षक मुकेश कुमार यादव, अशोक पटेल, अवधेश बैठा, मोहन कुमार, धीरेन्द्र कुमार, सोहन कुमार, सुदामा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बालन चौक से गुरमिया जाने वाली सड़क में अंबडेकर सेतु पुल के निकट छह चक्का ट्रक असंतुलित होकर पलट गयी। हादसे में चालक बालबाल बच निकला.ग्रामीणों के अनुसार मंगवार की देर संध्या ट्रक पुल से उतरने के क्रम में असन्तुलित हो गयी और पकड़िया टोला टोला के निकट पलट गयी. हालांकि उक्त घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। ट्रक के चालक ने बताया कि सीमेंट लाद कर औरंगाबाद से चले थे. घोड़ासहन थाना क्षेत्र के ननौरा गांव जाना था लेकिन पुल के निकट असंतुलित होकर ट्रक पलट गया.इधर बुधवार की सुबह सीमेंट को टैक्टर के माध्यम से अनलोडिंग कार्य किया जा रहा था।

### निर्वाचित प्रतिनिधियों को मिला प्रमाण पत्र

**नरकटियागंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए है। राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा इस चुनाव को लेकर मतदान की तिथि 26 अगस्त को निर्धारित किया गया था। लेकिन स्कूटनी के पश्चात सभी पद के लिए एक एक अभ्यर्थी होने के चलते सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। बुधवार को प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह द्वारा अध्यक्ष एवं सचिव समेत सभी निर्वाचित प्रतिनिधियो को निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरण किया गया। आरओ ने बताया कि प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव समेत कार्यकारिणी सदस्य के सभी पद निर्विरोध चुने गए हैं। इसमें अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, उपाध्यक्ष पद के लिए अवधेश प्रसाद तथा सचिव पद के लिए रूपेश कुमार कुशवाहा निर्वाचित हुए है। इसी तरह से सदस्य पद के लिए ललिता देवी,लालबाबु पासवान,म0 अनीस, उमेश महतो, कृपालाल प्रसाद, मीरा देवी, योगेन्द्र प्रसाद कुशवाहा,राजेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद निर्वाचित हुए है। आरओ ने बताया कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधियो को निर्वाचन पत्र दिया गया है। मौके पर प्रखंड नाजिर प्रदीप कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

### कोचिंग संचालन को लेकर मारपीट

**नरकटियागंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के चंपापुर गांव मे कोचिंग चलाने को लेकर मारपीट की घटना घटी है। मामले में चंपापुर गांव निवासी शाहबुद्दीन खातून ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में महिला ने बुढ़वा चंपापुर गांव के मुर्तुजा मियां, शब्बीर खान, अफसर अली व सरताज खां को आरोपित किया है। आरोप है कि उसका लड़का घर के पास कोचिंग चलाता है। आरोपितो ने उसके पुत्र से कोचिंग बंद करने को कहने लगे। मना करने पर आरोपितो ने कोचिंग में पढ़ने आये छात्रों का साइकिल उठाकर फेंकने लगे। इस दौरान आरोपितों ने धमकी देते हुए कहा कि छोटे बेटे को खपा चुके है, अब बड़े लड़के की बारी है। महिला ने बताया कि उसका छोटा बेटा मोहम्मद एकराम आठ माह से गायब है। आवेदन में महिला ने आशंका जताई है कि आरोपित लोगों ने ही उसके पुत्र को गायब कर दिया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### राजस्व महा अभियान शिविर का लिया जायजा

**नरकटियागंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र में राजस्व महाअभियान के तहत लगाए गए शिविर का निरीक्षण बुधवार को सीओ सुधांशू शेखर ने किया। इस दौरान सीओ ने बिनवलिया एवं परोराहा पंचायत में लगे शिविर का जायजा लिया है। निरीक्षण के दौरान सीओ ने कर्मियों को जमाबंदी प्रति वितरण के साथ शिविर में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र में राजस्व महाअभियान के तहत लगाये गए शिविर का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि जमाबंदी प्रपत्रों का वितरण को लेकर कर्मियों को इस कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि नरकटियागंज अंचल क्षेत्र में कुल 1 लाख 20 हजार जमाबंदी चलती है। इनमें से 51 हजार जमाबंदी प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है । शेष 69 हजार जमाबंदीदारों में भी प्रपत्रों का वितरण किया जा रहा है। बता दे कि 16 अगस्त से 19 सितंबर तक राजस्व महा अभियान के तहत अंचल क्षेत्र के सभी पंचायतों में जमाबन्दी प्रपत्र का वितरण एवं शिविर के माध्यम से रैयतों का आवेदन लिया जा रहा है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का जांच पड़ताल करते हुए उसका निष्पादन किया जायेगा।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 27-08-2025 22:24 Page 1



# हत्याकांड मामले में संजीव सिंह समेत सभी आरोपित बरी

## वर्ष 2017 की घटना ने झारखंड की राजनीति में ला दिया था भूचाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद की राजनीति को झकझोर देने वाले चर्चित पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में आज बड़ा फैसला आया है। आठ साल, पांच महीने और पांच दिन बाद अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है।

एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, डब्लू मिश्रा, विनोद सिंह, सागर सिंह उर्फ शिबू, चंदन सिंह, कुर्बान अली, पंकज सिंह और रणधीर धनंजय उर्फ धनजी सहित सभी आरोपियों को राहत मिली। 2017 का सबसे बड़ा हत्याकांड 21 मार्च 2017 की शाम स्टील गेट के पास अंधाधुंध फायरिंग में नीरज सिंह, चंद्रप्रकाश महतो, अशोक यादव और मुन्ना तिवारी की हत्या कर दी गई थी। इस



सनसनीखेज वारदात ने पूरे झारखंड की राजनीति को हिला दिया था।

फैसला आते ही कोर्ट परिसर और झरिया में संजीव सिंह व अन्य आरोपियों के समर्थकों में जश्न और खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह पटाखे छोड़े जा रहे हैं और लोग मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। यह फैसला झारखंड की सियासत में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहेगा।

# कोयला एवं खान राज्यमंत्री ने बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे आज भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिला प्रशासन की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। वहीं बीसीसीएल की ओर से सीएमडी समीरन दत्ता ने कंपनी के सभी निदेशकों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री ने झरिया मास्टर प्लान पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। जो स्थानीय लोगों की प्राथमिकताओं और क्षेत्रीय सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए आगे कदम बढ़ाने के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जेआरडीए के तहत बेलगड़िया में चल रहे सभी विकास कार्य एवं



योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप में बड़े पैमाने पर स्किल डेवलपमेंट, आकर्षक पार्क का निर्माण, तालाबों का नवीनीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था हेतु कार्य किया जा रहा है।

उपायुक्त ने लीगल टाइटल होल्डर एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, टाउनशिप एरिया के विकास, स्किल डेवलपमेंट, बेलगड़िया टाउनशिप में जेआरडीए कार्यालय का निर्माण, टाउनशिप एरिया में पेयजल की सुविधा, सुचारू बिजली व्यवस्था, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, रिचार्ज पिट, तालाब सौंदर्यीकरण, पार्क का निर्माण, सुरक्षा व शिक्षा व्यवस्था, सड़क निर्माण, एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी।

उपायुक्त ने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने, वहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित रखते हुए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। जिसमें बेलगड़िया के दोनों तालाबों में मछली पालन के लिए उसका जीर्णोद्धार, लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई है। सुगम आवागमन के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा बसे चलाई जा रही है। 50 ई-रिक्शा प्रदान करने के लिए जेआरडीए और बीसीसीएल के बीच एमओयू हुआ है।

उन्होंने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर बाउंड्री वॉल, नालियों की सफाई, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सड़कों का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, विद्यालय का जीर्णोद्धार, खेल मैदान, लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना के साथ-साथ अन्य कई योजनाओं के अलावा टाउनशिप के निवासियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना भी इसमें शामिल है। बैठक में मंत्री ने बीसीसीएल के पिछले वर्ष के प्रदर्शन, उत्पादन स्तर, सुरक्षा मानकों एवं संचालन की गहन समीक्षा की और कंपनी की भावी रणनीतियों व योजनाओं पर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऊर्जा एवं औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत बनाने में बीसीसीएल की भूमिका की सराहना करते हुए इसे और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा दी।

बैठक में सतीश चंद्र दुबे, उपायुक्त आदित्य रंजन, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह, निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे से गूंजा बोकारो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से बोकारो नगरी गुंजायमान है। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय सिटी सेंटर हर्षवर्धन प्लाजा में गणेश मंडली व्यापारी संघ द्वारा वर्षों से आयोजित गणेश पूजन का उद्घाटन धनबाद के सांसद ढूलू महतो एवं बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर सांसद ने सभी के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की कामना गणेश भगवान से की। इस वर्ष वृंदावन के चंद्रोदय मंदिर का भव्य रूप पंडाल के रूप में बोकारो के धरती पर विद्यमान दिखा। भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा बाघ की सवारी करते हुए आकर्षक एवं भव्यता लिए हुए दिख रहा है। पंडाल के चारों ओर लेजर शो साथ-साथ लाइटिंग की आकर्षक व्यवस्था की गई है।



# बच्चों को अंडा नहीं मिलने से उपायुक्त दिखे नाराज

## उपलब्ध कराने का दिया निर्देश, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जानकारी मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले कई माह से अंडा वितरण नहीं हो रहा है। उन्होंने जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) को इस पर तुरंत ठोस कदम उठाने और किसी भी स्थिति में वितरण में बाधा न आने देने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए तत्काल प्रभाव से अंडा वितरण शुरू करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन के लिए अंडा एक महत्वपूर्ण आहार है, जिसकी उपलब्धता हर केंद्र पर सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रत्येक माह स्वच्छता संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। यह प्रतिवेदन डीएसडब्ल्यूओ




द्वारा संकलित कर जिला स्तर पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना जरूरी है।

उपायुक्त ने डीएसडब्ल्यूओ को निर्देशित किया है कि वे आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाएं। केंद्रों में साफ-सफाई पर विशेष बल दिया जाएगा ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि अंडे की गुणवत्ता सुनिश्चित करना डीएसडब्ल्यूओ की जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या मानक से कम गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर भौतिक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह 20 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण स्वयं डीएसडब्ल्यूओ करेंगी। 20 केंद्रों का निरीक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) करेंगे एवं 20 केंद्रों का निरीक्षण महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) करेंगी। इस क्रम में सभी केंद्रों की भवन की स्थिति, अंडा वितरण, आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समग्र कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करेंगे। साथ ही, जिला को समेकित निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

## संरक्षित क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट, प्रशासनिक भवन, 132 केवी टाउनशिप सब-स्टेशन, गरगा डैम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इनके आस-पास का क्षेत्र संरक्षित स्थान घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन या सार्वजनिक सभा करना प्रतिबंधित है। विभिन्न संगठनों एवं संघों द्वारा किए जाने वाले धरना-प्रदर्शनों के दौरान जन-सुरक्षा एवं औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीएसएल प्रबंधन ने टु-टैंक गार्डन को आधिकारिक रूप से धरना एवं प्रदर्शन स्थल के रूप में निर्धारित किया है।

सभी संगठन, संघ और संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भविष्य में कोई भी धरना, प्रदर्शन, जुलूस या सभा आयोजित करनी हो तो वह केवल दु-टैंक गार्डन स्थल पर ही की जाए। अन्य किसी स्थान पर इस प्रकार की गतिविधियाँ करना कानूनन वर्जित होगा। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढ़ांडा ने सभी संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे शांति एवं व्यवस्था बनाएं रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें और केवल निर्धारित स्थल पर ही कार्यक्रम आयोजित करें।

# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सफल हुई मंजू सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगंज।** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत बागदहा पंचायत के बागदहा निवासी गोविन्द हेम्ब्रम की पुत्री मंजु कुमारी ने अपने पहले ही प्रयास में नीट की प्रतियोगी परीक्षा में पास कर परिजनों संग पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। मंजू के इस सफलता को सम्मानित करने के लिए झामुमों के नेता रतिलाल टूडू उनके गाँव पहुंच कर बिटिया को पुष्प गुच्छ भेंट कर व मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई की। मंजू का दाखिला शहीद निर्मल महतो स्मारक केंद्रीय चिकित्सा अस्पताल में हुआ है। श्री टूडू ने उनकी उज्जवल भविष्य की। मौके पर सोनोत सन्थाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सनातन सोरेन, टुंडी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, झामुमों बाघमारा प्रखण्ड सचिव मनसा राम मुर्मू, अरुण हेम्ब्रम, लखन लाल टूडू, महाबीर हांसदा, बी एम हेम्ब्रम, राकेश सोरेन, बी महतो आदि मौजूद रहे।

# बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ ने उठाई बीजीएच से संबंधित मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बीजीएच से संबंधित मजदूरों की विभिन्न मांगों पर भारतीय मजदूर संघ से संबंध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की बैठक महामंत्री विनोद कुमार के नेतृत्व में बीजीएच के सीएमओ प्रभारी विभूति करुणामय, सीएमओ डॉक्टर आनंद कुमार डॉक्टर मंडल डॉक्टर इंद्रनील चौधरी से हुई। यूनियन के द्वारा संबंधित मांग पत्र पूर्व में ही दिया गया था। बैठक में सभी वार्डों को वातानुकूलित करना, पार्किंग एरिया में सीसीटीवी कैमरा लगाना, सभी शौचालय को दुरुस्त करना, नगर के सभी हेल्थ सेंटर में दवा रिपीट करना और दवा उपलब्धता सुनिश्चित करना, अल्ट्रासाउंड सीटी स्कैन एमआरआई की रिपोर्ट बीजीएच के एप्लीकेशन में शामिल करना, अस्पताल के कैंटीन में रेट चार्ट के साथ हाइजीनिक भोजन उपलब्ध कराना, अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए भोजन उपलब्ध करना, स्पेशलिस्ट डॉक्टर एवं टेक्नीशियन की कमी को दूर करना, मंदबुद्धि एवं विकलांग बच्चों के लिए विकास केंद्र बनाना। जिसमें ऑक्यूपेशनल थेरेपी स्पीच थेरेपी स्पेशल एजुकेटर थेरेपी एवं चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट उपलब्ध रहे। अस्पताल कर्मी और डॉक्टर को बिहेवियर बेस्ड प्रशिक्षण दिया जाए सभी डॉक्टर और नर्स को नेम प्लेट लगाया जाए। सभी कर्मचारियों को उनकी पत्नी के साथ रूटिंग हेल्थ चेकअप कराया जाए। अस्पताल में जगह-जगह आर ओ वॉटर प्यूरीफायर लगाया जाए बीजीएच में कार्यरत अटेंडेंट महिला पुरुष की बंद हुई सुविधा बहाल किया जाए कॉन्सुलेटिव कंटी हॉस्पिटल सर्विस ऑक्यूपेशनल हेल्थ की एक कमेटी बनाया जाए जिसमें श्रम की के ऊपर श्रमिकों की प्रतिनिधि उपलब्ध हो राउरकेला के तर्ज पर बीजीएच को भी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया जाए। इन सभी बिंदुओं पर सीएमओ इंचार्ज डॉक्टर विभूति करुणामय ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही 70 बेड के साथ कर्मचारियों के लिए एक वातानुकूलित वार्ड मिलेंगे और इस साल के अंत तक 200 वेट का एक वार्ड कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा अभी वर्तमान में एस 9 से एस 11 तक के लिए कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है और बाद में इसे एस 6 से कर दिया जाएगा। ओ एच एस में फेफड़ा जांच और कान जांच की सुविधा जल्द चालू करने की मांग की गई जिसमें सीएमओ इंचार्ज ने आश्वासन दिया। प्लांट के अंदर ओ एच एस सेंटर में भी कर्मचारियों अब अपना ब्लड सैंपल दे सकेंगे उन्हें बीजी एच जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन महामंत्री सह एन जे सी एस सदस्य रंजय कुमार यूनियन के अध्यक्ष बिशेश्वर महतो, उपाध्यक्ष तपन गिरी, कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद केवट, रमेश कुमार मिश्रा शशि भूषण, अरविंद कुमार सिंह, पंकज पांडा, चंदन कुमार, हेमराज, दिगू कर्मकार, अजीत राघव, एसके सुमन, विवेक कुमार सिंह निमाई चंद्र दास आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान मेले में बच्चों के अभिनव प्रयोग की सराहना

**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3सी बोकारो में आज विज्ञान मेले का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति में विज्ञान को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। आर्यभट्ट, सुश्रुत, भास्कराचार्य जैसे महापुरुषों ने विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में विश्व को नई दिशा दी। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिससे भैया-बहनों में जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का विकास हो सके। मुख्य अतिथि बोकारो के सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय संकुल संयोजक मार्कंडेय पांडे, सरस्वती विद्या मंदिर 2ए के प्राचार्य उपेन्द्र पांडे, विद्यालय 3सी बोकारो के प्राचार्य संजीव, सचिव राजकुमार तथा समिति के सदस्य जयप्रकाश पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसे कक्षा अष्टम की बहन आदिया, अंजली ने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। विज्ञान मेले में शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के भैया-बहनों ने विविध विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल्स प्रस्तुत किए।

नितिन राज एवं रणवीर प्रकाश, सुमित कुमार मिश्रा, सोनम कुमारी (किशोर वर्ग), अमरनाथ गोस्वामी (किशोर वर्ग), ऋचा राजशाही, राजकुमार, सानू (तरुण वर्ग), रोशन कुमार (बाल वर्ग), किशोर भगत सिंह, अक्षत कौशिक, आयुष कुमार, यश कुमार (किशोर वर्ग), कल्याणी, कुसुम, ईशिका पॉल, आयुष्मान कुमार (तरुण वर्ग), अमन प्रज्ञान एवं आदर्श कुमार (शिशु वर्ग), निशांत कुमार, प्रिंस राज एवं आदित्य तिवारी (बाल वर्ग), अभिनव राज, रितिका शर्मा, आशीष कुमार (तरुण वर्ग), आकांक्षा जैन, प्राची सिंह, सोनाली, मौसम रानी (तरुण वर्ग), सृष्टि (कक्षा 4, शिशु वर्ग), आनंद कुमार (शिशु वर्ग), सचिन सोरेन (बाल वर्ग), हर्ष गुप्ता एवं दिव्यांश सिंह (बाल वर्ग) को अपने अपने वर्ग का विजेता घोषित किया गया।

विज्ञान मेले ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय के भैया-बहन न केवल परंपरागत ज्ञान से जुड़े हैं, बल्कि आधुनिक विज्ञान और भविष्य की तकनीकों को भी आत्मसात कर रहे हैं।

# बीएसएल में कॉन्फ्रेंस हॉल, डिस्प्ले यूनिट एवं डिजिटल स्टैंडी का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल, डिस्प्ले यूनिट एवं डिजिटल स्टैन्डी का उद्घाटन निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) अनीष सेनगुप्ता सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।




आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह कॉन्फ्रेंस रूम अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच प्रभावी संवाद एवं विचार-विमर्श का सशक्त मंच बनेगा। भवन की लॉबी में स्थापित डिस्प्ले यूनिट में बीएसएल द्वारा निर्मित उत्पादों के साथ-साथ नगर के प्रमुख स्मारकों के प्रतिरूप प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं, डिजिटल स्टैन्डी के माध्यम से संयंत्र के विभिन्न अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं उनके कार्यकाल का क्रमबद्ध परिचय प्रस्तुत किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि इन नई सुविधाओं से कार्य-संस्कृति में और सुधार होगा तथा कर्मचारियों के बीच सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इन पहलों का उपयोग संगठनात्मक विकास और टीम भावना को और सुदृढ़ करने में करने का आह्वान किया।

# सर्प दंश से पीड़ित का इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने की चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती किया गया था। इलाज ने कथित लापरवाही बरते जाने के कारण मरीज की सदर अस्पताल में मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने स्वास्थ्य मंत्री से सदर अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने और चिकित्सकों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

मरीज की मौत की सूचना के बाद अस्पताल में परिजनों और अन्य लोगों की भीड़ लग गई। सदर अस्पताल के डीएस एन पी सिंह ने लापरवाही के आरोप को खारिज किया है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक ने रात दो बजे तक इलाज भी किया और ब्लड जांच भी कराई। सांप काटने का कोई सिंपटम मरीज में नहीं था, जिस कारण एंटी वेनम नहीं चलाया जा सकता था। सुबह स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सकों ने सभी तरह का इलाज किया लेकिन हार्ट फेलियर होने से मौत हुई।



चंद्रपुरा प्रखंड के पिपराडीह के रहने वाले मोहम्मद तसलीम को कल शाम सांप ने दाहिने हाथ में काट लिया था।

इसके बाद डीवीसी अस्पताल में इलाज करने के बाद रात 12 बजे सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती किया गया।

चिकित्सकों ने इंजेक्शन लगाने के बाद जांच शुरू की उसके बाद किसी भी चिकित्सक ने मरीज को देखने का काम नहीं किया। आज जब सुबह मरीज की स्थिति भी बागड़ी तो चिकित्सकों को सूचना दी गई, उसके तुरंत बाद मरीज की मौत हो गई।

मृतक के रिश्तेदार मोहम्मद साहिल ने बताया कि चिकित्सक को यह बताया गया कि हम लोग स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के आदमी है उसके बाद भी इलाज नहीं की गई हम चाहते हैं कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार हो और लापरवाह चिकित्सकों पर कार्रवाई हो।

# कार्बन उत्सर्जन में आयी कमी, स्वच्छ हो रहा वायुमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कार्बन उत्सर्जन में करीब सात प्रतिशत की कमी आई है। केंद्र सरकार ने देश भर में किए जा रहे नवाचार को कार्बन उत्सर्जन की मुख्य वजह माना है। झारखंड में कोयला आधारित उद्योग, लकड़ी का इंधन के तौर पर उपयोग कम होने से वायुमंडल में कार्बन कम हो रहा है। वन एवं पर्यावरण विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस आधारित चूल्हे दिए हैं।

उज्जवला योजना समेत एलपीजी सिलेंडर के बड़े पैमाने पर उपयोग से कार्बन का उत्सर्जन कम हुआ है। बायोगैस स्टोव वितरण प्रक्रिया से जुड़े राजन कुमार ने बताया कि एक स्टोव 23 प्रतिशत अधिक गर्मी उत्पन्न करता है। इसका सीधा असर पर्यावरण पर हो रहा है।

इसका मतलब है कि एक बायोगैस स्टोव के प्रयोग से सालभर में एक टन कार्बन को उत्पन्न होने से रोका जा रहा है। पर्यावरणविद नीतीश प्रियदर्शी का मानना है कि राज्य में इस साल कम गर्मी पड़ी है। यह कार्बन रेटिंग में कमी का असर हो सकता है। हालांकि अभी इसकी वैज्ञानिक व्याख्या नहीं की जा सकती है।

केंद्र सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को कार्बन क्रेडिट में कमी लाने पर राशि देने की भी योजना बनाई है। वन क्षेत्र में बसी बस्तियों के आसपास बायोमास यानि हरियाली बढ़ने पर इसका फायदा स्थानीय लोगों को मिलेगा। झारखंड में जल्द ही इस योजना को प्रारंभ किया जाएगा।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**बोकारो।** सेंट जेवियर्स स्कूल, बोकारो इस्पात नगर में बुधवार को आईटी क्लब द्वारा ग्राफ एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को गणितीय समीकरणों का प्रयोग कर विभिन्न आकृतियाँ बनानी थीं।

# सरगना सहित 6 डकैत गिरफ्तार, जेवर व नकदी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने धनबाद के अलग अलग क्षेत्रों से 6 डकैतों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने 17-18 अगस्त की रात बोकारो के नावाडीह थाना क्षेत्र के बिरनी गांव में धनेश्वर साहू के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। हथियारबंद 8 से 10 डकैतों ने सोने चांदी के जेवर सहित लाखों रुपए की डकैती की थी। डकैती का खुलासा बोकारो एसपी के द्वारा गठित एसआईटी टीम ने किया है। इस मामले में धनबाद के रहने वाले पांच डकैत के साथ सोनार समेत 6 डकैत को दो देशी पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक कार्बाइन टाइप का देसी कट्टा, 6 गोली 10 ग्राम गला हुआ सोना 470 ग्राम गलता हुआ चांदी और एक स्कॉर्पियो के साथ गिरफ्तार किया है वहीं डकैतों से सोना चांदी खरीदने वाले नावाडीह के सोनार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस डकैत



गिरोह का मास्टरमाइंड धनबाद के भूली का रहने वाला विक्रम कुमार है। जो अपने सहयोगी धर्मेंद्र राय रवि कुमार महतो हाशिम शेख किसान पंडित सहित अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धनेश्वर के घर में हथियार के बल पर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि इन डकैतों से मुकेश सोनार के द्वारा जेवर की खरीदारी की जाती थी। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा धनबाद के ईस्ट बसुरिया थाना क्षेत्र में 25 जुलाई और नावाडीह थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में डकैती की घटना को अंजाम दिया था, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया था। एसपी ने बताया कि यह जीरो पूरी तरह से प्रोफेशनल है और डकैती की घटना को ही अंजाम देने का काम करते हैं। गिरोह के अन्य सदस्य जो अभी फरार है उनके गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि डकैत गिरोह का सरगना विक्रम कुमार के खिलाफ धनबाद के कतरास और तेतुलमारी थाना में पूर्व तीन से मामला दर्ज है। वही एक अन्य सदस्य हसीन शेख के ऊपर बोकारो के नावाडीह और चंदनकियारी थाने में मामला दर्ज है।

C M Y K

# बिहार में 'वोट चोरी' के खिलाफ महाआंदोलन, बूथ स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** एसआईआर को लेकर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष का आक्रामक रुख कम होता नहीं दिख रहा है। इसी रुख को जारी रखते हुए विपक्षी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में वोटर अधिकार रैली चल रहा है। जो आगामी एक सितंबर को पटना मे समापन होगा, जिसकी तैयारी को लेकर बुधवार को मसौढी यें महागठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ताओं का कन्वेंशन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मसौढी विधायक रेखा देवी ने की। मंच संचालन भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश ने की। मौके पर सभी बुथ स्तरीय कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक रेखा देवी ने कहा की वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाना और एक साफ-सुथरी मतदाता सूची सुनिश्चित करना है। इसे न केवल चुनावी मुद्दा बताया है, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत की रक्षा की लड़ाई भी बताया है।वहीं, राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा को जनांदोलन बताया है और युवाओं, मजदूरों और किसानों से इसमें शामिल होने की अपील की है। कहा यह यात्रा वोट की चोरी के खिलाफ सीधी लड़ाई है, जिसका मकसद हर नागरिक के वोट के अधिकार को सुनिश्चित करना है।



इसके साथ ही हर बुथ लेवल कार्यकर्ताओं को अगाह किया गया है की अपने अपने बुथों पर नाम काटे गये मतदाताओं की सूची निकाले और उसका नाम जोडवाये, मृत मतदाताओं के नाम की समीक्षा करे, बाहर गये मजदूरों की सूची निकाले और उन सभी मतदाताओं के नाम का सत्यापन करे। मौके पर मसौढी राजद अध्यक्ष राकेश पंडित, धनरूआ प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, कंाग्रेस के इंद्रमणि देवी, शिवपूजन सिंह, माकपा के छत्रपाल सिंह, प्रोफ़ेसर सीपी मंडल, भाकपा माले के राकेश कुमार, अकलू पासवान एवं रामउचित चौधरी, नरेश यादव, विनोद कुमार, सयेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# कल्याणपुर पंचायत में गणेश पूजनोत्सव सह मेला का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** गणेश चतुर्थी के मौके पर पुनपुन के कल्याणपुर पंचायत में श्री गणेश पूजा समिति के द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजनोत्सव एवं मेला समारोह का आयोजंन हुआ। मौके पर पूर्व विधायक अरूण मांझी, पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह एवं जदयू राजनैतिक सलाहकार कुमारी खुशबूरानी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर गणेश पूजनोत्सव एवं मेला समारोह का उद्घाटन किया। आयोजकों ने बताया की यह मेला गणेश चतुर्थी उत्सव का हिस्सा है, जो कि 27 अगस्त 2025 को शुरू होकर अनंत चतुर्दशी के दिन, 6 सितंबर 2025 को समाप्त होती है। इस दौरान, पूर्व विधायक अरूण मांझी ने कहा कि पूजा, इबादत भी जरूरी है इससे लोगों में शांति, प्रेम और भाईचारा का माहौल बढ़ता है। लोगों को प्रेरणा मिलती है। आपसी भाईचारा, एकता और आपस में प्रेम होना चाहिए. कोई मजहब किसी को आपस में बैर करना नहीं सिखाता है। उन्होंने आपस में मिलजुल कर रहने और जीवन को आगे बढ़ाते हुए समृद्धि प्राप्त करने की बात कही। मौके पर पालटन सिंह, धीरेन्द्र पटेल आदी शामिल रहे। वहीं श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष नवनीत कुमार ने बताया कि यह वर्ष 2008 से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह 18वां आयोजन है। मौके पर सतीश कुमार सचिव, सौरव भारती उपाध्यक्ष, संजीव कुमार कोषाध्यक्ष और अजय कुमार उपाध्यक्ष के अलावा सैकडों की संख्या में बाजितपुर कल्याणपुर पिपरा समेत कई अन्य पंचायत के लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### चलाया गया वाहन जांच अभियान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, के निर्देश के आलोक में अपराध की रोकथाम के दृष्टिकोण से सभी थानाक्षेत्रों में वाहन जांच की जा रही है ऋइस क्रम में की देर शाम तक सडकों पर मसौढी मेन रोड पर उतर कर सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा के द्वारा, मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहन जाँच अभियान का नेतृत्व करते हुए चिन्हित चेकिंग पॉइंट्स पर जारी वाहन जाँच का निरीक्षण किया गया और प्रभावी चेकिंग हेतु संबंधित अधिकारीयों/कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ऋबताया कि अपराध की रोकथाम को लेकर लगातार वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सड़कों पर वाहन चेकिंग लगाई जाती हैं, खासकर रात्रि के वक्त में अपराध नियंत्रण को लेकर और उसे प्रभावी बनाने के लिए रोकथाम जरूरी है।

### रसोइयों के क्षमता संवर्धन के लिए प्रशिक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 203 स्कूलों के रसोइया सह सहायकों को क्षमता संवर्धन के लिए पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। रसोइया सह सहायकों के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एमडीएम प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत कुल 203 स्कूलों के 406 रसोईया सह सहायकों को क्षमता सवर्धन का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि दो पालियो में प्रशिक्षण दिया गया है। पीएम पोषण योजना के तहत रसोइया और सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, मिड डे मिल बनाने के दौरान एप्रोन उपयोग करने मेन्यू के अनुसार मिड डे मिल बनाने आदि के बारे में बताया गया। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि दो पालियो में प्रशिक्षण दिया गया है. पीएम पोषण योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम रसोइया और सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, मिड डे मिल बनाने के दौरान एप्रोन उपयोग करने मेन्यू के अनुसार मिड डे मिल बनाने आदि के बात बताई जा रही है।

### लूटकांड का आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने लूटकांड के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए टेहटा थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक दिन पूर्व मिल्की मटौर के समीप सोनू कुमार को हत्यार के बल पर कुछ लोग लूटने का प्रयास कर रहे थे। जिसमे टेहटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गई। जिसमें टेहटा थाना की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घोसी थाना क्षेत्र के लखावर गांव में छापेमारी कर चंदन कुमार पिता छोटन यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद बात आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु आज 27 अगस्त को विधान सभा क्षेत्र 218-मखदुमपुर के सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधान सभा क्षेत्र 218-मखदुमपुर के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता द्वारा प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया गया। साथ ही विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वार विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके कर्तव्य एवं दायित्व, मतदान केन्द्रों की सुव्यवस्थित व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, सामग्री प्रबंधन एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि सेक्टर पदाधिकारी चुनाव के दौरान निर्वाचन प्रबंधन की रीढ़ होते हैं और उनकी सक्रिय भूमिका निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बाढ़ के पानी से घिरा स्कूल, पढ़ाई बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ में आए बाढ़ का पानी कभी घट रहा है तो कभी बढ़ रहा है। कुल पांच पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। ऐसे में धनरूआ प्रखंड में कई सरकारी विद्यालय में भी बाढ़ का पानी घुसा है जिसे पढ़ाई पूरी तरह से बाधित है। ऐसे में वीर पंचायत के राजकीय बुनियादी उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौरंगपुर में पूरा स्कूल बाढ़ के चपेट में है। जहां आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई है। स्कूल में बाढ का पानी घुस आने से 5 दिनों से पढ़ाई पूरी तरह से बंद हो चुकी हैं। वहीं कुशवन चिमनी भट्ठा के पास तटबंध टूट चुका है। दौलता गांव के पास नदी के किनारे कररूआ नदी पर तटबंध टूट चुका है। दरअसल वीर पंचायत में तकरीबन दो दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी घुस आया है, जहां तकरीबन 2000 बीघा में लगे हुए फसल बर्बाद हो गई हैं, वीर पंचायत में दरधा नदी, कररूआ नदी और भुतही नदी एवं लोकाईन नदी यह सभी नदियां वीर पंचायत को टच करती है। जिसमें ननौरी, हुलासचक, हसोंपुर, छितरौली, सेवधा, रामनगर, डोमन बीघा, निजामत समेत कई गांव में बाढ़ का पानी गांव में घुस आया है। वहीं सेवधा नुसरतपुर, भखरी, अलीपुर आदी कई गांव बाढ के चपेट मे है। बहरहाल धनरूआ मे आये बाढ के पानी से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुआ है क्योंकि किसानों ने तीसरी बार अपने खेतों मे धान की रोपनी की थी लेकिन बाढ के आये पानी से हजारों एकड मे लगी धान डुब चुका है।



# धनरूआ पुलिस ने 600 ग्राम गांजा के साथ दो सप्लायरों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में धनरूआ पुलिस ने बुधवार को वीर बाजार से 600 ग्राम गांजा के साथ दो सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो युवकों में कुंदन कुमार (वीर गांव) एवं रोशन कुमार (ओरियारा) हैं। कुंदन कुमार का वीर बाजार स्थित गुमटी है जहां पर वह गांजा लाकर बिक्री किया करता था। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। यह दोनों युवक गांजा कहां से लाकर बेचता था और कितने दिनों से इस धंधे में यह लिप्त था। जब्त गांजे के साथ गिरफ्तार दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशाखोरी के रोकथाम को लेकर लगातार पुलिस अपने इलाके में छापेमारी कर रही है। इसके अलावा पान दुकान, गुटखा बेचने वाले एवं अन्य दुकानों की सघन तलाशी भी समय-समय पर ली जा रही है। दरअसल शराबबंदी के बाद लगातार नशा के खिलाफ एक अभियान के तौर पर जांच दल गठित करते हुए छापेमारी की जा रही है और लगातार इस छापेमारी में कई जगहों पर मादक पदार्थ बरामद किए जा रहे हैं। धनरूआ के वीर बाजार से गांजा बरामद होने के बाद गंज सप्लायरों के बीच हडकंप मची हुई है।



# डीएवी पालीगंज के बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पालीगंज स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर वन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 32 पदक अपने नाम किए। इनमें 16 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। यह प्रतियोगिता 25, और 26 अगस्त को पाटलिपुत्र परिसर एवं बीएसईबी पटना में आयोजित हुई थी, जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायकसंजीव चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में 26 विद्यालयों के लगभग 2000 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। डीएवी पालीगंज के खिलाड़ियों ने अपने कौशल, मेहनत और टीम भावना के बल पर स्वर्ण पदक जीतकर सबका दिल जीत लिया। संजीव, शिवम नवलेश, अतुल, रितेश ओर अंकित ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जीत के बाद कोच अभिषेक कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक श्री रामाशीष राय ने प्रभारी प्राचार्या प्रभा निधि के साथ बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और खिलाड़ियों में आगे की प्रतियोगिताओं के लिए नई ऊर्ज़ा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है।



# शकूराबाद में डॉ इंदु कश्यप के नेतृत्व में लोजपा (रा.) का कार्यकर्ता सम्मान समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर, शकूराबाद स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती आईटीआई कॉलेजके प्रांगण में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बूथ एवं पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया एवं सभी कार्यकर्ताओं से उनका राय लिया गया कि कैसे संगठन को और बेहतर ढंग से मजबूत किया जाए। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो निरंतर संगठन और समाज के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और निष्ठा से ही संगठन जनता का विश्वास अर्जित करता है। इस दौरान अपने संबोधन में डॉ इंदु कश्यप ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के संकल्प से बिहार में जनसेवा और विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। कार्यक्रम में लोजपा (रामविलास) युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पिंटू कुशवाहा, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कुंदन, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सत्यम, संसदीय बोर्ड के प्रखंड अध्यक्ष गौतम, युवा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी रोशन सहित सभी प्रकोष्ठों के जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# राजकीय समारोह में स्वतंत्रता सेनानी एवं राज्य के पूर्व मंत्री स्व0 उपेन्द्र नाथ वर्मा की मनाई जाएगी पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवं राज्य के पूर्व मंत्री स्वर्गीय उपेंद्रनाथ वर्मा की पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव मखदुमपुर प्रखंड के झमन बिगहा में राजकीय समारोह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातः 10:00 बजे जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे, जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों एवं आगत अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जैसा कि स्मरण हो स्व0 उपेन्द्र नाथ वर्मा एक प्रखर समाजवादी, युगपुरुष, लोहियावादी, सामाजिक एवं राजनीतिक विचारक तथा जननायक थे। उनका जन्म 23 अगस्त 1921 को जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत झम्मन बिगहा गांव में हुआ था। 1936 ई. में गयाजी के आजाद पार्क में कंाग्रेस की सभा से प्रेरित होकर उन्होंने जीवनपर्यंत खादी धारण करने का संकल्प लिया।वर्ष 1938 में उन्होंने 'नवयुवक संघ' की स्थापना कर सामंती अत्याचार के विरुद्ध उन्होंने अपनी आवाज़ बुलंद की। इन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में भी नवयुवक संघ के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद भी इन्होंने समाज और राजनीति में सक्रिय रहकर गरीबों एवं किसानों के अधिकार हेतु संघर्ष किया। भारतीय राजनीति के सफ़र में अपना कदम आगे बढ़ाते हुए वर्ष 1977 में वे कर्पूरी ठाकुर के मंत्रिमंडल में राजस्व मंत्री बने। 23 जुलाई 2009 को उन्हें राज्य किसान आयोग, बिहार का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा कैबिनेट मंत्री का दर्ज़ा प्राप्त हुआ। यहां वे अपने जीवन के अंतिम दिन 28 अगस्त 2011 तक इस पद पर कार्य करते रहे। प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय उपेंद्रनाथ वर्मा के पुण्यतिथि के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों से अपील किया गया है कि वे इस राजकीय समारोह में सम्मिलित होकर इस महान व्यक्तित्व को नमन करें और उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करें। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने बताया कि स्वर्गीय वर्मा का संपूर्ण जीवन समाज, किसान और वंचित वर्ग के लिए समर्पित रहा है।

### नहर में डूबने से युवक की मौत

**पालीगंज (नबिटा संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भेड़हरिया इंग्लिश गांव के पास बड़ी नहर में बुधवार को डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी उमेश साव (44 वर्ष),पिता राजाराम साव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उमेश सुबह शौच के लिए नहर किनारे गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नहर के गहरे पानी में डूब गए। जब वे लंबे समय तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई।


**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT NAVINAGAR (AURANGABAD)**

Govt. of Bihar

**VERY SHORT NOTICE INVITING R-Tender NIT NO : 10/2025-26**

The Executive Office, **Nagar Panchayat Navinagar**, Bihar invites online tender in two Bid System (Technical & Financial) on Engineering, procurement and construction (EPC) more basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| | |
|---|---|
| **Name of the Work:** | **Design, Build, construct, install, commissioning of compost plant of 5 TPD for wet waste along with operation and maintenance of plant for 5 years including the tipping fee On EPC mode of Nagar Panchayat Navinagar** |
| Estimated Project Cost (in Rs.): | 5006669 .00 |
| Bid Security/EMD (2%): | 100200 .00 |
| Performance Security (5%) | 250500 .00 |
| Cost of Bid Document: | 10000.00 |
| Plan Capacity (in TPD): | 05 TPD |
| Name of Publisher & Officer/Address: | Executive Officer, Nagar Panchayat Navinagar |
| Tender Invitation Issue Date: | 22.08.2025 |
| Bid Submission Start Date: | 01.09 .2025 Time 1:00 PM |
| Pre-Bid Meeting Date, Time & Place: | 01.09.2025, 11:30 AM to 12:30 PM at Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar |
| Bid Submission Due Date & Time: | 06.09.2025 T ill 03:00 PM. |
| Physical document submission end date, time & place: | 08.09.2025 T ill 02:00 PM, at Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar |
| Bid open date and time of online opening of documents (Mandatory Documents Technical): | 08.09.2025 T ill 02:30 PM |
| Financial Bid opening date: | After the evaluation of Technical Bid. |
| Periods of Bid Validity: | 180 Days. |

- The bid forms and other details can be seen and downloaded from the website portal **https://www.eproc2.bihar.gov.in**
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e, internet payment gateway (credit/debit card), net banking, NEFT, RTGS in favor of Executive officer, Nagar Panchayat Navinagar.
- The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.

Executive Officer
Nagar Panchayat Navinagar

PR- 012700 (B & C) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं.: एस.जी./डी.एस.ई./टी,/ओ.टी./04/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अपग्रेडेशन/मार्डनाइजेशन ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर ऑफ सोननगर गुड्स शेड। (अम्ब्रेला वर्क 2023–24) **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 24,48,629.90/– (चौबीस लाख अड़तालीस हजार छः सौ उनतीस रूपये एवं नब्बे पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू. 49,000/– (उनचास हजार रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 19.09.2025 को 12.30 बजे तक। **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई– निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

**म.सं. एवं दू.सं.अभि.,**
**पूर्व मध्य रेल, पं.दी.द.उपा.**

पीआर/0840/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/25–26/28



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./25–26**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
**निविदा संख्या : टी.आर.डी/डी.एन.आर/ओ.टी./13/25–26,** 1. **कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल पर असंशोधित आर.ई को संशोधित 3 पुली आर.ई द्वारा प्रतिस्थापित करना तथा गिरने से बचाने की व्यवस्था के लिए अनुलग्नक का प्रावधान करना।, 2. **कार्य की अनुमानित लागत (एन.आई.टी. मूल्य) :** ₹ 94,39,855.72/–, 3. **अग्रधन राशि :** ₹ 1,88,800.00/–, 4. **निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख और समय :** निविदा 12.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानी 23.09.2025 को और उसी दिन 12.30 बजे खोला जाएगा।, **5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदि। :** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस. वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे / दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ, तो सभी शुद्धि–पत्र वेबसाईट पर अपलोड किए जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक,**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/0842/डीएनआर/टीआरडी/टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

**ऑन लाईन (ई–निविदा) (दानापुर मंडल (इंजी. विभाग)** भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते हैं।
**निविदा सूचना संख्या : डब्ल्यू–7/ई–टेन्डर/14/ओपेन/दानापुर/2025–26**
**क्रमांक :** 1, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** पटना जंक्शन पर यार्ड नाले का सुधार 1.60 किलोमीटर।, **अनुमानित निविदा राशि :** 1,41,63,931.26, **बयाना की राशि :** 2,20,800/–
**क्रमांक :** 2, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए दीघा पुल हाल्ट से जे.पी. सेतु के बीच आर.सी.सी. चारदिवारी का निर्माण।, **अनुमानित निविदा राशि :** 96,26,412.84, **बयाना की राशि :** 1,92,500/–
**क्रमांक :** 3, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर मंडल के किऊल–गया सेक्शन के बीच सिरारी–शेखपुरा कि.मी. 19/40–42 पर अतिक्रमित स्थान पर सीमित ऊँचाई वाले सबवे का प्रावधान।, **अनुमानित निविदा राशि :** 6,09,68,443.00, **बयाना की राशि :** 4,54,900/–
**क्रमांक :** 4, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर मंडल के किऊल–गया सेक्शन के बीच कि.मी. 35/28–30 पर अतिक्रमित स्थान पर सीमित ऊँचाई वाले सबवे का प्रावधान।, **अनुमानित निविदा राशि :** 5,80,29,308.84, **बयाना की राशि :** 4,40,200/–
**क्रमांक :** 5, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/2/दानापुर के अन्तर्गत टिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली का उपयोग करके ट्रैक ज्यामिति और ट्रैक मापदंडों में सुधार।, **अनुमानित निविदा राशि :** 1,84,66,667.62, **बयाना की राशि :** 2,42,300/–
**क्रमांक :** 6, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/2/दानापुर के अन्तर्गत बैंक का सेस रिपेयरिंग/मानकीकरण (कुल 58.00 टीकेएम)। (दो पैकेट प्रणाली)।, **अनुमानित निविदा राशि :** 14,67,30,351.44, **बयाना की राशि :** 8,83,700/–
**क्रमांक :** 7, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर मंडल के दानापुर–पाटलिपुत्रा सेक्शन के बीच कि.मी. डी पी 1/7–8 पर अतिक्रमित स्थान पर सीमित ऊँचाई वाले सबवे का प्रावधान।, **अनुमानित निविदा राशि :** 5,80,51,932.84, **बयाना की राशि :** 4,40,300/–
**क्रमांक :** 8, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/3/दानापुर के अन्तर्गत टिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली का उपयोग करके ट्रैक ज्यामिति और ट्रैक मापदंडों में सुधार।, **अनुमानित निविदा राशि :** 2,08,89,293.75, **बयाना की राशि :** 2,54,500/–
**क्रमांक :** 9, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/3/दानापुर के अन्तर्गत 25 लेवल क्रासिंग पर आरडीएसओ प्रकार के मानक ऊँचाई गेज का प्रावधान।, **अनुमानित निविदा राशि :** 2,78,66,634.18, **बयाना की राशि :** 2,89,300/–
**क्रमांक :** 10, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर मंडल के वरीय सेक्शन इंजी./रेलपथ/टी डी/दानापुर के अंतर्गत रेलपथ स्टोर तक किसी भी स्टोर से कार्य स्थल या किसी भी स्थान तक रेलपथ सामग्री का परिवहन, ढुलाई और स्टैकिंग करना।, **अनुमानित निविदा राशि :** 3,11,18,230.00, **बयाना की राशि :** 3,05,600/–
● **निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 15.09.2025 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। ● **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1.** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: **http.//www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। **2.** विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेबसाईट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/0838/डीएनआर/इंजी./टी/25–26/116

# अश्विन ने आईपीएल से संन्यास लिया

## ● 5 टीम में खेले, 221 मैच में 187 विकेट लिए ● रिटायरमेंट पोस्ट में लिखा- अब विदेशी लीग खेलूंगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अश्विन ने लिखा- कहते हैं हर अंत एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन कई विदेशी लीग में खेलने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। अश्विन आईपीएल 2025 में सीएसके टीम के हिस्सा थे, लेकिन वे ज्यादा मैच नहीं खेले थे। उन्होंने आईपीएल में इस साल आखिरी मैच 20 मई को खेला था। उन्हें टीम से रिलीज किए जाने की भी चर्चाएं चल रही थीं। अश्विन आईपीएल में पांच अलग-अलग टीमों की ओर से खेल चुके हैं।अश्विन ने आगे लिखा-इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और सबसे जरूरी आईपीएल और बीसीसीआई का, जो उन्होंने मुझे अब तक मौका दिया है। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

### अश्विन के नाम 187 आईपीएल विकेट

आईपीएल में 221 मैच खेल चुके अश्विन के नाम 187 विकेट (इकोनॉमी रेट 7.29) और 833 रन (स्ट्राइक रेट 118) दर्ज हैं। पिछले सीजन में उन्होंने सीएसके के लिए 9 मैच खेले थे। अश्विन को सीएसके ने मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह 9 साल बाद अपने होम फ्रेंचाइजी में लौटे थे। 2016 से 2024 के बीच वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। आईपीएल करियर की शुरुआत उन्होंने सीएसके से ही की थी और 2008 से 2015 तक टीम के साथ रहे।

### बीजीटी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा

अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 14 से 18 दिसंबर के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे था। ?उन्होंने कहा था, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा। अश्विन ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।

# वनडे बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं

## गिल पहले स्थान पर बरकरार, बॉलिंग में महराज-तीक्षणा पहले पायदान पर

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की जारी वनडे बैटर्स रैंकिंग के टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बुधवार को जारी वीकली रैंकिंग में भारतीय बैटर शुभमन गिल टॉप पर बने हुए है। वनडे कप्तान रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर बरकरार हैं। रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरन ग्रीन को फायदा हुआ है। हेड एक स्थान बढ़कर 11वें, मार्श चार स्थान चढ़कर 44वें और ग्रीन 44 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 78वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

**ग्रीन ने 55 बॉल पर 118 बनाए-** साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार को खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से तीन शतक लगे थे। हेड ने 103 गेंदों पर 142 रन बनाए थे। वहीं, मिचेल मार्श 106 गेंद पर 100 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक लगाते हुए 55 बॉल पर नाबाद 118 रन बनाए थे।

**महाराज-तीक्षणा टॉप पर -** वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में केशव महाराज और महीश तीक्षणा टॉप पर हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे ज्यादा फायदा लुंगी एनगिडी को हुआ। साउथ अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सीरीज में सात विकेट लिए और छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी शॉन एबट 9 स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर और नाथन एलिस 21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गए।



ICC वनडे बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| 1 | शुभमन गिल (IND) | 784 |
| 2 | रोहित शर्मा (IND) | 756 |
| 3 | बाबर आजम (PAK) | 739 |
| 4 | विराट कोहली (IND) | 736 |
| 5 | डैरिल मिचेल (NZ) | 720 |
| 6 | चरिथ असलंका (SL) | 719 |
| 7 | हैरी टेक्टर (IRE) | 708 |
| 8 | श्रेयस अय्यर (IND) | 704 |
| 9 | शाई होप (WI) | 699 |
| 10 | इब्राहिम जादरान (AFG) | 676 |

# अनीष भानवाला के हाथों से छूटा गोल्ड

## एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**शिमकेंट (कजाखस्तान) (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। 22 साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। मंगलवार को ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा देश को टीम खिताब भी दिलाया। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 72 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में जूनियर स्पर्धाएं भी हो रही हैं। जूनियर निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अब तक 39 स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।



# जॉन मूनी 6 साल बाद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम में वापसी, एशिया कप से पहले मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयरलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है। मूनी ने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शामिल हैं। उनके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोचिंग सर्टिफिकेट हैं। अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है। ,छ्क्क ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है। थानाबालासिंगम फिजियोथेरेपी और खेल विज्ञान में एक मजबूत शैक्षिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि लेकर आए हैं। उन्होंने 2010 में फिजियोथेरेपी में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की, और 2008 में सिडनी विश्वविद्यालय से व्यायाम और खेल विज्ञान में अनुप्रयुक्त विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह ऑस्ट्रेलिया के फिजियोथेरेपी बोड में एक पंजीकृत चिकित्सक और ऑस्ट्रेलियाई फिजियोथेरेपी एसोसिएशन के एक सक्रिय सदस्य हैं।

# कैरेबियन लीग में एक बॉल पर बने 22 रन

## नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बॉल पर 2 सिक्स; अगली बॉल पर भी सिक्स

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एक बॉल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वॉरियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है।

टॉस जीतकर गयाना अमेजन वॉरियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने। ओशाने थॉमस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बॉल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बॉल डालीं। इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थॉमस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया। इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया।




### 2 बार एक बॉल पर 13 रन बन चुके

**केरल प्रीमियर लीग** -सैमसन ने लगातार 2 छक्के लगाए एक दिन पहले मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को केरल क्रिकेट लीग में एक बॉल पर 13 रन बने थे। संजू ने त्रिशूर टाइटंस के गेंदबाज सिजोमोन जोसफ की बॉल पर छक्का लगाया। इसे अंपायर ने नो-बॉल करार दिया, इससे उन्हें एक और बॉल डालनी पड़ी। सैमसन ने फ्री हिट पर भी छक्का लगाया। जिम्बाब्वे के खिलाफ 5वां टी-20- जायसवाल ने दो छक्के लगाए एक साल पहले 14 जुलाई 2024 को भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए आखिरी टी-20 मैच में एक बॉल पर 13 रन बने थे। हरारे में खेले गए इस मुकाबले के पहले ओवर की पहली बॉल यशस्वी जायसवाल ने छक्का लगाया। लेकिन, अंपायर ने इसे नॉ-बॉल करार दिया। ऐसे में जायसवाल ने फ्री हिट पर भी छक्का लगा दिया। यह ओवर जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा डाल रहे थे।

### गयाना ने 202 रन बनाए, शेफर्ड की फिफ्टी

गयाना अमेजन वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। मुकाबले में गुयाना वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। सेंट लूसिया ने 18.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

# पीवी सिंधु वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में पहला मैच जीतीं

## ● बुल्गारिया की कलोयाना नलबंतोवा को हराया ; प्रणौय राउंड ऑफ 32 में पहुंचे

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत की है। पेरिस में चल रही वर्ल्ड चैंपियनशिप में विमेंस सिंगल्स के पहले राउंड में सिंधु ने बुल्गारिया की कलोयाना नलबंतोवा को 39 मिनट चले मुकाबले में 23-21, 21-6 से हराया। राउंड ऑफ 32 में सिंधु का मुकाबला हांगकांग की सलोनी समीरबाई मेहता और मलेशिया की लेटशाना करुपथेवन के बीच के मैच की विजेता से होगा।मेंस सिंगल्स में एचएस प्रणौय ने राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में फिनलैंड के जोकिम ओल्ड्रॉफ को हरा दिया। 47 मिनट चले मुकाबले में प्रणौय ने 21-18, 21-15 से जीत हासिल की।

**पहले गेम में कड़ा मुकाबला, दूसरा गेम में सिंधु की एकतरफा जीत -** वर्ल्ड नंबर-15 पीवी सिंधु ने बुल्गारिया की गैर वरीयता नलबंतोवा को 23-21, 21-6 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। पहले गेम में सिंधु को कड़ी टक्कर मिली और मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन अनुभव के दम पर उन्होंने गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में सिंधु पूरी तरह छा गई और आसान जीत के साथ मैच समाप्त किया।

**प्रणौय राउंड ऑफ 32 में पहुंचें -** मेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 64 मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 34 एच.एस. प्रणौय ने शानदार जीत हासिल की। उन्होंने वर्ल्ड नंबर फिनलैंड के जे. ओल्डॉर्फ़ को सीधे गेम में 21-18, 21-15 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# वर्ल्ड नंबर-1 यूएस ओपन सिनर पहला राउंड जीते

## गैर-वरीय कोप्रिवा को सीधे सेटों में हराया; स्वियातेक और गॉफ भी दूसरे दौर में



**यूएस (एजेंसी)।** जैनिक सिनर ने अपने पहले राउंड में चेक गणराज्य के गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी विट कोप्रिवा को सीधे सेटों में 6-1, 6-1, 6-2 से हराया। यूएस ओपन 2025 में तीसरे दिन डिफेंडिंग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने जीत से शुरुआत की।वहीं, पूर्व विजेता इगा स्वियातेक और कोको गॉफ ने भी टूर्नामेंट में अपनी जीत से आगाज किया।

**जैनिक सिनर ने विट कोप्रिवा को हराया -** वर्ल्ड नंबर एक जैनिक सिनर ने अपने पहले राउंड में चेक गणराज्य के गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी विट कोप्रिवा को सीधे सेटों में 6-1, 6-1, 6-2 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत की। 24 साल के इस इतालवी खिलाड़ी ने इस साल पहले ही ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन का खिताब जीता है और फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे। अगर सिनर इस बार यूएस ओपन जीतते हैं, तो वह 2008 में रोजर फेडरर के बाद पुरुष वर्ग में खिताब की रक्षा करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

**इगा स्वियातेक की शानदार जीत -** महिला वर्ग में वर्ल्ड नंबर दो और 2022 की यूएस ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने कोलंबिया की गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एमिलियाना अरैंगो को केवल 60 मिनट में 6-1, 6-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। इगा स्वियातेक ने कोलंबिया की गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एमिलियाना अरैंगो को केवल 60 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया।

**कोको गॉफ ने जीता घरेलू दर्शकों का दिल -** अमेरिका की अपनी चहेती खिलाड़ी और 2023 की यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलजानोविच को 6-4, 6-7 और 7-5 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2023 में पहली बार यूएस ओपन जीता था और अब वह दोबारा खिताब जीतने की कोशिश में हैं। गॉफ ने इस साल फ्रेंच ओपन भी जीता था।

## कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप

# भारत को सीनियर में मिले तीन सिल्वर, कोयल बार ने यूथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की वेटलिफ्टर बिंदिया रानी देवी, मुथुपांडी राजा और स्नेहा सोरेन ने अहमदाबाद में चल रही कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। वहीं, 17 साल की कोयल बार ने यूथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ 53 किलो वेट में गोल्ड मेडल जीता। कोयल बार ने सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतने वाली स्नेहा सोरेन से अधिक वजन उठाया। महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कोयल बार ने इतिहास रच दिया। उन्होंने कुल 192 किग्रा (स्नैच 85 किग्रा + क्लीन एंड जर्क 107 किग्रा) वजन उठाकर नया वर्ल्ड यूथ रिकॉर्ड बनाया। यह वजन सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतने वाली भारतीय वेटलिफ्टर स्नेहा सोरेन के उठाए गए वजन से अधिक है।

कोयल ने कुल और क्लीन एंड जर्क, दोनों में नया रिकॉर्ड दर्ज किया। कोयल ने इसी प्रदर्शन के दम पर यूथ और जूनियर दोनों वर्गों का खिताब अपने नाम किया।

**बिंदिया रानी देवी ने 206 किलो वेट उठा कर सिल्वर जीता -** महिला 58 किग्रा वर्ग में बिंदिया रानी ने कुल 206 किग्रा (91 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा का वजन उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा सफलतापूर्वक उठाया। हालांकि, आखिरी प्रयास में 122 किग्रा उठाने में वह नाकाम रहीं और सिल्वर मेडल पर रुक गईं। इस वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा + 112 किग्रा) के साथ गोल्ड मेडल जीता। बिंदिया रानी इससे पहले 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में 55 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं। साथ ही, वह 2019 में कॉमनवेल्थ चैंपियन रह चुकी हैं



और 2021 में सिल्वर मेडल हासिल किया था।महिला 58 किग्रा वर्ग में बिंदिया रानी ने कुल 206 किग्रा (91 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

**मेंस वर्ग में मुथुपांडी एक किलोग्राम के अंतर से गोल्ड से चूक गए -** मेंस के 65 किग्रा वर्ग में भारत के मुथुपांडी राजा गोल्ड मेडल से मात्र एक किलोग्राम के अंतर से चूक गए। उन्होंने कुल 296 किग्रा (128 किग्रा स्नैच + 168 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाया, लेकिन मलेशिया के मोहम्मद अज्निल बिन बिदिन ने 297 किग्रा (125 किग्रा + 172 किग्रा) के साथ गोल्ड मेडल जीता। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा + 165 किग्रा) के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

# एशिया कप से पहले त्रिकोणीय टी20 सीरीज खेलेगा यूएई

## अफगानिस्तान-पाकिस्तान के खिलाफ टीम की घोषणा की

**यूएई (एजेंसी)।** एशिया कप से पहले यूएई की टीम अफगानिस्तान और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय टी20 सीरीज खेलेगी जिसके लिए मुहम्मद वसीम की कप्तानी वाली टीम की घोषणा की गई है। यह सीरीज 29 अगस्त से 7 सितंबर तक शारजाह में खेली जाएगी। यह सीरीज 9 सितंबर से,श्व में शुरू होने वाले पुरुष टी20 एशिया कप की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बार टीम में चार खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जिसमें हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद फारूक और मुहम्मद जवादुल्लाह, जबकि आकिफ राजा, मतिउल्लाह खान और जुहैब जुबैर टीम में नहीं हैं। 28 वर्षीय बाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज कौशिक, जो अंशकालिक बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं, ने अभी तक अपना अंतराष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है, जबकि सिद्दीकी, फारूक और जवादुल्लाह अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए खेल चुके हैं।



मध्यम तेज गेंदबाज सिद्दीकी (32 वर्षीय) पिछले कुछ वर्षों में यूएई के प्रमुख गेंदबाजों में से एक रहे हैं, जिन्होंने 59 एकदिवसीय और 71 टी20आई मैचों में क्रमशः 76 और 96 विकेट लिए हैं, इसके अलावा वे इंटरनेशनल लीग टी20 (आईपीएल20) और ग्लोबल टी20 कनाडा जैसी लीगों में भी खेल चुके हैं। 26 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जवादुल्लाह 12 एकदिवसीय मैचों में 11 विकेट और 33 टी20आई में 54 विकेट लेकर यूएई के गेंदबाजी आक्रमण का नियमित हिस्सा रहे हैं, जबकि 32 वर्षीय लेग स्पिनर ऑलराउंडर फारूक ने आठ टी20आई में नौ विकेट लिए हैं और दो एकदिवसीय मैच भी खेले हैं। टीम का मुख्य हिस्सा काफी हद तक अपरिवर्तित है जिसमें अलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा और राहुल चोपड़ा जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज लालचंद राजपूत द्वारा प्रशिक्षित,श्व की टीम त्रिकोणीय श्रृंखला में अपने अभियान की शुरुआत 30 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी, उसके बाद 1 सितंबर को अफगानिस्तान, 4 सितंबर को फिर से पाकिस्तान और 5 सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच होंगे। फाइनल 7 सितंबर को खेला जाएगा, जो एशिया कप शुरू होने से ठीक दो दिन पहले है, जहां यूएई खुद को भारत, पाकिस्तान और ओमान के साथ एक चुनौतीपूर्ण ग्रुप में पाता है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

**टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए यूएई की टीम -** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), आसिफ खान, ध्रुव पाराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद ज़ोहैब, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), रोहिद खान, सगीर खान।

# राजस्व विभाग आपके द्वार शिविर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार द्वारा संचालित "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सदर प्रखंड के पंचायत भवन पड़रावां में शिविर आयोजित किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने शिविर स्थल पर स्थापित विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया तथा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे आमजन को अंचल कार्यालय अथवा जिला मुख्यालय का अनावश्यक परिभ्रमण न करना पड़े। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपनी भूमि संबंधी समस्याओं, जैसे – ऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का ऑनलाइन अंकन, उत्तराधिकारी नामांतरण, बंटवारा नामांतरण इत्यादि के आवेदन शिविर स्थल पर ही प्रस्तुत करें, ताकि उनके प्रकरणों का शीघ्र एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। यह उल्लेखनीय है कि "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान का शुभारंभ दिनांक 16 अगस्त, 2025 से किया गया है, जो आगामी 20 सितंबर, 2025 तक जिले के सभी अंचलों के ग्राम स्तर पर संचालित होगा। इस अभियान के अंतर्गत नामित राजस्व दल घर-घर जाकर भूमि संबंधी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही, प्रत्येक ग्राम में निर्धारित तिथियों को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं। रफीगंज एवं गोह संवाददाता के अनुसार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रतिदिन "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार को गोह एवं रफीगंज प्रखंड के विभिन्न स्थलों पर आयोजित विशेष शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने शिविर स्थल पर स्थापित विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया तथा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे आमजन को अंचल कार्यालय अथवा जिला मुख्यालय का अनावश्यक परिभ्रमण न करना पड़े।

## स्नान को गए युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। ढोसिला पंचायत के धरहारा गांव में मंगलवार को स्नान करने गए एक युवक का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार, गांव के काइल कुमार का 28 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे घर से नदी में स्नान करने गया था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला। बुधवार सुबह ग्रामीणों को नदी किनारे अर्जुन का चप्पल मिला, जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि वह नदी में डूब गया है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव की खोज की गई। इसके बावजूद युवक का पता नहीं चला।

# नहर में कार गिरने से बाल संरक्षण इकाई कर्मी की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सोमवार देर रात पटना से औरंगाबाद लौटने के क्रम में अरवल जिले के सोन नहर में एक कार गिर जाने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल रहा। मृतक का शव अब तक बरामद नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, कार में सवार युवक की पहचान पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र के खोरठा गांव निवासी ध्रुव तिवारी के रूप में हुई है। वह औरंगाबाद की बाल संरक्षण इकाई से संबद्ध आरोहण विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान में सामाजिक कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत था। वहीं, घायल युवक की पहचान औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यारी गांव निवासी पिंटू कुमार के रूप में की गई है। वह बृहद आश्रय गृह, बभंडीह में आईटी ब्वॉय के रूप में काम करता है। घायल पिंटू का इलाज सदर अस्पताल, औरंगाबाद में चल रहा है। घायल पिंटू ने बताया कि वह और ध्रुव तीन वर्षों से घनिष्ठ मित्र थे। सोमवार को दोनों बिना किसी को बताए पटना गए थे और लौटते समय रात करीब चार बजे अरवल के समीप सोन नहर के 9 नंबर सलूइस गेट के पास कार ध्रुव चला रहा था। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। पिंटू ने किसी तरह कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकलने में सफलता पाई, जबकि ध्रुव का पैर कार में फंस गया। ग्रामीणों की मदद से जब तक पिंटू वापस लौटा, तब तक कार पूरी तरह नहर में डूब चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। हाइड्रा मशीन की मदद से कार को नहर से बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन अब तक ध्रुव का शव बरामद नहीं हो सका है।

# योग्य नागरिक का मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम : अनन्या




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं निर्वाचन सूची से जोड़ने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में बुधवार को उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा एक वीडियो संदेश के माध्यम से जिले के समस्त युवाओं एवं विशेषकर महिलाओं से अपील की गई कि यदि उनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है अथवा आगामी 01 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष पूर्ण हो जाएगी, तो वे अपना नाम निर्वाचक नामावली में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक योग्य नागरिक का अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है और प्रत्येक मत देश की दशा एवं दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को सूचित किया कि निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने हेतु संबंधित मतदान केंद्र के बी.एल.ओ. से संपर्क किया जा सकता है अथवा राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल डब्लूडब्लूडब्लू. एनवीएसपी.इन पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पंजीकरण के लिए आयु एवं निवास प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने जिले की महिलाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में सक्रिय रूप से भाग लें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाएं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों में जुटा प्राधिकार, जिला जज ने की सहयोग की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (DLSA) के अध्यक्ष राज कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा तथा सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला जज ने लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने अभियोजन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों की पहचान करें, जिनमें न्यायालय ने संज्ञान लिया है लेकिन पुलिस द्वारा अब तक आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया है। यदि उन मामलों में पक्षकारों के बीच सुलहनामा हो चुका है और वे वाद सुलह योग्य श्रेणी में आते हैं, तो अनुसंधानकर्ता अथवा संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय कर शीघ्र आरोप-पत्र दाखिल कराना सुनिश्चित करें। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत में लंबित और सुलह योग्य वादों का निस्तारण कराना अभियोजन पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी है।

# नकाबपोश बदमाशों ने बैंक कर्मी से 71 हजार से अधिक रुपये लूटे, विरोध करने पर की मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के अंबा थाना क्षेत्र के छकनबाग गांव में दिनदहाड़े नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने बैंक कर्मी से 71 हजार 66 रुपये लूट लिए। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लुटेरों ने विरोध करने पर बैंक कर्मी के साथ मारपीट भी की, जिससे वह जख्मी हो गया। पीड़ित बैंककर्मी की पहचान अंबा स्थित बंधन बैंक के अनिल कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह क्षेत्र की कई महिला समूहों से पैसे वसूल कर छकनबाग के चांद समूह से राशि कलेक्ट करने गए थे। सभी सदस्यों ने पैसा जमा किया, लेकिन एक महिला ने पैसा नहीं दिया। उसी महिला से पैसे लेने के बाद वह लौट रहे थे कि इसी दौरान पीछे से ब्लू रंग की अपाची बाइक पर सवार तीन हथियारबंद युवक पहुंचे और बैग छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट की और बैग छीनकर फरार हो गए। बैंक कर्मी के अनुसार तीनों बदमाशों ने चेहरे पर काले कपड़े से नकाब पहन रखा था और उनमें से दो के पास पिस्टल था। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए नेशनल हाईवे-139 की ओर भाग निकले। घटना की सूचना पर कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम और अंबा थाना के एसआई राजा कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित से पूछताछ की। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। लुटेरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए महिला मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), सुपरवाइजर एवं ए.ई.आर.ओ. की एक महत्वपूर्ण बैठक ओबरा के प्रखंड सभागार में दाउदनगर के डी.सी.एल.आर. की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान यह निर्देश दिया गया कि प्रत्येक बीएलओ. अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सघन अभियान चलाकर अधिक से अधिक नए मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं और प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि मतदाता सूची में पंजीकरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही कोचिंग संस्थानों, महाविद्यालयों, विद्यालयों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह सके। डी.सी.एल.आर. ने यह भी कहा कि महिला मतदाताओं की भागीदारी लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतः प्रत्येक बीएलओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि क्षेत्र की सभी पात्र महिलाएं अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। साथ ही, नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## लंपी बीमारी से बचाव हेतु अहियापुर में लगा पशु चिकित्सा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। प्रखंड के अहियापुर पंचायत भवन परिसर में बुधवार को पशुपालन विभाग की ओर से विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुओं, विशेषकर गायों में तेजी से फैल रही लंपी स्किन डिजीज के संक्रमण पर रोकथाम करना था। शिविर का नेतृत्व भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने किया। उनके साथ डॉ. अक्षय कुमार, गया से आए कर्मी अमरनाथ यादव, महेंद्र कुमार और सुनील कुमार ने सहयोग किया। इस दौरान प्रखंड के दर्जनों गांवों से पहुंचे पशुपालकों को लंपी बीमारी से बचाव के उपाय बताए गए और दर्जनों पशुओं का टीकाकरण किया गया। डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि लंपी एक संक्रामक रोग है, जो मुख्यतः गायों को प्रभावित करता है। यह बीमारी मच्छरों एवं मक्खियों के जरिए तेजी से फैलती है। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि पशुओं के बाड़े में साफ-सफाई रखें, समय-समय पर डिटॉल और फिनाइल का छिड़काव करें और पशुओं को मच्छरों से बचाने के उपाय अपनाएं।

# गोह प्रखंड के दधपी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दधपी में बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार, मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल यादव, समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा, आत्मा अध्यक्ष विनय पटेल, डॉ. सुमन कुमार और एएनएम पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल यादव ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र शुरू हो जाने से ग्रामीणों को अब इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि ग्रामीण समय पर लाभ उठा सकें। साथ ही उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए चयनित स्थल पर नए भवन के निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। गोह पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर कुमार ने बताया कि इस केंद्र पर सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों का नियमित टीकाकरण, दवा वितरण, जांच और परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आत्मा अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि यहां सभी आवश्यक दवाएं, टीके और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## पक्की सड़क नहीं रहने से आवागमन में परेशानी, ग्रामीणों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। नबीनगर प्रखंड के ठेंगो पंचायत अंतर्गत गोशलडीह गांव में आज तक पक्की सड़क नहीं बनी है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। खासकर बरसात के दिनों में आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। ग्रामीण किसी तरह कीचड़ भरे रास्ते से होकर मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन उन्हें अब तक निराशा ही हाथ लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता गांव में सड़क और स्कूल बनवाने का आश्वासन देते है, लेकिन इसके बाद भूल जाते हैं। ग्रामीण ललन यादव, निरंजन सिंह, सुरेश यादव, प्रिंस यादव, राजकिशोर यादव, कमलेश यादव व गुड्डू यादव ने बताया कि उनका गांव बिहार झारखंड के सीमावर्ती इलाके में स्थित है। गांव में स्कूल नहीं होने के कारण बच्चे कीचड़ भरे रास्ते से होते हुए पढ़ाई करने झारखंड स्थित गांव में जाते है जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानी होती है। गांव की आबादी लगभग 1200 है।

# एससी-एसटी उद्यमी योजना के लाभार्थियों की बैठक, ऋण माफी की उठी मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के कासमा रोड स्थित एक निजी भवन में रविवार को एससी-एसटी उद्यमी योजना 2018 के लाभार्थियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार ने की, जबकि संचालन अविनाश कुमार उर्फ टुटू ने किया। बैठक में लाभार्थियों ने बताया कि योजना के तहत सरकार द्वारा उन्हें व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण अधिकांश उद्योग बंद हो गए, जिससे वे गहरे आर्थिक संकट में फंस गए। संतोष कुमार ने कहा कि महामारी के बाद से अब तक उद्यमियों की स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। कई लाभार्थियों पर बैंक का बकाया बढ़ता जा रहा है, जबकि व्यवसाय से आमदनी न के बराबर है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार मदद नहीं करती तो ये उद्यम पूरी तरह डूब जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी लाभार्थी मुख्यमंत्री एवं उद्योग विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर ऋण माफी की अपील करेंगे। उद्यमियों का कहना है कि यह कदम उनके व्यवसाय को दोबारा खड़ा करने में सहायक होगा। बैठक में धर्मेंद्र कुमार, अर्जुन राम, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, सुनील कुमार दीप, रमेश कुमार, श्रवण कुमार, अखिलेश कुमार, सदानंद कुमार, सूरज कुमार, राजेश कुमार, सतपाल कुमार, दयानंद कुमार, शनि कुमार और सुभाष कुमार सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

# हसपुरा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के सोनहथु पंचायत के तिलकपुरा, रामपुर कैथी सहित कई गांवों में राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी की ओर से जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और अपनी स्थानीय समस्याओं को पार्टी नेताओं के समक्ष रखा। रामपुर कैथी के ग्रामीणों ने चहका एवं सड़क निर्माण की मांग उठाई, जबकि तिलकपुरा गांव के लोगों ने नाली निर्माण की आवश्यकता बताई। मौके पर उपस्थित पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने ग्रामीणों की बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सब अपना आशीर्वाद दें, आपके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। डा. रणविजय ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा मिलकर बिहार के विकास को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मिशन 225 के तहत फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी को बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए वरदान बताया। साथ ही, घरेलू बिजली बिल में 125 यूनिट माफी को जनहित का बड़ा निर्णय कहा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रवासी भाई-बहनों की सुविधा के लिए आगामी 1 सितंबर से त्योहारों के दौरान बसों में किराए में छूट दी गई है। जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग देखने को मिला।

# एक सौ से अधिक रैयतों से प्राप्त किया गया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। प्रखंड क्षेत्र के खिरियावां पंचायत के मानव घाट में बुधवार को राजस्व महा अभियान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक रैयतों से आवेदन प्राप्त किए गए। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि जमीन दस्तावेजों में जमाबंदी प्रपत्र एवं अन्य त्रुटियों का निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया जिसमें रैयतों का नाम, खाता, खेसरा, रकबा सहित लगान में त्रुटियों की सुधार कराने, मृत्यु के उपरांत उत्तराधिकारियों के नाम से वंशावली के आधार पर जमाबंदी कराने, संयुक्त जमाबंदी का आपसी सहमति, रजिस्ट्र्ड या न्यायालय द्वारा बंटवारे के आधार पर हिस्सेदारों के नाम से अलग-अलग जमाबंदी करवाने, छुटी हुई ऑफलाइन जमाबंदी को आनलाइन कराने से संबंधित दस्तावेजों को जमा कराने का कार्य किया गया। शिविर में सीओ मो. अकबर हुसैन, राजस्व कर्मचारी रामाशंकर कुमार, प्रभात रंजन, डाटा आपरेटर शंकर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, अशोक कुमार चौधरी, सरिता कुमारी, उदय कुमार शिकारी, कमलेश कुमार, सगुफ्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# जाखिम स्टेशन के समीप पुल निर्माण की मांग, ग्रामीणों ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड के जाखिम स्टेशन क्षेत्र में रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), एडीआरएम और एडीएनएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता और बौर पंचायत के मुखिया विनय प्रसाद उर्फ मिठू शामिल थे। उन्होंने बताया कि बौर और कोटवारा पंचायत के अंतर्गत पड़रिया, सकीरगंज, दनई प्रवबीघा, गोरख बीघा, मुजारी, मुंजड़ी, सथुआ गांधार, सिंघी, बेरी समेत लगभग 15 गांवों की आबादी इस मार्ग पर निर्भर है। स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी इन ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे पड़रिया से जाखिम रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए गैरमंजूरवा आम जमीन वाले रास्ते का उपयोग करते रहे हैं। लेकिन अब रेलवे द्वारा चौड़ीकरण के नाम पर भूमि अधिग्रहण और घेराबंदी कर इस रास्ते को अवरुद्ध किया जा रहा है। यदि यह मार्ग बंद हो गया तो प्रभावित गांवों के लोगों को स्टेशन sपहुंचने के लिए 12 किलोमीटर से अधिक का चक्कर लगाना पड़ेगा, जबकि मौजूदा दूरी महज 1 किलोमीटर है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि रास्ता बंद होने से शिक्षा, कृषि, चिकित्सा और रोजगार के अवसर गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। उन्होंने मांग की कि तत्काल रोड ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज का निर्माण कराया जाए ताकि हजारों लोगों को सुविधा मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत कुशवाहा, सचिन यादव, सत्येंद्र शर्मा, रंजीत शर्मा, मनोज यादव, सिकेंद्र महतो, रणवीर कुशवाहा, प्रिरंजन कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, एसपी कुशवाहा, बबन कुशवाहा, संजय कुशवाहा, धनंजय कुशवाहा, मोहन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269